# देशबन्धु

जबलपुर, शनिवार 22 नवम्बर 2025 । वर्ष –70 । अंक –08 पृष्ठ –12 मूल्य – 3.00 रु.

■ सिर्फ संत नहीं... ■ बिहार चुनाव : सवाल... 04
■ जापान ने पहली बार अमेरिका को भेजी... ■ भारत पहुंचे खलीलुर रहमान, एनएसए की... 09
■ क्रिप्टो मार्केट में हाहाकार! 24 घंटे में... ■ डॉलरके मुकाबले रुपया पहली बार... 11
■ भारत-साउथ अफ्रीका... ■ सुपर ओवर में भारत... 10

सार संक्षेप



## मैक्सिको की फातिमा बॉश बनी मिस यूनिवर्स

**नई दिल्ली, (एजेंसियां)।** मिस यूनिवर्स का खिताब पाना हर किसी का सपना होता है और इस बार साल 2025 में 130 देशों की प्रतियोगिओं को पीछे छोड़कर मैक्सिको की फातिमा बॉश के सिर मिस यूनिवर्स का ताज सजा है। विवादों में रहने के बाद भी 25 साल की फातिमा बॉश को खिताब मिला। उन्हें मिस थाइलैंड के निदेशक नवात इत्साराग्रिसिल ने बीच शो में तीखी डांट लगाई थी और शो के बाकी कंटेस्टेंट ने भी विरोध किया था, लेकिन विरोध के बीच भी फातिमा बॉश ने इतिहास रच दिया। 74वीं मिस यूनिवर्स प्रतियोगिता के फाइनल में सभी देशों की अलग-अलग ब्यूटी क्वीन्स गाउन पहनकर स्टेज पर आई। प्रतियोगिता में फर्स्ट रनरअप थाईलैंड की प्रवीणर सिंह, सेकेंड रनरअप मिस वेनेजुएला और थर्ड रनरअप मिस फिलीपींस रहीं।

## आग से घर में जहरीला धुआं भरा, पति-पत्नी और 2 बेटों की मौत

**अहमदाबाद।** गुजरात के गोधरा में गुरुवार देर रात घर में लगी आग के धुएं से दम घुटकर एक परिवार के चार सदस्यों की मौत हो गई। परिवार के बड़े बेटे की आज सगाई होनी थी। रात को पूरी तैयारियां की गईं। सुबह उन्हें वापी निकलना था, लेकिन आग लगने से उठे जहरीले धुएं ने उनकी जान ले ली। मृतकों में कमलभाई दोशी (50), उनकी पत्नी देवलबेन (45), बड़ा बेटा देव (24) और छोटा बेटा राज (22) शामिल हैं।




**चूहा-सुनती हो**-2025 तक देश में टीबी रोग खत्म होने की बजाए उसके डेढ़ गुना मरीज बढ़ गए।
**चुहिया- हां प्रिये**- जब योजनाओं और लक्ष्य पर लापरवाही-भ्रष्टाचार का घुन लग जाए तो यही होता है।

## दुबई एयर-शो में बड़ा हादसा





# भारतीय फाइटर जेट तेजस हुआ क्रैश

**दुबई, नई दिल्ली, देशबन्धु।** दुबई के एयर शो में जो भारतीय फाईटर जेट तेजस पिछले चार दिनों से हैरतअंगेज प्रदर्शन कर रहे थे, उनमें से एक विमान शुक्रवार को करतब दिखाने के दौरान क्रैश हो गया और दर्शकों में हाहाकार मच गया।

हादसे में पायलट की मौत हो गई। वहीं भारत सरकार ने इसे प्रथम दृष्टया दुर्घटना बताते हुए जांच के आदेश दे दिए हैं। उल्लेखनीय है कि इस एयर शो में तेजस की तीन पीढ़ियां अपने कारनामें दिखा रही थीं। उधर यह खबर भी है कि एक दिन पहले तेजस से ईंधन के रिसाव की खबरें चली थीं लेकिन रक्षा मंत्रालय ने उन्हें झूठा बताते हुए तकनीकी खराबी से इनकार कर दिया था।

### पायलट की मौत
- जांच के आदेश
- एक दिन पहले तेजस से ईंधन रिसाव की खबरों से रक्षा मंत्रालय ने किया था इनकार

वायु सेना ने बयान जारी कर बताया कि इस हादसे में पायलट की भी मौत हो गई है। स्थानीय समय अनुसार दोपहर 2.10 बजे तेजस एम के-1 प्रदर्शन के दौरान डेमो उड़ान भर रहा था, तभी अचानक विमान अनियंत्रित हो गया और नीचे गिर कर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। विमान के जमीन से टकराते ही जोरदार धमाका हुआ और कुछ ही पलों में काले धुएं का गुबार हवा में फैल गया। बड़ी संख्या में लोग दुबई एयर शो देखने आए थे। इनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल थे।

भीड़ ने विमान को नीचे गिरते देखा और फिर अचानक उठते धुएं के कारण अफरा-तफरी का माहौल बन गया। दुबई की स्थानीय मीडिया के मुताबिक प्रत्यक्षदर्शी के अनुसार, हादसे के तुरंत बाद हेलिकॉप्टर्स और फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंच गए और आग पर काबू पाया गया। करीब 45 मिनट में पूरे घटनाक्रम को संभाल लिया गया। घटनास्थल को सील कर दिया गया।

# देश में आज से लागू चार नए श्रम कानून लागू

## फ्री हेल्थ चेकअप, सोशल सिक्योरिटी और ग्रैच्युटी, जॉब लेटर की गारंटी

*__नई दिल्ली, देशबन्धु।__ केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने आज (शुक्रवार, 21 नवंबर को) एक ऐतिहासिक फैसला लेते हुए चार श्रम संहिताओं (कानूनों) को तत्काल प्रभाव से लागू करने की घोषणा की है।*

*इनके जरिये 29 मौजूदा श्रम कानूनों को तर्कसंगत बनाया गया है। ये चार श्रम संहिताएं हैं- वेतन संहिता, 2019, औद्योगिक संबंध संहिता, 2020, सामाजिक सुरक्षा संहिता, 2020 तथा व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं कार्य दशाएं संहिता, 2020।*



**श्रम सुधारों को गति मिलेगी-** केंद्रीय श्रम मंत्री मनसुख मांडविया ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, चारों श्रम संहिताओं को अधिसूचित कर दिया गया है और अब ये देश का कानून हैं। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि श्रम नियमन को आधुनिक बनाकर, श्रमिकों के कल्याण को बढ़ाकर तथा श्रम परिवेश को बदलते कार्य जगत के साथ जोड़कर यह कदम भविष्य के लिए तैयार कार्यबल और मजबूत उद्योगों की नींव रखता है। बयान में कहा गया कि इससे आत्मनिर्भर भारत के लिए श्रम सुधारों को गति मिलेगी।

मंत्रालय ने कहा कि भारत के कई श्रम कानून आजादी से पहले और आजादी के शुरुआती दौर (1930 से 1950 के दशक तक) में बनाए गए थे। उस समय अर्थव्यवस्था और कार्य जगत बहुत अलग थे। बयान में आगे कहा गया कि अधिकांश बड़ी अर्थव्यवस्थाओं ने हाल के दशकों में अपने श्रम नियमन को समय के अनुसार बदला है, लेकिन भारत 29 केंद्रीय श्रम कानूनों में बिखरे हुए खंडित, जटिल और पुराने प्रावधानों के साथ काम रहा था। **सोशल सिक्योरिटी की गारंटी**-सरकार का दावा है कि ये सिर्फ कानूनी अपडेट नहीं, बल्कि भारत के 40 करोड़ से ज्यादा कामगारों के जीवन में एक ऐतिहासिक क्रांति है। नई श्रम संहिताएं श्रमिकों को ग्रैच्युटी,जॉब लेटर,समय पर न्यूनतम वेतन की गारंटी देती हैं। इसके अलावा श्रमिकों को सोशल सिक्योरिटी और फ्री हेल्थ चेकअप की भी गारंटी देती है।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्वीट कर इसकी जानकारी दी है। उन्होंने इसे आजादी के बाद का सबसे बड़ा श्रम कानून सुधार कहा है। उन्होंने लिखा है, श्रमेव जयते! आज, हमारी सरकार ने चार लेबर कोड लागू कर दिए हैं। यह आज़ादी के बाद से सबसे बड़े और आगे बढ़ने वाले लेबर-ओरिएंटेड सुधारों में से एक है। यह हमारे वर्कर्स को बहुत मज़बूत बनाता है। यह कम्प्लायंस को भी काफी आसान बनाता है और 'ईज़ ऑफ़ डूइंग बिज़नेस' को बढ़ावा देता है।

## झारखंड और बंगाल में ईडी की कार्रवाई

# कोयला माफिया से जुड़े 40 ठिकानों पर एक साथ छापेमारी

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** प्रवर्तन निदेशालय ने शुक्रवार को झारखंड और पश्चिम बंगाल में कोयला माफिया के खिलाफ धनशोधन मामले के तहत बड़े पैमाने पर छापेमारी की। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि करीब 100 अधिकारियों और एजेंसी के कर्मचारियों ने सुबह छह बजे से छापेमारी शुरू की।

इस दौरान 40 से अधिक परिसरों को कवर किया जा रहा है। केंद्रीय सुरक्षा बलों ने ईडी की टीमों को सुरक्षा प्रदान की, जिन्होंने घरों और कार्यालयों के अलावा टोल कलेक्शन बूथ और चेक पोस्ट पर भी तलाशी ली। उन्होंने बताया कि यह कार्रवाई धनशोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत की जा रही है। ईडी की टीमों ने कुछ स्थानों से नकद और सोने के आभूषण भी जब्त किए।

### कागजात और सोने-चांदी के जेवर बरामद

झारखंड में कोयला चोरी और तस्करी से जुड़ी जांच के तहत लगभग 18 स्थानों पर कार्रवाई की जा रही है। सूत्रों के अनुसार, अनिल गोयल, संजय उद्योग, एलबी सिंह और अमर मंडल से जुड़े ठिकानों को कवर किया जा रहा है। अधिकारियों ने बताया कि इन मामलों में कोयले की चोरी और हेराफेरी शामिल है, जिससे सरकार को सैकड़ों करोड़ रुपये का भारी नुकसान हुआ है।

### गुरुग्राम में 108 करोड़ का भूखंड कुर्क

उधर, ईडी के गुरुग्राम क्षेत्रीय कार्यालय ने वाटिका लिमिटेड से जुड़े निवेशक मामले में पीएमएलए के प्रावधानों के तहत 1.35 करोड़ के एक वाणिज्यिक भूखंड को अस्थायी रूप से कुर्क किया है, जिसका अनुमानित मूल्य 108 करोड़ रुपये है।

## महाराष्ट्र : 500 फीट गहरी खाई में गिरी थार, 6 युवकों की मौत

**रायगढ़।** महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले में स्थित ताम्हिणी घाट से एक दिल दहला देने वाली दुर्घटना सामने आई है, जहां एक थार जीप 500 फीट गहरी खाई में गिर गई। हादसे में छह युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। यह दुर्घटना मंगलवार सुबह हुई, लेकिन इसकी सूचना पुलिस को दो दिन बाद मिली।

यह भयावह हादसा 18 नवंबर की सुबह हुआ, लेकिन पुलिस को इसकी जानकारी 20 नवंबर को मिली। सभी मृतक 18 से 22 वर्ष की आयु के थे और सोमवार देर शाम पुणे से कोंकण की ओर रवाना हुए थे। परिवारों ने लगातार संपर्क टूटने पर पुलिस को सूचना दी। सड़क की दुर्गम स्थिति और मोबाइल नेटवर्क की कमी के कारण हादसे का पता लगाने में देरी हुई। मोबाइल लोकेशन ट्रेस होने के बाद पुलिस ने गुरुवार सुबह बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान शुरू किया। सड़क के एक मोड़ पर टूटी सेफ्टी रेलिंग देखने के बाद शक पुख्ता हुआ।

# म.प्र. उद्योगों के लिए पसंदीदा राज्य : मुख्यमंत्री

## डॉ. यादव ने किया तीन दिवसीय फेड एक्सपो-2025 का शुभारंभ

*__भोपाल, देशबन्धु।__ मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश उद्योगों के लिए तेजी से उभरता हुआ पसंदीदा राज्य बन रहा है। फेड एक्सपो जैसे आयोजन स्थानीय उद्योगों और स्टार्ट-अप्स को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंच से जोड़ने में बड़ी अहम भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे एक्स्पो उद्योग-धंधों, नवाचार और एमएसएमई सेक्टर के विकास के लिए एक बड़ा मंच साबित होते हैं।*

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को गोविन्दपुरा में आयोजित फेड एक्सपो-2025 समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार उद्योगों को बढ़ावा देने, एमएसएमई सेक्टर को अधिकतम सुविधाएं उपलब्ध कराने और ज्यादा से ज्यादा युवाओं को रोजगार के नए अवसर देने के लिए प्रतिबद्ध है।*




मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गोविन्दपुरा इंडस्ट्रियल एरिया के एग्जिबिशन हॉल में फेडरेशन ऑफ मध्यप्रदेश चेम्बर्स आफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज द्वारा आयोजित तीन दिवसीय फेड एक्सपो-2025 का दीप प्रज्वलन कर विधिवत् शुभारंभ किया।

यह एक्सपो 23 नवम्बर तक चलेगा। एक्सपो में मध्यप्रदेश सहित देश-विदेश से आए उद्योग एवं एक्सपोर्ट सेक्टर से जुड़े उद्यमियों, निवेशकों और संस्थानों ने व्यापक रूप से भागीदारी की। एक्सपो में रूस, ओमान और ताईवान देशों से भी उद्यमी आए हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इपिक प्रोजेक्ट का विमोचन किया। इससे स्व-सहायता समूह, स्कूल, कॉलेज, ग्राम पंचायतें, शासकीय कार्यालय सभी एक प्लेटफार्म से जुड़ेंगे। इस प्रोजेक्ट के अंतर्गत प्रदेश में 1000 इन्क्यूबेशन सेंटर स्थापित किए जाएंगे। जहां हर क्षेत्र के स्टार्टअप्स को हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी। इपिक प्रोजेक्ट के अंतर्गत 10 लाख रोजगार के अवसर सृजित करने का लक्ष्य रखा गया है। फेडरेशन ऑफ मध्यप्रदेश चेम्बर्स ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष दीपक शर्मा ने कहा कि दुनिया में बदलती वैश्विक परिस्थितियों के बीच यह एक्सपो नया मंच प्रदान करेगा। आज यहां रूस, ओमान और ताइवान से चेंबर्स के प्रतिनिधि विभिन्न उत्पादों के खरीदार के रूप में भी शामिल हुए। फेडरेशन के संयुक्त अध्यक्ष अखिलेश राठी, रूस के स्मोलेन्स्क शहर की स्मोलेन्स्क चैम्बर ऑफ कमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष अर्किपेंकोव व्लादिमीर ने संबोधित किया।

- इंडस्ट्री, नवाचार और एमएसएमई सेक्टर के लिए एक्सपो बड़ा मंच
- दो लाख करोड़ की औद्योगिक इकाइयों के भूमिपूजन के लिए केंद्रीय गृहमंत्री को दिया आमंत्रण
- देश-विदेश के उद्यमी हुए शामिल








## आरटीआई से खुली हेल्थ मिशन की पोल

# 2025 तक देश से खत्म होना था टीबी लेकिन डेढ़ गुना बढ़े मरीज

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** सरकार का टीबी उन्मूलन लक्ष्य दम तोड़ता दिख रहा है। केंद्र सरकार ने वर्ष 2025 तक तपेदिक को देश से खत्म करने का लक्ष्य रखा था। चालू वर्ष के बीतने में बस एक माह शेष है, लेकिन हालात यह हैं कि टीबी के मरीज बढ़ गए हैं। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, देश में पिछले पांच वर्षों में तपेदिक रोगियों की संख्या में डेढ़ गुना वृद्धि दर्ज की गई है।

वर्ष 2020 में जहां टीबी रोगियों की संख्या 18,05,670 थी, वहीं 2024 में इस संक्रामक रोग से प्रभावित मरीजों की संख्या बढ़कर 26,17,923 हो गई। राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम (एनटीईपी) के तहत भारत ने वर्ष 2025 तक टीबी उन्मूलन का लक्ष्य रखा है, जो दुनिया के सबसे महत्वाकांक्षी स्वास्थ्य मिशनों में से एक माना जाता है। सूचना के अधिकार (आरटीआई) के तहत दायर एक आवेदन के जवाब में भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के केंद्रीय क्षय रोग प्रभाग ने यह



जानकारी उपलब्ध कराई है। टीबी एक संक्रामक बीमारी है, जो 'माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरकुलोसिस' नामक बैक्टीरिया के कारण होती है।

यह रोग मुख्य रूप से रोगी के फेफड़ों को प्रभावित करता है, लेकिन शरीर के अन्य अंग जैसे गुर्दे, मस्तिष्क और रीढ़ की हड्डी भी इसकी चपेट में आ सकते हैं। केंद्रीय क्षय रोग प्रभाग से मिली जानकारी के मुताबिक, इस साल अक्टूबर तक टीबी के कुल मामलों की संख्या 20,77,591 तक पहुंच चुकी है।

आरटीआई के मुताबिक, 2020 में 18,05,670, 2021 में 21,35,830, 2022 में 24,22,121, 2023 में 25,52,257 और 2024 में 26,17,923 मामले सामने आए। ये आंकड़े टीबी के मामलों में लगातार बढ़ोतरी के परिचायक हैं। प्रति एक लाख आबादी पर टीबी के मामलों की दर 2020 में 131, 2021 में 153, 2022 में 172, 2023 में 179, 2024 में 183 और 2025 में 195 तक पहुंच गई। आरटीआई के तहत मिली जानकारी के मुताबिक, उत्तर प्रदेश टीबी से सबसे अधिक प्रभावित राज्य है, जहां जून 2025 तक 3,83,987 मामले दर्ज किए जा चुके हैं। जबकि 2024 में 6,81,779, 2023 में 6,32,872, 2022 में 5,22,850, 2021 में 4,53,712 और 2020 में 3,66,641 मामले सामने आए थे। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में जून 2025 तक 62,342

➤➤शेष पृष्ठ 2 पर



डाक पंजीयन क्रमांक एसएसपी जबलपुर/04/2024-2025

# देश-विदेश

## भारत-ऑस्ट्रेलिया रिश्तों में नई उड़ान, बड़े सहयोग की तैयारी

**नई दिल्ली।** भारत में ऑस्ट्रेलिया के उच्चायुक्त फिलिप ग्रीन ने आने वाले वर्षों में भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बढ़ने वाले खेल, व्यापार, खनिज और रणनीतिक सहयोग पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि आने वाले वर्षों में भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेल, व्यापार, खनिज, सुरक्षा और रणनीतिक सहयोग कई गुना बढ़ने वाला है। ग्रीन ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया 2032 के ओलंपिक (ब्रिस्बेन) की मेजबानी करेगा और संभावना है कि भारत भी 2030 कॉमनवेल्थ गेम्स की मेजबानी करेगा। ऐसे में दोनों देशों के बीच खेल क्षेत्र में बड़े सहयोग के अवसर हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि खेल अब बड़ा बिजनेस है और ऑस्ट्रेलिया भारत के साथ मिलकर काम करना चाहता है।

## निविदा/नियुक्ति/जाहिरात

In The Court of XVIII, Civil Judge Class-I, District Court, Jabalpur
presiding Officer: पंकज सविता
आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम सक्सेशन प्रकरण क्रं.
**(MJC SUC/ 0000140/2025)**
रेहाना खान............आवेदक
Vs
ललिता कदम .....अनावेदक
**Process Id**-/2025
पेशी दि.:-22/12/2025

प्रेषिती-
(1) आम जनता पता- जबलपुर म.प्र.
(2) आम जनता

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक रेहाना खान पता ने मृतक स्व. श्री द्वारका प्रसाद कदम निवासी- अधारताल, जबलपुर (म.प्र.) की भारतीय स्टेट बैंक शाखा गढ़ा खाता क्रं. 33057940068 में 5,00,000/- रूपये राशि/संपत्ति हेतु उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक / संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 22 दिसम्बर 2025 को नियत है। यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/ संरक्षक होने सम्बंधी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 22 दिसम्बर 2025 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें। सूचना उपरांत यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवाई एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा। यह आज तारीख 21 नवम्बर 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।
न्यायालय की मुद्रा
टिप्पणी- प्रकाशन एवं उपस्थिति हेतु नोटिस के साथ आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम की छायाप्रति संलग्न
कृपया ध्यान दें- यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

**(पंकज सविता)**
**अठारहवां व्यवहार न्यायाधीश (वरिष्ठ खण्ड)**
**जबलपुर (म.प्र.)**
र.नं. 2659

In The Court of XXVII Civil Judge Class-I, District Court, Jabalpur
Presiding Officer: श्वेता खरे
आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम सक्सेशन प्रकरण क्रमांक
**(MJC SUC/ 0000128/ 2025)**
मनीष कुमार जैन .............आवेदक
Vs
आम जनता .... अनावेदक
**Process Id-2025**
पेशी दिनांक 08/01/2026

प्रेषिती
(1) आम जनता पता- जबलपुर मध्यप्रदेश
(2) आम जनता

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक मनीष कुमार जैन पता- एफ-9 हाथीताल कालोनी पोस्ट आफिस के पास जबलपुर (म.प्र.) ने मृतक स्व. राजकुमार जैन निवासी एफ-9 हाथीताल कालोनी जबलपुर (म.प्र.) की रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड चेम्बर थर्ड फ्लोर IV 222 नरीमन पाइंट मुंबई में जमा संपूर्ण शेयर राशि राशि/संपत्ति हेतु उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/ संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 08 जनवरी 2026 को नियत है। यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/ संरक्षक होने संबंधी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 08 जनवरी 2026 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें। सूचना उपरांत यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा। यह आज तारीख 14 नवम्बर 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।
न्यायालय की मुद्रा
टिप्पणी- उपस्थिति एवं प्रकाशन नोटिस के साथ आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम 1925
कृपया ध्यान दें- यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

**(श्वेता खरे)**
**सत्ताईवें व्यवहार न्यायाधीश**
**(वरिष्ठ खण्ड) जबलपुर (म.प्र)**
कृति

### बिहार सरकार में मंत्रियों के विभागों का बंटवारा

# भाजपा के सम्राट चौधरी को मिला गृह विभाग

## मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पहली बार छोड़ा गृह विभाग

**पटना, देशबन्धु।** बिहार में दसवीं बार मुख्यमंत्री बने नीतीश कुमार ने शुक्रवार को मंत्रियों के बीच विभागों का बंटवारा करते हुए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेता सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा को उप मुख्यमंत्री का दर्जा दिया है। मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार, मुख्यमंत्री श्री कुमार ने सामान्य प्रशासन, मंत्रिमंडल सचिवालय, निगरानी, निर्वाचन और ऐसे सभी विभाग जो किसी को आवंटित नहीं है, अपने पास रखे हैं।

श्री कुमार ने भाजपा नेता सम्राट चौधरी को गृह विभाग की जिम्मेवारी दी है। काफी लंबे समय से यह विभाग मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पास था। श्री कुमार ने भाजपा नेता विजय कुमार सिन्हा को राजस्व एवं भूमि सुधार तथा खान एवं भूतत्व विभाग की जिम्मेदारी दी है। मुख्यमंत्री ने जनता दल यूनाईटेड (जदयू) नेता विजय कुमार चौधरी को जल संसाधन, योजना एवं विकास, मध निषेध, उत्पाद, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, वित्त और वाणिज्य कर की जिम्मेवारी दी है। वित्त विभाग पूर्व में सम्राट चौधरी के पास था। जनता दल यूनाईटेड (जदयू) नेता श्रवण कुमार को ग्रामीण विकास और परिवहन विभाग की जिम्मेवारी दी गई है। इसी तरह भाजपा नेता मंगल पांडेय को स्वास्थ्य और विधि विभाग की जिम्मेवारी दी गई है। श्री पांडेय के पास पहले भी यही विभाग था। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डा. दिलीप जायसवाल को उधोग विभाग की जिम्मेवारी दी गई है। ज्यादातर बड़े विभागों की जिम्मेदारी भाजपा नेताओं को दी गई है।

- दिलीप जायसवाल को उधोग विभाग मिला
- विजय कुमार चौधरी को मिला वित्त विभाग
- ज्यादातर बड़े विभाग भाजपा नेताओं के पास

**अशोक चौधरी को ग्रामीण कार्य विभाग**-जदयू नेता अशोक चौधरी को पहले की तरह इस बार भी ग्रामीण कार्य विभाग का जिम्मा सौंपा गया है। इसी तरह जदयू नेता लेसी सिंह को भी पिछले कैबिनेट की तरह खाद्य उपभोक्ता एवं संरक्षण विभाग की जिम्मेदारी दी गयी है। भाजपा नेता नितिन नवीन को पथ निर्माण एवं नगर विकास तथा आवास, जदयू नेता मदन सहनी को समाज कल्याण विभाग, भाजपा नेता और पूर्व केन्द्रीय मंत्री राम कृपाल यादव को कृषि, केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी के पुत्र और हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (हम) नेता संतोष कुमार सुमन को लघु एवं जल संसाधन, जदयू नेता सुनील कुमार को शिक्षा तथा विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग की जिम्मेवारी सौंपी गयी है। जदयू नेता मोहम्मद जमा खान को अल्पसंख्यक कल्याण विभाग सौंपा गया है।

इसी तरह भाजपा के कोटे से संजय सिंह टाइगर को श्रम संसाधन, अरूण शंकर प्रसाद को पर्यटन और कला संस्कृति तथा युवा विभाग, सुरेन्द्र मेहता को पशु एवं मत्सय संसाधन, नारायण प्रसाद को आपदा प्रबंधन विभाग, पूर्व सांसद अजय निषाद की पत्नी रमा निषाद को पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा कल्याण विभाग, लखेन्द्र कुमार रौशन को अनुसूचित जाति एवं अनूसचित जनजाति कल्याण विभाग, पूर्व केन्द्रीय मंत्री दिवंगत दिग्विजय सिंह की पुत्री श्रेयसी सिंह को सूचना प्रावैधिकी एवं खेल विभाग, डा. प्रमोद कुमार को सहकारिता, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग की जिम्मेवारी दी गयी है।

**दीपक प्रकाश को पंचायती राज का जिम्मा**-इसी तरह लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) नेता संजय कुमार को गन्ना उद्योग और संजय कुमार सिंह को लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग का जिम्मेदारी दी गई है, वहीं राष्ट्रीय लोक मोर्चा (रालोमो) के नेता दीपक प्रकाश को पंचायती राज मंत्रालय का जिम्मा सौंपा गया है।

# एसआईआर पर सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग से जवाब मांगा

**नई दिल्ली, (एजेंसियां)।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के खिलाफ दायर केरल सरकार की याचिका पर चुनाव आयोग से जवाब मांगा है। केरल और अन्य की याचिकाओं में केरल में एसआईआर कराने के चुनाव आयोग के फैसले को चुनौती दी गई है। जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली बेंच ने मामले की सुनवाई 26 नवंबर तय की है। केरल में दिसंबर के दूसरे सप्ताह में स्थानीय निकाय चुनाव होने वाले हैं। इसलिए राज्य सरकार ने वोटर लिस्ट के स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन को स्थगित करने की मांग वाली याचिका दायर की थी। याचिका में केरल सरकार ने कहा था कि कर्मचारियों की कमी के कारण चुनाव के साथ एसआईआर करवाने से दिक्कतें बढ़ रही हैं। जब संवैधानिक चुनाव चल रहे हों, तो बेकार में जल्दबाजी करके सत्यापन की

- 26 नवम्बर को होगी इस पर अगली सुनवाई

गुणवत्ता को कम करना, मताधिकार के लोकतांत्रिक अधिकार के खिलाफ है। केरल के अलावा तमिलनाडु और बंगाल भी एसआईआर के खिलाफ याचिका लगा चुके हैं। इंडियन मुस्लिम यूनियन लीग की याचिका भी सुप्रीम कोर्ट में हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक एसआईआर के खिलाफ अब तक 10 याचिकाएं लग चुकी हैं। उत्तर प्रदेश में चल रही इसी प्रक्रिया को कांग्रेस के बाराबंकी से सांसद तनुज पूनिया ने चुनौती दी है। उन्होंने अपनी याचिका में कहा कि एसआईआर प्रक्रिया मतदाता सूची को प्रभावित करने और चुनावी निष्पक्षता पर संदेह पैदा करने वाली है।


**बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda**
कटनी मुख्य शाखा, यातायात थाना के पास, बरही रोड, कटनी- 483501

**लॉकर धारकों के लिए सूचना**

एतद् द्वारा शाखा के निम्न लॉकर धारकों को सूचित किया जाता है कि उनके नाम के समक्ष लिखे गये दिनांक से लॉकर किराया जमा नहीं किया गया है। शाखा में उपलब्ध पते पर पंजीकृत डाक/स्वयं बैंक कर्मचारी से स्मरण पत्र भेजने के उपरांत भी बकाया किराया जमा नहीं किया गया है। लॉकर किराया अनुबंध के अनुसार किराया जमा नहीं करने पर नियमानुसार बैंक द्वारा लॉकर तुड़वा कर खोला जायेगा तथा उसमें रखी संपत्ति या उसके भाग को बेचकर बकाया राशि की वसूली की जावेगी।

अतः संबंधित लॉकर धारक इस सूचना के प्रकाशन दिनांक से 7 दिन के अन्दर बकाया लॉकर किराया जमा कराये अन्यथा बैंक संदर्भित लॉकर को दिनांक 28/11/2025 को या उसके बाद तोड़कर खोलने के लिए स्वतंत्र रहेगा। इस प्रक्रिया में होने वाला व्यय भी लॉकर धारक को वहन करना होगा।

**कटनी मुख्य शाखा, यातायात थाना के पास, बरही रोड, कटनी- 483501**

| लॉकर नं. | लॉकर धारक का नाम एवं पता | तारीख से बकाया | राशि |
|---|---|---|---|
| 1972AX0005 | श्री प्रकाश आहूजा, जय प्रकाश वार्ड, नई बस्ती, कटनी (म.प्र.)- 483501 | 18-07-2021 | 17200/- |

दिनांक: 22/11/2025 शाखा प्रबन्धक



**NARMADA GELATINES LIMITED**
Regd. Office : CARAVS, Room No 28, 15, Civil Lines, Jabalpur - 482001,
CIN : L24111MP1961PLC016023
Tel:0761-2830433, Fax :2830516
Email : ngljbp@rediffmail.com website:www.narmadagelatines.com

**पोस्टल बैलेट नोटिस और ई-वोटिंग जानकारी**

नर्मदा जिलेटिन लिमिटेड ("कंपनी") के सदस्यों को कंपनी अधिनियम, 2013 ("अधिनियम") की धारा 108 और 110 के प्रावधानों के साथ कंपनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियम, 2014 के नियम 20 और नियम 22, भारतीय कंपनी सचिव संस्थान द्वारा जारी सामान्य बैठकों पर सचिवीय मानक 2, भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 के नियम 44 जिसमें किसी भी वैधानिक संशोधन, स्पष्टीकरण, प्रतिस्थापन या पुनः अधिनियमन शामिल हैं, के अनुसार नोटिस दिया जाता है। भारत सरकार के कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय ("एमसीए") द्वारा सामान्य बैठकें आयोजित करने / दूरस्थ ई-वोटिंग के माध्यम से डाक मतपत्र प्रक्रिया आयोजित करने के लिए सामान्य परिपत्र संख्या 14/2020 दिनांक 8 अप्रैल, 2020 और 17/2020 के अनुसार दिनांक 13 अप्रैल, 2020 को संबंधित परिपत्रों के साथ पढ़ें, जिसमें सामान्य परिपत्र संख्या 03/2025 दिनांक 22 सितंबर, 2025 और किसी भी अन्य लागू कानून, नियम और विनियमन शामिल हैं, नीचे दिए गए विशेष प्रस्ताव को नर्मदा जिलेटिन्स लिमिटेड ("कंपनी") के सदस्यों द्वारा विचार के लिए प्रस्तावित किया गया है, ताकि कंपनी के सदस्यों की स्वीकृति प्राप्त की जा सके, जैसा कि नीचे दिए गए हैं और जैसा कि 19 नवंबर, 2025 के पोस्टल बैलेट नोटिस में निहित है, केवल इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से मतदान ("रिमोट ई-वोटिंग") द्वारा पोस्टल बैलेट के जरिए।

| रिज़ॉल्यूशन का विवरण | रिज़ॉल्यूशन का प्रकार |
|---|---|
| श्री कैलाशम कृष्णमूर्ति (DIN नंबर: 02797916) का 75 साल की उम्र के बाद कंपनी के नॉन-एग्जीक्यूटिव, इंडिपेंडेंट डायरेक्टर के तौर पर बने रहना | स्पेशल |

ऊपर बताए गए नियमों के मुताबिक, एक्सप्लेनेटरी स्टेटमेंट के साथ पोस्टल बैलेट नोटिस शुक्रवार 21 नवंबर, 2025 को उन मेंबर्स को ई-मेल किया गया है, जिनके नाम मेंबर्स के रजिस्टर/बेनिफिशियल ओनर्स की लिस्ट में थे और जिनकी ई-मेल आईडी कंपनी/रजिस्ट्रार और ट्रांसफर एजेंट के पास रजिस्टर्ड हैं, यानी; CB मैनेजमेंट सर्विसेज़ (P) लिमिटेड ("RTA")/डिपॉज़िटरीज़ जैसे नेशनल सिक्योरिटीज़ डिपॉजिटरी लिमिटेड ("NSDL") / सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज़ (इंडिया) लिमिटेड ("CDSL") शुक्रवार, 14 नवंबर, 2025 ("कट-ऑफ डेट") तक।

पोस्टल बैलेट नोटिस कंपनी की वेबसाइट www.narmadagelatines.com, स्टॉक एक्सचेंज यानी BSE लिमिटेड की वेबसाइट www.bseindia.com और सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड ("CDSL") की वेबसाइट https://www.evotingindia.com पर भी उपलब्ध होगा।

MCA सर्कुलर के नियमों के अनुसार, इस पोस्टल बैलेट के लिए सदस्यों को नोटिस की फिजिकल कॉपी, पोस्टल बैलेट फॉर्म और प्री-पेड बिजनेस रिप्लाई लिफाफा नहीं भेजा जाता है और सदस्य रिमोट ई-वोटिंग के ज़रिए वोट कर सकते हैं।

**रिमोटई-वोटिंग जानकारी**

कंपनी ने मेंबर्स को रिमोट ई-वोटिंग की सुविधा देने के लिए CDSL की सर्विस ली है, ताकि वे इलेक्ट्रॉनिक तरीके से और सुरक्षित तरीके से अपना वोट डाल सकें। रिमोट ई-वोटिंग से वोट डालने का पूरा प्रोसेस नोटिस में दिया गया है।

रिमोट ई-वोटिंग की सुविधा इस समय के दौरान उपलब्ध होगी:
रिमोट ई-वोटिंग शुरू होने की तारीख: : मंगलवार, 25 नवंबर, 2025 सुबह 9.00 बजे (IST)
रिमोट ई-वोटिंग खत्म होने की तारीख: : बुधवार, 24 दिसंबर, 2025 शाम 5.00 बजे (IST)

मेंबर्स से रिक्वेस्ट है कि वे बुधवार, 24 दिसंबर, 2025 को शाम 5.00 बजे (IST) तक रिमोट ई-वोटिंग प्रोसेस के ज़रिए अपनी मंजूरी (FOR) या असहमति (AGAINST) दर्ज करें। इसके तुरंत बाद CDSL रिमोट ई-वोटिंग को ब्लॉक कर देगा और बताई गई तारीख और समय के बाद इसकी इजाज़त नहीं देगा। इस समय के दौरान, कंपनी के वे मेंबर्स जिनके पास कट-ऑफ तारीख यानी शुक्रवार 14 नवंबर, 2025 को फिजिकल या इलेक्ट्रॉनिक रूप में शेयर हैं, वे अपना वोट इलेक्ट्रॉनिक तरीके से डालेंगे। मेंबर्स के वोटिंग राइट्स की गिनती कट ऑफ डेट पर उनके पास मौजूद कंपनी के इक्विटी शेयर्स के आधार पर की जाएगी। एक बार जब मेंबर रेज़ोल्यूशन पर वोट डाल देता है, तो मेंबर बाद में उसे बदल नहीं पाएगा। कोई भी व्यक्ति जो कट-ऑफ डेट पर मेंबर नहीं है, उसे पोस्टल बैलेट नोटिस को सिर्फ़ जानकारी के लिए लेना चाहिए।

जिन मेंबर्स ने अपने ई-मेल एड्रेस रजिस्टर नहीं किए हैं, उनसे रिक्वेस्ट है कि वे अपने इलेक्ट्रॉनिक फॉर्म में रखे गए शेयर्स के लिए डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट के ज़रिए डिपॉजिटरी में और फिजिकल फॉर्म में रखे गए शेयर्स के लिए कंपनी ngljbp@rediffmail.com पर RTA rta@cbmsl.co पर लिखकर रजिस्टर करें।

बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स ने मिस्टर तपन बडकुल, प्रैक्टिसिंग कॉस्ट एंड मैनेजमेंट अकाउंटेंट (FCA 23394) के प्रोपराइटर, मेसर्स तपन बडकुल एंड एसोसिएट, प्रैक्टिसिंग कॉस्ट अकाउंटेंट को 'स्क्रूटिनाइज़र' अपॉइंट किया है, जो पोस्टल बैलेट की रिमोट ई-वोटिंग प्रोसेस के ज़रिए फेयर और ट्रांसपेरेंट तरीके से स्क्रूटिनी करेंगे।

अगर रेज़ोल्यूशन को ज़रूरी मेजॉरिटी से मंजूरी मिल जाती है, तो इसे ई-वोटिंग की आखिरी तारीख यानी बुधवार, 24 दिसंबर, 2025 को पास माना जाएगा, जैसे कि इसे शेयरहोल्डर्स की जनरल मीटिंग में पास किया गया हो। पोस्टल बैलेट से हुई ई-वोटिंग के नतीजे, स्क्रूटिनाइज़र की रिपोर्ट के साथ, शुक्रवार, 26 दिसंबर, 2025 को या उससे पहले घोषित किए जाएंगे। इसे कंपनी की वेबसाइट www.narmadagelatines.com, स्टॉक एक्सचेंज यानी BSE Limited की वेबसाइट www.bseindia.com और CDSL की वेबसाइट https://www.evotingindia.com पर दिखाया जाएगा।किसी भी सवाल/शिकायत के लिए, आप helpdesk.evoting@cdslindia.com पर ईमेल लिख सकते हैं या टोल फ्री नंबर 1800 21 09911 पर संपर्क कर सकते हैं।

**निदेशक मंडल के आदेशानुसार,**
**नर्मदा जिलेटिन्स लिमिटेड**

स्थान: जबलपुर
दिनांक: 21 नवंबर, 2025

**हस्ताक्षर**
**महिमा पाटकार**
**कंपनी सचिव**


# गुजरात में बीएलओ ने की आत्महत्या

गुजरात के गिर सोमनाथ जिले में एक शिक्षक ने शुक्रवार को कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। शिक्षक को बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) के तौर पर नियुक्त किया गया था। परिवार ने दावा किया कि शिक्षक ने कथित सुसाइड नोट में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान की वजह दबाव और मानसिक तनाव के चलते यह कदम उठाया। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि शिक्षक अरविंद वढेर कोडिनार तालुका के देवली गांव के रहने थे और सुबह साढ़े छह बजे अपने घर पर ही फांसी के फंदे से लटके पाए गए। वढेर कोडिनार के छारा गांव में प्राइमरी स्कूल में तैनात थे।

## सुसाइड नोट में एसआईआर को ठहराया दोषी

In The Court of IX Civil Judge Class-I, District Court, Jabalpur
Presiding Officer: द्वारिका प्रसाद सूत्रकार
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)
**(RCS A/ 0001358/ 2025)**
शकीला बानो उर्फ नजमा बेगम...............वादी
Vs
आम जनता ..... प्रतिवादी
**Process Id-2025**
पेशी दिनांक 18/12/2025

प्रेषिती
(1) आम जनता पता-जबलपुर म.प्र.

यह कि प्रार्थी श्रीमती शकीला बानो उर्फ नजमा बेगम ने आपके विरूद्ध आरसीएसए प्रकाशन हेतु नोटिस के साथ वाद पत्र वास्ते दोनों नाम एक ही व्यक्ति के होने की घोषणा बावत के लिए वाद संस्थित किया है आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते हैं, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हों और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में हैं पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रुप में निर्भर करते हैं तो ऐसे सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें।
यह आज तारीख 18 नवम्बर 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।
न्यायालय की मुद्रा
टिप्पणी- प्रकाशन हेतु नोटिस के साथ वाद वास्ते दोनों नाम एक ही व्यक्ति के होने की घोषणा बावत का मूल्यांकन 1000 रूपये एवं उस पर उचित न्याय शुल्क 500 रूपये चस्पा की छायाप्रति संलग्न है।
कृपया ध्यान दें:
1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

**(डी.पी. सूत्रकार)**
**नवम व्यवहार न्यायाधीश (वरिष्ठ खण्ड)**
र.नं. 2658 **जबलपुर (म.प्र)**

## फैसलाबाद की फैक्ट्री में भीषण बायलर ब्लास्ट, 14 की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में फैसलाबाद शहर के मलिकपुर इलाके में आज एक केमिकल फैक्ट्री में बड़ा हादसा हो गया। शुक्रवार 21 नवंबर को एक केमिकल फैक्ट्री में भीषण बॉयलर ब्लास्ट हो गया। यह धमाका तड़के सुबह हुआ, जिससे न सिर्फ फैक्ट्री में आग लग गई, बल्कि वो ढह भी गई।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### 2025 तक देश ....

मामले दर्ज किए गए, जबकि पिछले चार वर्षों में यह आंकड़ा एक लाख से अधिक था। दिल्ली में 2024 में 1,05,343, 2023 में 1,00,523, 2022 में 1,06,731, 2021 में 1,03,038 और 2020 में 86,842 मामले सामने आए थे।

आरटीआई के अनुसार महाराष्ट्र में भी टीबी रोगियों की संख्या पिछले पांच वर्षों में कभी डेढ़ लाख से कम नहीं रही। महाराष्ट्र में जून 2025 तक 1,15,303, 2024 में 2,30,163, 2023 में 2,27,664, 2022 में 2,34,105, 2021 में 1,99,976 और 2020 में 1,59,663 मामले सामने आए थे। उपलब्ध सूचना के अनुसार, टीबी से सबसे कम प्रभावित क्षेत्रों में लक्षद्वीप सबसे आगे है, जहां जून 2025 तक सिर्फ नौ मामले सामने आए हैं। उत्तर प्रदेश के गोरखपुर स्थित 'पल्मनोलॉजी रीजेंसी हॉस्पिटल' के कंसल्टेंट डॉ. आमिर नदीम ने एजेंसी को बताया, टीबी की समय पर पहचान और उपचार न मिले तो यह जानलेवा साबित हो सकता है। टीबी पूरी तरह ठीक की जा सकती है, बशर्ते मरीज नियमित उपचार करे और बीच में दवाइयां न छोड़े। सरकार की 'निक्षय पोषण योजना', मुफ्त दवा और इलाज की सुविधाओं ने इसमें बड़ी भूमिका निभाई है।


**IDBI BANK**
आईडीबीआई टॉवर, डब्ल्यूटीसी कॉम्पलेक्स, कफ परेड, मुम्बई, वेबसाईड: www.idbi.com
शाखा का पता: आईडीबीआई बैंक लिमिटेड, जबलपुर, मध्यप्रदेश, 'त्रिलोक' ग्राउंड फ्लोर, सूर्या होटल के सामने, राईट टाउन, जबलपुर, मध्यप्रदेश पिन: 482002

**अचल संपत्ति के लिए कब्जे की सूचना नियम 8(1)**

अधोहस्ताक्षरकर्ता आईडीबीआई बैंक लिमिटेड का प्राधिकृत अधिकारी होते हुये वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (2002 की 54) की धारा 13(12) सपठित नियम 3 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के साथ प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए मांग नोटिस दिनांक 31/07/2025 को उधारकर्ता सुश्री साधना दुबे (उधारकर्ता एवं बंधककर्ता), श्रीमति हृदयावती दुबे (सह-उधारकर्ता), को नोटिस में उल्लिखित रू. 22,22,662.98/- (रूपये बाइस लाख बाइस हजार छः सौ बासठ एवं अठ्ठानवे पैसे मात्र) 60 दिनों की समयावधि में भुगतान करने हेतु नोटिस दिया गया था चूंकि उक्त उधारकर्ता/बंधककर्ता/जमानतदार उल्लेखित राशि का भुगतान करने में असफल रहे हैं। अतः खासतौर पर उक्त उधारकर्ता/बंधककर्ता/जमानतदार को और सर्वसाधारण को यह सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने प्रतिभूती हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 8 के साथ पढ़ी जाने वाली धारा 13 की उपधारा (4) में निहित अधिकारों के प्रत्यायोजन स्वरूप नीचे उल्लेखित सम्पत्ति पर दिनांक 18 नवम्बर 2025 को कब्जा ले लिया है। एतद् द्वारा उधारकर्ता/बंधककर्ता/जमानतदार को विशेष एवं जन साधारण को सामान्य रूप से सचेत किया जाता है उक्त संपत्ति विषयक में कोई संव्यवहार न करें एवं इस सम्पत्ति पर किया गया कोई भी व्यवहार राशि रू. 22,22,662.98/- (रूपये बाइस लाख बाइस हजार छः सौ बासठ एवं अठ्ठानवे पैसे मात्र) एवं उस पर देय ब्याज हेतु आईडीबीआई बैंक लिमिटेड के अधीन रहेगी। उधारकर्ता/बंधककर्ता/जमानतदार को एक्ट की धारा 13 एवं उपधारा 8 के प्रावधान के अन्तर्गत सुरक्षित परिसंपत्तियों के मोचन में उपलब्ध समय की ओर ध्यान आकर्षित किया जाता है।

संपत्ति का विवरण

अचल संपत्ति का समस्त भू-भाग जो निम्नविवरण में शामिल है प्लॉट क्रमांक ए-1 पर निर्मित ब्लॉक क्रमांक ए-1 क्षेत्रफल 1325 वर्गफीट 42957 वर्गफीट में से, सुपर बिल्ट अप एरिया (जीएफ +एफएफ कुल 1211 वर्गफीट), न्यू साहिब परिसर फेज-2, मौजा- अमखेरा में स्थित है, जो कि खसरा क्रमांक 252, नया खसरा क्रमांक 252/1 वाली सम्पर्ण भूमी का एक भाग या हिस्सा हैं पी.एच.संख्या-22/24, एनबी नंबर-04 एपीजे अब्दुल कलाम वार्ड नंबर-74, आर.एन.एम.- जबलपुर, तहसील -पनागर, जिला जबलपुर, मध्यप्रदेश (सुश्री साधना दुबे के नाम पर), जिसकी सीमाएँ इस प्रकार हैं- पूर्वः श्री विश्वकर्मा जी का मकान, पश्चिम : मार्ग/बगल की सडक, उत्तरः विश्वकर्मा जी का मकान, दक्षिणः सडक।
उस पर मौजूद वर्तमान और भविष्य की सभी एवं प्रथक-प्रथक संरचनायें और निर्माण दोनों साथ-साथ शामिल हैं।
स्थानः जबलपुर, दिनांक : 22/11/2025 प्राधिकृत अधिकारी, आईडीबीआई बैंक



**मुथूट फिनकॉर्प लिमिटेड** (सुरक्षित और असुरक्षित ऋण व्यवसाय प्रभाग)
muthoot FINCORP Jab zindagi badalni ho
(मुथूट पप्पाचन समूह की कंपनी) CIN : U65929KL1997PLCO11518
प्रशासनिक कार्यालय : 710-ए एवं 711-ए, सातवीं मंजिल, फेस-2, स्पेंसर प्लाजा, माउंट रोड़, अन्ना सलाई, चेन्नई-600 002
पंजीकृत कार्यालय : मुथूट सेन्टर, टीसी नं. 27/3022, पुन्नेन रोड़, त्रिवेन्द्रम, केरला - 695 001

**मांग सूचना**

**वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुर्ननिर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के अधीन**

जबकि, अधोहस्ताक्षरी ने, **मुथूट फिनकार्प लिमिटेड (एमएफएल)** के प्राधिकृत अधिकारी के रुप में, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनःनिर्माण तथा प्रतिभूमि हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के तहत और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के अधीन मांग सूचनाएं जारी की थी, जिनमें निम्नलिखित कर्जदार(रों), ग्यारंटर(रों) से संपूर्ण बकाया राशि, अद्यतन ब्याज, लागत और प्रभारों के साथ, उनको जारी की गई संबंधित मांग सूचना(ओं) और वैकल्पिक तामील के लिए नीचे दिए अनुसार सूचना प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर चुकाने हेतू, कम्पनी के प्रति उनकी पूर्ण जिम्मेदारी का निर्वहन की मांग की गई थी। उक्त कर्जदार(रों), सह-कर्जदार(रों) द्वारा ऋण की सम्यक वापसी के लिए प्रतिभूमि के रुप में क्रमशः निम्नलिखित आस्तियां **एमएफएल** के पास बंधक रखी गई है।

| क्रं. | ऋणी/सह-ऋणी/जमानतदार का नाम | मांग सूचना कि तिथि / एनपीए तिथि | कुल बकाया राशि | सुरक्षित संपत्ति(यों)/अचल सम्पत्ति (यों) का विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1. | ऋण खाता संख्या MFLMPDSECUL000005157474 **श्री इरफ़ान अहमद (उधारकर्ता)** **श्री इस्तेयाक अहमद (सह-उधारकर्ता)** **श्रीमती हिना चिश्ती (सह-उधारकर्ता)** **सभी रेजिडेंशियल और प्रॉपर्टी का पता :** हाउस नंबर 308 पुत्री शाला स्कूल कटनी मध्य प्रदेश पिन कोड 483501 | 11.11.2025 / 03.11.2025 | रु. 97,40,535.18/- (रुपये सत्तानवे लाख चालीस हज़ार पाँच सौ पैंतीस और अठारह पैसे सिर्फ़) 11.11.2025 तक | भूमि मौजा मुरवारा, पी.एच. नंबर -45/2 नया 43, एन.बी. नंबर -493, आरआईसी- मुरवारा, - नगरपालिका मकान नंबर 17-17/3 का हिस्सा, क्षेत्र 1311.5 वर्ग फीट का हिस्सा। गाँव-मुरवारा, महारानी लक्ष्मी बाई वार्ड मुरवारा कटनी, तहसील और जिला कटनी (मध्य प्रदेश) में स्थित है। बिक्री-विलेख दिनांक 23/04/2011 के अनुसार **उक्त संपत्ति निम्नानुसार है:** पूर्व में- सैयद बाबा वे, पश्चिम में- तनवीर आशिम की भूमि, उत्तर में- विक्रेता की संपत्ति, दक्षिण में- बिल्लू कवाड़ी की भूमि |
| 2. | ऋण खाता संख्या MFLMPDSECUL000005119274 **पीयूष जैन (उधारकर्ता),** **निवास स्थान :** आओरेस मकान नंबर 333 एसपी: प्रदीप कुमार सरद कुम्बर 15 शाहपुरा खेन जबलपुर म.प्र.-483119 **सुनीता जैन पत्नी प्रदीप कुमजी (सह-उधारकर्ता),** **निवास : पता :** मकान क्रमांक-334 वार्ड क्रमांक-13 पुराने स्टेले बैंड के पास जबलपुर मध्य प्रदेश 483119 **प्रदीप कुमार जैन (सह-उधारकर्ता), निवासी पता :** वार्ड क्रमांक-13, शाहपुरा (भिटोनी), मनकेंडी, पाटन स्टेट बैंक के पास शाहपुरा (जबलपुर) जबलपुर मध्य प्रदेश 483119 **सभी संपत्ति का पता यहां स्थित है :** मौजा शाहपुरा एन.बी नंबर-240 वार्ड नंबर 13 झंडा चौक, जबलपुर से नरसिंहपुर मेन रोड, तहसील-पाटन जिला-जबलपुर म.प्र. 483119 में स्थित घर | 13.11.2025 / 03.11.2025 | रु. 53,23,222.17/-(रुपये तिरपन लाख तेईस हज़ार दो सौ बाईस और सत्रह पैसे सिर्फ़) 13.11.2025 तक | ज़मीन का वह पूरा टुकड़ा जिसमें आबादी खसरा निर्मित क्षेत्र, 972 वर्गफुट वार्ड नंबर 13, झंडा चौक मौज़ा शाहपुरा एस. नं. 240 तहसील पाटन जिला जबलपुर म.प्र. **सीमा :- कागज़ों के अनुसार :** पूरब - प्रेमचंद जैन जी का घर, पश्चिम- नामदेव जी का घर, उत्तर - जबलपुर नरसिंहपुर मेन रोड, दक्षिण - गली |

यदि उक्त कर्जदार, सह-कर्जदार एवं गारंटर **एमएफएल** को उपरोक्तनुसार भुगतान करने में विफल रहेगें, **एमएफएल** उपरोक्त वर्णित प्रतिभूत आस्ति का कब्जा लेने और कानून के अधीन कम्पनी को उपलब्ध अन्य कार्यवाहीं करने का हकदार होगी, जिसकी लागत और परिणामों की जोखिम के लिए उक्त कर्जदार पूर्ण रुपेण जिम्मेदार होंगे।
उक्त कर्जदार(रों), सह-कर्जदार(रों) पर सरफासी ऐक्ट की धारा 13 की उप-धारा (13) के प्रावधान के तहत, **एमएफएल** की पूर्व लिखित सहमति के बिना, उपरोक्त प्रतिभूति आस्ति(यों) का ब्रिकी, पट्टा या अन्य प्रकार से हस्तांरण करने के संबंध में रोक लगी है।
सही/- प्राधिकृत अधिकारी
स्थान : मध्य प्रदेश, दिनांक : 22.11.2025 फॉर - मुथूट फिनकार्प लिमिटेड


**कार्यालय नगर परिषद लखनादौन, जिला सिवनी (म.प्र.)**
फोन नं.- 07690-240139 ईमेल cmolakhnadoan@mpurban.gov.in
NIT: 449/E-Tender/Lakhnadon/2025 DATE: 21.11.2025

**//निविदा सूचना//**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 2025_UAD_464088_1 दि. 21-11-2025 | वार्ड क्र. 02 आंगनवाड़ी भवन निर्माण कार्य | 3 माह, 9,50,843/- | 2,000/- 9,600/- | 08-12-2025 |
| 2025_UAD_464089_1 दि. 21-11-2025 | वार्ड क्र. 03 आंगनवाड़ी भवन निर्माण कार्य | 3 माह, 9,50,838/- | 2,000/- 9,600/- | 08-12-2025 |

शर्त - निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://www.mptenders.gov.in की वेबसाईट पर किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

**मुख्य नगरपालिका अधिकारी**
**नगर परिषद लखनादौन**

# देश-प्रदेश

उवाच

## कश्मीरियों को शक की निगाह से न देखा जाए : डॉ. फारूक

**श्रीनगर।** जम्मू और कश्मीर नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष डॉ. फारूक अब्दुल्ला ने कहा है कि दिल्ली विस्फोट के बाद देशभर में कश्मीरियों को शक की निगाह से न देखा जाए। डॉ. फारूक अब्दुल्ला ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और सभी राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्यमंत्रियों से अपील की है कि वे यह सुनिश्चित करें कि कश्मीरियों को किसी भी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े।



मुख्यमंत्री ने करोड़ों के विकास कार्यों का किया लोकार्पण और भूमि-पूजन किया, कहा-

## प्रदेश की समृद्धि के लिए गांवों को बनाया जा रहा स्वावलंबी

**विदिशा, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में प्रदेश के गरीब, किसान, बहनों और युवाओं के कल्याण के लिए राज्य सरकार दृढ़ संकल्पित है। प्रदेश की समृद्धि के लिए गांवों को विकास और स्वावलंबन की धारा से जोड़ा जा रहा है। किसानों की आय बढ़ाने के लिए गोपालन को प्रोत्साहित किया जा रहा है। राज्य सरकार ने अनेक किसान हितैषी निर्णय लिए हैं। किसानों को भावांतर योजना की राशि दी जा रही है। प्रदेश के हर गांव और हर खेत को पानी मिले, यही हमारी सरकार का संकल्प है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव विदिशा के कागपुर में जनसभा को संबोधित कर रहे थे।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत बड़े पैमाने पर जल स्त्रोतों का संरक्षण किया गया। प्रत्येक ग्राम पंचायत में एक आदर्श वृंदावन ग्राम विकसित करने के लिए सरकार कार्य कर रही है। शुक्रवार को शमशाबाद का कागपुर जनसहयोग से श्रेष्ठतम ग्राम बनने का एक आदर्श उदाहरण है। उन्होंने कहा कि सर्व सुविधा युक्त इस गांव को नए हाट बाजार की सौगात मिली है, जिसमें 128 दुकानें तैयार की गई हैं। यह बाजार आसपास की बड़ी आबादी के लिए हाट बाजार का प्रमुख केंद्र है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कागपुर में म.प्र. टूरिज्म बोर्ड के माध्यम से वॉटर पार्क बनाने की घोषणा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में बड़े पैमाने पर जल संरक्षण और जल स्त्रोतों के विकास का कार्य किया गया है। केन-बेतवा परियोजना से विदिशा जिले में सिंचाई के लिए कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कागपुर में आदर्श ग्राम योजना के अंतर्गत 5.75 करोड़ लागत के हाट बाजार का लोकार्पण किया। उन्होंने 2 हितग्राहियों को प्रतीक स्वरूप दुकानों की चाबी सौंपी। साथ ही विदिशा जिले के लिए 34 करोड़ लागत से 135 नवीन स्वीकृत सामुदायिक भवनों का भूमि-पूजन भी किया।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कागपुर प्रवास के दौरान लाड़ली बहनों, लखपति दीदीयों, पशुपालकों से संवाद किया। लाड़ली बहनों ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव का प्रतिमाह 1500 रूपए देने पर आभार माना। संवाद में मुख्यमंत्री ने लखपति दीदीयों द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली और पशुपालकों को उनके हित में संचालित योजनाओं से अवगत कराया। पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल ने कहा कि प्रदेश में ग्रामीण विकास विभाग के अंतर्गत पहली बार पंचायत, जनपद पंचायत और जिला पंचायतों के तीन मंजिला भवन निर्माण की शुरुआत की गई है। इन भवनों को डिजाइन के अनुरूप मजबूत आधार प्रदान किया जा रहा है। राज्य सरकार से 5वें वित्त की 6 हजार करोड़ राशि पंचायतों को मिल रही है। कार्यक्रम में पशुपालन मंत्री एवं विदिशा जिले के प्रभारी लखन पटेल, सांसद श्रीमती लता वानखेड़े, विधायक सूर्यप्रकाश मीणा, विधायक हरि सिंह रघुवंशी, विधायक हरि सिंह सप्रे, विधायक उमाकांत शर्मा, विधायक मुकेश टंडन, पूर्व विधायक प्रेमनारायण शर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता रघुवंशी सहित जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

बजट के लिये सरकार ने आम नागरिकों से मांगे सुझाव

## समृद्ध मध्यप्रदेश के लिये बनाएं अपनी पसंद का बजट

### सुझाव देने की अंतिम तारीख 18 दिसम्बर

**भोपाल, देशबन्धु।** उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने कहा है कि विकसित मध्यप्रदेश@2047 के विजन को साकार करने में वित्तीय वर्ष 2026-27 बजट महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इसमें हर नागरिक की भूमिका होगी। बजट निर्माण में हर नागरिक की भागीदारी के लिये राज्य सरकार ने सभी से सुझाव मांगे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा अनुसार नागरिकों, विशेषज्ञों और संगठनों के सुझावों से बजट को और अधिक व्यावहारिक तथा विकासोन्मुखी बनाया जाएगा। नागरिक अपने सुझाव MPMyGov पोर्टल, टोल फ्री नंबर 0755-2700800, ईमेल budget.mp @mp.gov.in तथा डाक के माध्यम से भी भेज सकते हैं। सुझाव देने की अंतिम तारीख 18 दिसम्बर 2025 निर्धारित है।

श्री देवड़ा ने बताया कि बजट निर्माण की प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी बनाया गया है। आम नागरिकों की अपेक्षाओं को बजट में शामिल किया जायेगा। बजट प्रक्रिया को जनभागीदारी आधारित, लोक हितैषी और भविष्य उन्मुख बनाने के उद्देश्य से यह पहल की गई है। मध्यप्रदेश को वर्ष 2047 तक पूर्ण रूप से विकसित प्रदेश बनाने के लिए प्रदेश के वित्तीय प्रशासन का एक मजबूत ढांचा तैयार हो रहा है। इसके लिए अभी से एक आर्थिक नियोजन की तैयारी करना आवश्यक होगा। डेटा-आधारित वित्तीय रणनीति बनाकर प्रदेश की अर्थव्यवस्था में निरंतर सुधार लाना प्रमुख उद्देश्य है। इस उद्देश्य को संसाधनों के कुशल प्रबंधन और कठोर वित्तीय अनुशासन के माध्यम से प्राप्त किया जा सकता है। वर्ष@2047 तक प्रदेश की जीएसडीपी 250 लाख करोड़ तक पहुंच जाएगी।



नागरिकों और विभिन्न क्षेत्रों, व्यवसायों में कार्यरत लोगों, विशेषज्ञों, हितग्राही समूओं से आग्रह है कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था को और ज्यादा सक्षम बनाने के लिए अपने सुझाव दें।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि विकसित मध्यप्रदेश@2047 के कई सेक्टर हैं जो आम नागरिकों के जीवन से सीधा जुड़े हैं। वर्ष 2047 तक प्रदेश को समृद्ध, संपन्न, सुखद और सांस्कृतिक समृद्ध बनाने के लिये प्रत्येक स्तर पर सभी नागरिकों के सहयोग की आवश्यकता है। वर्ष 2047 तक मध्यप्रदेश देश में पर्यटन क्षेत्र में प्रथम श्रेणी का प्रदेश बनाना है। नवकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में नम्बर एक प्रदेश बनना है। मध्यप्रदेश सांस्कृतिक समृद्धि आधारित अर्थव्यवस्था बनने जा रहा है। कौशल एवं प्रशिक्षण का अत्याधुनिक इको सिस्टम बनने के लिए प्रदेश तैयार हो रहा है इसमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। श्री देवड़ा ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अगले वर्ष को कृषि आधारित उद्योगों को समर्पित वर्ष घोषित किया है। विगत कई वर्षों से प्रदेश की कृषि विकास दर में उत्तरोत्तर वृद्धि हुई है, अगले 2 दशकों में मध्यप्रदेश कृषि के क्षेत्र में अग्रणी प्रदेश होगा। इसी प्रकार ग्रामीण अर्थव्यवस्था आदर्श स्थिति में होगी। औदयागिक निवेश का सकारात्मक प्रभाव आने वाले वर्षों में चारों ओर दिखने लगेगा।बजट प्रदेश की आर्थिक गति को मजबूत करने, रोजगार के अवसर बढ़ाने और आधारभूत ढांचे को सुदृढ़ बनाने का महत्वपूर्ण माध्यम है।

## मतदाता सूची में नाम खोजते निर्वाचन सदन पहुंच रहे लोग

**भोपाल, देशबन्धु।** प्रदेश में निर्वाचक नामावली की विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) - 2026 शुरू होने के बाद मतदाता सूची में अपना नाम ढूंढते -ढूंढते लोग मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के दफ्तर निर्वाचन सदन पहुंच रहे हैं। ऐसे लोगों के लिए वहां एक हेल्पलाइन डेस्क की व्यवस्था की गई है। शुक्रवार शाम तक यहां 107 लोग पहुंचे लेकिन ज्यादातर लोगों का नाम मतदाता सूची में मिला ही नहीं।

13 नवंबर से काम कर रही हेल्प डेस्क तक पहुंचने वाले ज्यादातर लोग ऐसे हैं जिनका नाम मतदाता सूची से पहले ही हटा दिया गया है। ऐसे लोगों को अपने पुराने बीएलओ से संपर्क करने की सलाह दी जा रही है। साथ ही उन्हें फॉर्म-6 भरकर नए सिरे से नाम जुड़वाने को भी कहा जा रहा है।

### कई मतदाताओं के माता पिता का नाम नदारद

निर्वाचन सदन पहुंचने वाले ऐसे लोग भी हैं जिनका नाम मतदाता सूची में तो है लेकिन उनके माता-पिता का नाम सूची से नदारद है। यह समस्या शहरी क्षेत्र में ज्यादा आ रही है। सबसे बड़ी समस्या इस बात की है कि लोगों को यही नहीं पता कि उनके माता-पिता का नाम कब और क्यों कटा। इसको लेकर लोग दफ्तरों के चक्कर काट रहे हैं और हेल्पलाइन डेस्क पर भी घंटों माथापच्ची कर रहे हैं। यह समस्या शहरी क्षेत्र में ज्यादा है। अधिकारियों के मुताबिक, ऐसे लोग जिनके माता-पिता का नाम पुरानी मतदाता सूची में नहीं है।

### शहरी क्षेत्र में धीमी है रफ्तार

एसआईआर प्रगति शहरी क्षेत्र में ग्रामीण क्षेत्र की अपेक्षा काफी धीमी है। मध्य प्रदेश के संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी रामप्रताप सिंह जादौन का कहना है कि इसकी मुख्य वजह लोगों का एक से दूसरे मोहल्ले में विस्थापन है। इसलिए शहरी क्षेत्र में एसआईआर की गति ग्रामीण क्षेत्र की अपेक्षा धीमी प्रतीत होती है लेकिन हर संभव प्रयास किया जा रहा है। ऑनलाइन नई और पुरानी मतदाता सूची उपलब्ध है उसके सहारे आसानी से नाम को ढूंढा जा सकता है। इस संबंध में बीएलओ को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं। स्थाई विस्थापन के कारण भी कुछ परेशानी आ रही है। बीएलओ को ऐसे लोगों के बारे में आस-पड़ोस से भी कोई जानकारी नहीं मिल पा रही है।

### भावांतर योजना : सोयाबीन का मॉडल रेट बढ़कर हुआ 4271 रुपए

**भोपाल, देशबन्धु।** भावांतर योजना 2025 के अंतर्गत सोयाबीन विक्रेता किसानों के लिए आज 21 नवंबर को 4271 रुपए प्रति क्विंटल का मॉडल रेट जारी किया गया है। यह मॉडल रेट उन किसानों के लिए है जिन्होंने अपनी सोयाबीन की उपज मंडी प्रांगणों में विक्रय की है। इस मॉडल रेट के आधार पर ही भावांतर की राशि की गणना की जाएगी। सोयाबीन के मॉडल रेट में लगातार वृद्धि जारी है। पहला मॉडल रेट 7 नवंबर को 4020 रुपए प्रति क्विंटल जारी किया गया था। इसी तरह 8 नवंबर को 4033 रुपए, 9 और 10 नवंबर को 4036 रुपए, 11 नवंबर को 4056 रुपए, 12 नवंबर को 4077 रुपए, 13 नवंबर को 4130 रुपए, 14 नवंबर को 4184 रुपए, 15 नवंबर को 4225 रुपए, 16 नवंबर को 4234 रुपए, 17 नवंबर को 4236 रुपए, 18 नवंबर को 4255 रुपए, 19 नवंबर को 4263 रुपए और 20 नवंबर को 4267 रुपए प्रति क्विंटल का मॉडल रेट जारी हुआ था।

पूर्व उपराष्ट्रति जगदीप धनखड़ ने किया पुस्तक का विमोचन, बोले-

## नैतिकता और अध्यात्मिकता से दूर हो रहे लोग

**भोपाल, देशबन्धु।** पूर्व उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि मौजूदा समय में लोग नैतिकता और आध्यात्मिकता से दूर होते जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मैं फ्लाइट पकड़ने की चिंता से अपने कर्तव्य को नहीं छोड़ सकता। मेरा हाल का अतीत इसका सबूत है।

श्री धनखड़ आज भोपाल में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ पदाधिकारी और विचारक डॉ. मनमोहन वैद्य की पुस्तक 'हम और यह विश्व ' के विमोचन अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा देने के बाद यह धनखड़ का पहला बड़ा सार्वजनिक संबोधन था। उन्होंने कहा कि भगवान करे कोई नैरेटिव के चक्कर में न फंसे। जो समझना नहीं चाहते, हर हाल में बात को धूमिल करेंगे। जो जागकर भी सोया हो, उसे जगा नहीं सकते। धनखड़ ने कहा




कि मैंने विचार-विमर्श के बाद तय किया कि अब अंग्रेजी में संबोधन करूंगा, क्योंकि जो लोग समझना ही नहीं चाहते, वे हर हाल में बात को गलत नैरेटिव में ढाल देंगे। उन्होंने कहा कि राष्ट्र के व्यापक कॉन्सेप्ट को सीमित कर दिया गया है। व्यक्ति अकेले नहीं लड़ सकता, लेकिन संस्था लड़ सकती है। धनखड़ ने कहा कुछ लोगों ने बड़ा हाहाकार कर दिया है। खुद को चुनौतियों के बीच मजबूत रखो, देशभक्ति बहुत जरूरी है। देश के प्रति अपने भाव समझो और वो करो जो देशहित में हो। देश के प्रति आपके कर्तव्य हैं, उन्हें पूरा करो। यह भी देशभक्ति है। बिना किसी बात को समझे, किसी दौड़ में शामिल न हों। बात को समझो, देखो।

### वैद्य ने धनखड़ को अपना अभिभावक बताया

कार्यक्रम में मनमोहन वैद्य ने अपने संबोधन की शुरुआत में जगदीप धनखड़ को अपना अभिभावक कहा। वैद्य ने कहा एक घटना ने मेरे अंदर के लेखक को जाग्रत किया। श्री वैद्य ने कहा कि बेवजह विरोध करने से संघ का फायदा होता है। संघ के तृतीय वर्ग के प्रशिक्षण वर्ग में प्रणव मुखर्जी को बुलाया गया था। वह संघ की सदस्यता ग्रहण नहीं करने वाले थे। उन्हें सिर्फ संबोधन देना था, लेकिन उनका बहुत विरोध हुआ। बेवजह विरोध देखकर मैंने लेखन की शुरुआत की।

## कांग्रेस ने सार्वजनिक किया `द नेहरू आर्काइव'

**नई दिल्ली, (एजेंसियां)।** कांग्रेस पार्टी ने भारत के पहले प्रधानमंत्री, जवाहरलाल नेहरू से संबंधित लाखों पन्नों की सामग्री को पूरी तरह से डिजिटाइज कर सार्वजनिक कर दिया है। 'द नेहरू आर्काइव' नाम का यह ओपन-एक्सेस डिजिटल प्लेटफॉर्म अब आम नागरिकों, शोधकर्ताओं, छात्रों और इतिहास प्रेमियों के लिए उपलब्ध है। बिना किसी शुल्क के नेहरू की चिट्ठियां, भाषण, नोट्स, किताबों के ड्राफ्ट और अन्य दस्तावेज देखे व डाउनलोड किए जा सकते हैं। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में ये घोषणा की। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन

### नेहरू से संबंधित सामग्री सभी के लिए उपलब्ध

खड़गे ने लिखा, 'फैक्ट्स तो फैक्ट्स होते हैं और आपके लाइक्स की वजह से गायब नहीं होंगे। पंडित नेहरू और भारत के लिए उनकी बड़ी कामयाबियों को जानबूझकर तोड़-मरोड़कर पेश करने, गलत जानकारी और फेक न्यूज देने के इस दौर में, सच्चाई और आने वाली पीढ़ियों के लिए उनकी लिखी बातों को डिजिटाइज करना सही है।' उन्होंने आगे कहा, 'मुझे खुशी है कि 'द नेहरू आर्काइव' अब लाइव है। यह जवाहरलाल नेहरू की लिखी बातों का भारत का पहला बड़ा, ओपन-एक्सेस डिजिटल आर्काइव है, जिसमें चिट्ठियां, भाषण, नोट्स और भी बहुत कुछ हैं।


## निविदा / नियुक्ति / जाहिरात

### Change of Name & DOB

Ex Army No 15677610W Retired Naik Teerath Singh Baghel, S/o Shri Ramesh Prasad Baghel, Vill-Narayanganj, Post-Aloniya,Tehsil & District-Seoni (MP), residing in above address. My Mother name DULALI BAI and date of birth 01 JULY 1952 (At the time of Enrollment) is recorded in my Army service record,which is wrong. My mother correct name is DULARI BAI BAGHEL & correct date of bith is 01/01/1952 (One January Ninenteen Fifty Two) recorded in Aadhar Card, PAN Card and Voter ID vide affidavit No-BV 425711 dated 20.11.2025 formerly before Public Notary RUDRADEV RAHANGDALE, Notary Seoni District M.P. INDIA which is true and correct. Therefore, please enter the correct date of birth in the Army service record.

Incorrect Name & DOB
DULALI BAI (01 JULY 1952)
(At the time of Enrollment)
Correct Name & DOB
DULARI BAI BAGHEL (01/01/1952)

कृति

### Change of DOB

Ex Army No 15677610W Retired Naik Teerath Singh Baghel, S/o Shri Ramesh Prasad Baghel, Vill-Narayanganj, Post-Aloniya, Tehsil & District-Seoni (MP), residing in above address. My father's name RAMESH PRASAD BAGHEL and date of birth 01 JULY 1950 (At the time of Enrollment) is recorded in my Army service record,which is wrong. My father's correct date of birth is **22/06/1953** (Twenty two June Ninenteen Fifty three) is recorded in Aadhar Card,PAN Card and Voter ID vide affidavit No- BV 638338 dated 12.11.2025 formerly before Public Notary RUDRADEV RAHANDALE, Notary Seoni District M.P. INDIA which is true and correct. Therefore, please enter the correct date of birth in the Army service record.

Incorrect date of birth
01/07/1950 (At the time of Enrollment)
Correct date of birth
22/06/1953

कृति

### नाम परिवर्तन सूचना

मैं. श्रीमती रोशनी खेतरपाल (Roshni Khetrapal), पति डॉ. नरेंद्र खेतरपाल, निवासी मकान न. 152, आदर्श नगर, नर्मदा रोड, जबलपुर, मध्य प्रदेश, ससम्मान शपथपूर्वक निम्नलिखित कथन करती हूँ, मेरा पुराना नाम पूनम खेतरपाल (Poonam Khetrapal) था, जिस नाम से मेरा पुराना पासपोर्ट, संख्या M1252347, दिनांक 23/08/2014 को जारी हुआ था, मैंने अपना नाम सामाजिक/व्यक्तिगत कारणों से बदलकर रोशनी खेतरपाल (Roshni Khetrapal) कर लिया है और वर्तमान में सभी अभिलेखों दस्तावेजों में मेरा नाम रोशनी खेतरपाल (Roshni Khetrapal) दर्ज है, उपरोक्त दोनों नाम पूनम खेतरपाल (Poonam Khetrapal) तथा रोशनी खेतरपाल (Roshni Khetrapal) एक ही व्यक्ति अर्थात में स्वयं हूँ, मैं अपने पुराने पासपोर्ट में दर्ज नाम पूनम खेतरपाल (Poonam Khetrapal) को संशोधित करवाना चाहती हूँ तथा अनुरोध करती हूँ कि मेरे नए पासपोर्ट में मेरा नाम रोशनी खेतरपाल (Roshni Khetrapal) ही दर्ज किया जाए। भविष्य में सभी सरकारी, गैर-सरकारी एवं कानूनी दस्तावेजों में मुझे केवल रोशनी खेतरपाल (Roshni Khetrapal) नाम से ही जाना और पहचाना जाए।

कृति

पुराना नाम- पूनम खेतरपाल (Poonam Khetrapal)
नया नाम- रोशनी खेतरपाल (Roshni Khetrapal)

### नाम सुधार सूचना

मैं शपथकर्ता हरजोत सिंह सुमन, पिता श्री सुखवीर सिंह, उम्र लगभग 37 वर्ष, निवासी-मकान नं. 66 ग्वारीघाट रोड, इन्द्रपुरी कॉलोनी, ग्वारीघाट, जिला जबलपुर, आधार नं. 9546 6135 1716 निम्नलिखित कथन शपथ पूर्वक करता हूं।

1. यह कि, मैं उपरोक्त पते का स्थाई निवासी हूं।

2. यह कि, मेरा पासपोर्ट नं. H8224601 है जो कि घर से ऑफिस जाते समय रास्ते में कहीं गिर गया है।

3. यह कि, मेरा नाम हरजोत सिंह सुमन है एवं पासपोर्ट मे मेरा नाम हरजोत सिंह दर्ज है जो कि दोनों नाम मेरे ही हैं। इस आशय का शपथ पत्र प्रस्तुत है।

जबलपुर
दिनांक : 10.11.2025
गलत नाम : हरजोत सिंह
सही नाम : हरजोत सिंह सुमन

र.नं. 2657

### नाम परिवर्तन सूचना

मेरा नाम हर्षिता दीपक कुमार धमेजा पति दीपक कुमार धमेजा (HARSHITA DEEPAK KUMAR DHAMEJA W/O DEEPAK KUMAR DHAMEJA, निवासी 8 शिक्षक कॉलोनी चेरीताल वार्ड जबलपुर (म.प्र.). मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम भारती दीपक कुमार धमेजा पति दीपक कुमार धमेजा (BHARTI DEEPAK KUMAR DHAMEJA W/O DEEPAK KUMAR DHAMEJA) दसवीं मार्कशीट में यादव भारती पंकज (YADAV BHARTI PANKAJ ) एवं जन्म प्रमाण पत्र में भारती (BHARTI )अंकित हो गया है, जो कि एक ही व्यक्ति के नाम है अत: प्रकाशन उपरांत मेरा नाम हर्षिता दीपक कुमार धमेजा पति दीपक कुमार धमेजा (HARSHITA DEEPAK KUMAR DHAMEJA W/O DEEPAK KUMAR DHAMEJA) के नाम से जाना-पहचाना व लिखा-पढ़ा, दर्ज किया जावे.

पुराना नाम (भारती दीपक कुमार धमेजा) BHARTI DEEPAK KUMAR DHAMEJA (यादव भारती पंकज) YADAV BHARTI PANKAJ र.नं. 2654

नया नाम (हर्षिता दीपक कुमार धमेजा) HARSHITA DEEPAK KUMAR

### नाम परिवर्तत सूचना

मैं, मो आसिफ (आयु 38 वर्ष) पिता/पति, मोहम्मद मेहमूद अहमद मंसूरी, निवासी मं नं. 641/34, 7312,4100 / आर805ए, मक्का नगर, अधारताल गली नं. 02 आधारताल जबलपुर म.प्र. 482004 अधारकार्ड नं. 3750 8164 8445 मो नं. 9301087338 मै शपथ पूर्वक निम्नलिखित कथन करती / करता हूँ कि:- 1. यह कि, मैं उपरोक्त पते पर निवास करता / करती हूँ। 2. यह कि, मेरी पुत्री नुजहत बानो (Nujhat bano) आपके स्कूल पी.एम.श्री. केन्द्रीय विद्यालय व्हीकल जबलपुर म.प्र में वर्ष 2025-2026 के सत्र में कक्षा 9 में अध्यनरत् है। 3. यह कि, मेरी पुत्री के उक्त स्कूल के दाखिला खारिज रजिस्ट्रर एवं स्थानान्तरण प्रमाण पत्र में मेरी पुत्री के पिता का नाम मो. आसिफ मंसूरी (Mohd Asif Mansoori) एवं माता का नाम सुदा खातून मंसूरी (Suda khatun Mansoori) त्रुटि पूर्वक गलत दर्ज हो गया है। 4. यह कि, मेरी पुत्री के आधारकार्ड, संमग्र आई डी. एवं अन्य दस्तावेज में मेरी पुत्री के पिता का सही नाम मोहम्मद आसिफ (Mohd Asif ) एवं माता का नाम सुदा खातून (Suda khatun) दर्ज है जो कि सही एवं सत्य है। 5. यह कि, मेरी पुत्री के उक्त स्कूल की मार्कशीट दाखिला खारिज रजिस्ट्रर तथा आगे के समस्त दस्तावेज में मेरी पुत्री के पिता का सही नाम मोहम्मद आसिफ (Mohd Asif ) एवं माता का सही नाम सुदा खातून (Suda khatun) दर्ज कर लिखा व पढ़ा जावें। 6. यह कि मेरे द्वारा दी गई जानकारी अगर गलत या झूठी पाई जाती है तो उसका जिम्मेदार मै स्वयं होगा उक्त स्कूल की कोई जाबवदारी नही होगी। 7. यह कि, उक्त आशय के संबंध में यह शपथ पत्र प्रस्तुत है।

शपथकर्ता
मो. आसिफ

र.नं. 2656


## पूर्व मुख्यमंत्री स्व. नरेशचंद्र सिंह की जयंती पर दी श्रद्धांजलि



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शुक्रवार को म.प्र. विधानसभा भवन पहुंचकर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री स्व. नरेशचंद्र सिंह की जयंती पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि नरेशचंद्र सिंह राज गोंड प्रदेश के इतिहास में एकमात्र जनजातीय और मध्यप्रदेश के 6वें मुख्यमंत्री रहे। उनकी कार्य अवधि 13 मार्च 1969 से 25 मार्च 1969 तक कुल 13 दिन रही। उनके मुख्यमंत्री बनने का समय संविद सरकार थी। राजनीतिक अस्थिरता की वजह से उनका कार्यकाल बहुत छोटा रहा। इस अवसर पर विधायक श्री भगवान दास सबनानी, विधानसभा के प्रमुख सचिव सहित जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित थे।

पूर्व मुख्यमंत्री श्री नरेशचंद्र सिंह का जन्म 21 नवम्बर 1908 को हुआ था। वे जनजातीय राजवंश के राजा थे। जनवरी 1948 को अपने राज्य के भारत संघ में विलय होने तक वे सारंगढ़ रियासत के शासक थे। आजादी के बाद उन्होंने 1951 में मध्यप्रदेश राज्य विधानसभा के लिए हुए पहले आम चुनाव में जीत हासिल की। वे 1952 से 1969 तक मध्यप्रदेश की विधानसभा (विधायक) के सदस्य और पहले जनजाति कल्याण मंत्री रहे। उन्होंने बिजली और लोक निर्माण विभाग मंत्री का दायित्व भी संभाला था।

## भारत व श्रीलंका के बीच हुई सैन्य वार्ता

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत व श्रीलंका के वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों के बीच एक महत्वपूर्ण वार्ता हुई है। इस वार्ता में सैन्य कमांडर्स ने दोनों देशों के बीच सैन्य सहयोग को मजबूत करने व क्षेत्रीय सुरक्षा को सुदृढ़ करने पर विस्तृत चर्चा की। यह भारत और श्रीलंका के बीच आर्मी-टू-आर्मी स्टाफ वार्ता थी। भारतीय सेना के मुताबिक यह तीन दिवसीय सैन्य वार्ता बोधगया में आयोजित की गई।

लखनऊ : विश्व बाल दिवस पर विशेष

## अभिभावक आंगनवाड़ी सम्मेलन एवं हॉट कुक्ड मील वितरण कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न

**लखनऊ, देशबन्धु।** लखनऊ जनपद के सरोजिनी नगर ब्लॉक स्थित रामचौरा आंगनवाड़ी केंद्र पर बेबी रानी मौर्या, मंत्री महिला एवं बाल विकास, लीना जौहरी, अपर मुख्य सचिव, महिला एवं बाल विकास, उप्र शासन, तथा सरनीत कौर ब्रोका, निदेशक, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों एवं आंगनवाड़ी केंद्र पर पंजीकृत लाभार्थियों के अभिभावकों के साथ विश्व बाल दिवस के अवसर पर अभिभावक-आंगनवाड़ी सम्मेलन का उद्घाटन किया गया।



इस अवसर पर प्रदेश भर के समस्त आंगनवाड़ी केन्द्रों पर उक्त कार्यक्रम का विधिवत आयोजन किया गया। साथ ही इस कार्यक्रम में हॉट कुक्ड मील वितरण, अभिभावक-आंगनवाड़ी बैठक और बच्चों की विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया।

मंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि- आंगनवाड़ी केंद्र समुदाय में महिलाओं एवं बच्चों को पोषण, वृद्धि निगरानी और गतिविधि-आधारित शाला पूर्व शिक्षा जैसी सेवाएँ प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। प्रदेश सरकार बच्चों को सुपोषण और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए पूर्णत: प्रतिबद्ध है। हॉट कुक्ड मील योजना और नियमित अभिभावक सम्मेलनों से बच्चों की पोषण स्थिति में सुधार के साथ उनकी सीखने की क्षमता भी मजबूत हो रही है।

महिला एवं बाल विकास विभाग की मंत्री ने सरोजिनी नगर क्षेत्र के रामचौरा आंगनवाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया। इस औपचारिक दौरे में मंत्री ने अभिभावक आंगनवाड़ी मीटिंग की गतिविधियों का अवलोकन किया तथा केंद्र में प्रदान की जा रही सेवाओं की विस्तृत समीक्षा की। कार्यक्रम की शुरुआत मंत्री के स्वागत के साथ हुई। इसके बाद अभिभावक-आंगनवाड़ी सम्मेलन की गतिविधियाँ आयोजित की गईं, जिनमें भावगीत, निशाना खेल एवं बच्चों की प्रशंसा जैसी गतिविधियाँ शामिल रहीं। इस दौरान सभी बच्चों को फल वितरण भी किया गया तथा तीन बच्चों को विद्यारम्भ प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

मंत्री ने आंगनवाड़ी केंद्र की व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए कार्यरत कर्मचारियों से बातचीत की। इसके उपरांत केंद्र पर आने वाली महिलाओं और बच्चों की समस्याओं एवं सुझावों को भी सुना। उन्होंने गोद भराई और अन्नप्राशन की औपचारिकताएँ भी पूरी कराईं। कार्यक्रम के अंत में हॉट कुक्ड मील का वितरण किया गया।

बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग ने रॉकेट लर्निंग संस्था के सहयोग से अभिभावक आंगनवाड़ी बैठक में नए नवाचारों को शामिल किया, जिन्हें कार्यक्रम में प्रस्तुत भी किया गया। कार्यक्रम के दौरान मंत्री एवं वरिष्ठ अधिकारियों ने अभिभावकों, बच्चों और आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों से संवाद किया, जिसमें अभिभावकों के साथ बच्चों की गतिविधियों का प्रदर्शन भी सराहा गया।

आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को संबोधित करते हुए कहा- आंगनवाड़ी केंद्र समुदाय के साथ मिलकर बच्चों को पोषण और शिक्षा उपलब्ध कराने में अहम भूमिका निभाते हैं। बच्चों के मानसिक एवं शारीरिक विकास के लिए मौसमानुसार उपलब्ध पौष्टिक आहार देना अत्यंत आवश्यक है।

अपर मुख्य सचिव लीना जौहरी ने आंगनवाड़ी केंद्रों द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि स्वास्थ्य और शिक्षा से जुड़े सूचकांक प्रदेशभर में लगातार बेहतर हो रहे हैं। निदेशक सरनीत कौर ने केंद्र की गतिविधियों की समीक्षा की और अधिकारियों को कार्यक्रमों को और अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश दिए।

# अभिमत

**सच्चिदानंद जी की करीब दो दर्जन से ज्यादा किताबें हैं। वे हिन्दी व अंग्रेजी दोनों भाषाओं में लिखते थे। इन सभी का संग्रह राजकमल से प्रकाशित सच्चिदानंद सिन्हा रचनावली में हुआ है, जो 8 खंडों में है। इसमें अंग्रेजी से अनूदित किताबें भी शामिल हैं। उन्होंने बताया कि सच्चिदा जी का योगदान विचार निर्माण और कार्यकर्ताओं के प्रशिक्षण में सदैव ही याद किया जाएगा।**

## सिर्फ संत नहीं, विचार के लिए समर्पित थे

**नवाचार**

■ बाबा मायाराम

देश के प्रख्यात समाजवादी विचारक सच्चिदानंद सिन्हा का दो दिन पहले 19 नवंबर को निधन हो गया। वे 97 वर्ष के थे। उनका जाना एक बड़ी क्षति है। विशेषकर, उन सामाजिक कार्यकर्ताओं व लोगों के लिए जो विकल्प की खोज में हैं। उन्होंने अपना जीवन समाजवादी विचार निर्माण, लेखन और युवाओं के प्रशिक्षण के लिए समर्पित किया। वैकल्पिक दिशा देने में उनका योगदान अमूल्य है और वह सदैव ही याद किया जाता रहेगा।

मेरा उनसे परिचय 80 के दशक से था। इस दौरान कई बार उनसे मिलने और उन्हें सुनने का सौभाग्य मिला है। उनके साथ यात्रा की हैं, कुछ समय साथ गुजारा है। उनकी किताबें पढ़ीं हैं। वे एक ऐसे मौलिक विचारक थे, जिन्होंने न केवल देश-दुनिया के बारे में सोचा, विचारा और लिखा है, बल्कि आदर्शवादी जीवन भी जिया है।

बिहार के मुजफ्फरपुर जिले में उनका जन्म 30 अगस्त 1928 को हुआ। वे छात्र जीवन से ही समाजवादी विचारों की ओर आकृष्ट हो गए थे। महाविद्यालयीन पढ़ाई बीच में ही छोड़कर राजनैतिक कार्यकर्ता बन गए। बम्बई चले गए और वहां मजदूर आंदोलन से जुड़े। उन्होंने मजदूरों की तरह जीवन भी जिया। बम्बई में कई तरह के काम किए, मजदूरी की और रेलवे में खलासी और क्लर्क का काम किया। यहां उनका कई महत्वपूर्ण हस्तियों से परिचय हुआ, साथ मिला। उन्होंने डा. आंबेडकर के चुनाव में जिम्मेदारी भी निभाई।

सच्चिदा जी (सच्चिदानंद सिन्हा) को इसके बाद डॉ.राममनोहर लोहिया ने बुलाया और उनकी पत्रिका मैनकाइंड के संपादक मंडल से जोड़ लिया। इसके बाद सच्चिदा जी कुछ समय मुजफ्फरपुर के पास मणिका गांव में रहे। पारिवारिक जिम्मेदारियों का निर्वहन किया और फिर दिल्ली चले गए। दिल्ली में करीब 18 साल रहे।

दिल्ली में उसी दौरान जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) में पढ़ने वाले कुछ युवा भी संपर्क में आए। यह सभी युवा, समाजवादी चिंतक किशन पटनायक व समाजवादी विचारों से जुड़े थे। उनमें से एक सुनील भाई भी थे, जिनके साथ मैंने लम्बे समय तक काम किया है। सुनील भाई ने मध्यप्रदेश के होशंगाबाद (नर्मदापुरम) जिले में आदिवासियों के बीच काम किया था।

इन दिनों मैं बरगढ़ ओडिशा में हूं, जहां लिंगराज भाई का निवास है। वे किसानों के नेता हैं। और लम्बे समय से पूरावक्ती सामाजिक कार्यकर्ता हैं। वे भी उन दिनों जेएनयू में अध्ययनरत थे। 20 नवंबर को किशन पटनायक की याद में बने समता भवन में सच्चिदानंद सिन्हा को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस मौके पर लिंगराज भाई ने बताया कि सच्चिदा जी ने अपना पूरा जीवन सार्थक ढंग से जिया।

उन्होंने याद करते हुए कहा कि वे 80 के दशक को याद करते हुए बताते हैं कि दिल्ली में किराये के घर में रहते थे। यह बहुत मामूली घर था, जो छत पर था। सच्चिदा जी के पास कोई सामान नहीं था, स्टोव था, और कुछ बर्तन। स्टोव, मिट्टी तेल से जलता था। उसमें वे खाना पकाते थे। यहां वे बहुत ही सादगी से रहते थे।

वे आगे बताते हैं कि उनका एक ही काम हुआ करता था, पुस्तकालय जाना और पढ़ना और लिखना। इस दौरान उन्होंने कई किताबें लिखीं। वे ऐसे लेखक हैं, जो कई विषयों पर साधिकार लिखते हैं। शायद वे ऐसे अकेले ही ऐसे व्यक्ति होंगे जो इतने विविध विषयों के जानकार हों, उनके विद्वान हों। उनकी करीब दो दर्जन से ज्यादा किताबें हैं। वे हिन्दी व अंग्रेजी दोनों भाषाओं में लिखते थे। इन सभी का संग्रह राजकमल से प्रकाशित सच्चिदानंद सिन्हा रचनावली में हुआ है, जो 8 खंडों में है। इसमें अंग्रेजी से अनूदित किताबें भी शामिल हैं। उन्होंने बताया कि सच्चिदा जी का योगदान विचार निर्माण और कार्यकर्ताओं के प्रशिक्षण में सदैव ही याद किया जाएगा।

लिंगराज भाई ने कहा सच्चिदा जी शारीरिक और मानसिक रूप से अंत तक सक्रिय रहे। देश-दुनिया की समस्याओं से जूझते रहे और वैकल्पिक दृष्टि से उनका विश्लेषण करते रहे। कुछ दिनों पहले ही उन्होंने सच्चिदा जी से मिलने के लिए मनिका गांव जाने की बात बताई थी, लेकिन अब यह संभव नहीं है।

सच्चिदा जी से मेरा परिचय सुनील भाई ने करवाया था। वे सच्चिदा जी से मिलने उनके गांव मणिका जाया करते थे। वहां से लौटकर सुनील भाई हमें सच्चिदा जी के बारे में बताया करते थे। वहां उन्होंने बहुत से पेड़-पौधे लगाए थे। हैंडपंप से पानी खींचकर खुद उनमें पानी देते थे। बौद्धिक कामों के साथ शारीरिक श्रम को भी वे महत्व देते थे। जैसा कि गांधीजी की सोच भी थी। गांधी की तो नई तालीम की सोच उत्पादक कामों से साथ शिक्षा देने से जुड़ी थी।

जब भी सच्चिदा जी मध्यप्रदेश इटारसी के पास केसला आते थे, तब मैं उनसे मिलने जाता था। 90 के दशक में मैंने केसला में ही पूरावक्ती कार्यकर्ता के तौर पर काम किया था, तब भी उनसे मिलना हुआ था। उसके बाद तो कई बार मिला। कार्यकर्ता शिविर और कार्यक्रमों में उनकी मौजूदगी गरिमामय होती थी। वे कार्यकर्ताओं के सवालों के जवाब देते थे। उनकी शंकाओं व दुविधाओं का समाधान करते थे।

सच्चिदा जी की विद्वता, गहन अध्ययन और चिंतन की तो कोई सानी नहीं है। पर उनका जीवन भी उतना ही सरल, आदर्श से परिपूर्ण, ईमानदार और प्रतिबद्ध था। उनके विचार व जीवन में कोई भेद नहीं था। सादगीपूर्ण व कम से कम दैनंदिन जरूरतें और दूसरों की चिंता करना उनके व्यक्तित्व का हिस्सा था। सरल, शांत और निश्चल मुस्कान ही उनकी पहचान थी।

बरसों पहले एक कार्यक्रम के दौरान उन्होंने बताया था कि उन्होंने घर की बिजली कटवा दी है। इसका कारण उन्होंने बताया कि आमतौर पर बिजली देर रात को रहती है, वह उनके सोने का समय होता है। यानी बिजली के की उस समय जरूरत नहीं होती। वे उनका काम दिन में ही कर लेते थे। वे सालों तक फोन का भी इस्तेमाल नहीं करते थे।

सच्चिदा जी एक पुस्तक उपभोक्तावादी संस्कृति पर है। वे कहते थे यह संस्कृति चीजों की अंतहीन भूख जगाती है, वह नशे की तरह है। मनुष्य का जीवन भोग के लिए नहीं, विचार के लिए है। इसके अलावा, महानगरीय जीवन में एक और किताब है- जिंदगी सभ्यता के हाशिये पर, यह महानगरीय जीवन की समस्याओं की पड़ताल करती है।

सच्चिदा जी ने मौजूदा व्यवस्था को विषमता व आपस में कटुता बढ़ाने वाली बताया। वे मानते थे कि बुनियादी तौर पर सभी आदमी बराबर हैं, इसलिए समता, बराबरी का समाज होना चाहिए। मनुष्य का स्वार्थ भी एक है, इसलिए सबको मिलकर, मतभेद भुलाकर बेहतर दुनिया को बनाने के लिए प्रयास करना चाहिए।

वे गांधी, जेपी, लोहिया की परंपरा के वाहक थे। 20 वीं और 21 वीं सदी के पुल थे। आजादी के आंदोलन से लेकर मौजूदा समय का इतिहास उनकी आंखों में पढ़ा जा सकता था। उनमें आर-पार देखने की दूरदृष्टि थी। धारा को मोड़ने व सोचने का माद्दा था। देश-दुनिया को देखने का वैकल्पिक नजरिया था। उनकी सोच में समाजवाद का एक देशज रूप था। एक गहरा आत्मविश्वास था, दुनिया को बदलने का। वे कहते थे दुनिया को गांधी की ओर लौटना होगा। वे गांधी का प्रसिद्ध कथन याद करते थे कि इस धरती पर सबकी जरूरतों को पूरा करने के लिए पर्याप्त है, लेकिन किसी के लालच के लिए नहीं। जो आज भी प्रासंगिक है। बहरहाल, सच्चिदानंद सिन्हा के विचार व जीवन दोनों की प्रेरणादायी हैं। क्या हम उनसे कुछ सीखना चाहेंगे?

**सच्चिदा जी की विद्वता, गहन अध्ययन और चिंतन की तो कोई सानी नहीं है। पर उनका जीवन भी उतना ही सरल, आदर्श से परिपूर्ण, ईमानदार और प्रतिबद्ध था। उनके विचार व जीवन में कोई भेद नहीं था। सादगीपूर्ण व कम से कम दैनंदिन जरूरतें और दूसरों की चिंता करना उनके व्यक्तित्व का हिस्सा था। सरल, शांत और निश्चल मुस्कान ही उनकी पहचान थी।**

### बीता सप्ताह

**15 नवम्बर**

- बिहार विधानसभा में एनडीए की बंपरजीत हुई। 243 में 202 सीटों पर एडीए को बढ़ मिली। इंडिया गठबंधन को 35 सीटें मिली।
- दिल्ली लालकिले के धमाके का आरोपी उमर नबी का घर बम से उड़ाया गया।
- विदेश मंत्री जयशंकर ने यूएन महासचिव एंटोनियों गुटेरस से मुलाकात की।
- फिलीपींस में कालेसेगी तूफान से 232 लोगों की मौत हो गई।

**16 नवम्बर**

- जम्मू कश्मीर के नौगाम पुलिस थाने में भारी विस्फोट से नौ लोगों की मौत हो गई।
- कोलकाता हाईकोर्ट ने एक सुनवाई में स्पष्ट किया कि नाबालिग भी कर सकते हैं अग्रिम जमानत के लिए आवेदन।
- बिहार में राजद की हार के बाद लालू यादव की बेटी रोहिणी आचार्य ने राजनीति से संन्यास ले लिया।
- बिहार चुनाव नतीजों के बाद एडीआर की रिपोर्ट के मुताबिक 130 अपराध करने वाले विधायक ओर चुके गए 218 विधायक करोड़पति हैं।

**17 नवम्बर**

- दिल्ली विस्फोट मामले में एनआईए ने आतंकी उमर दल नबी के साथी आमिर राशिद अली को गिरफ्तार कर लिया।
- अटाटी वाधा बगर्डर रिट्रीट सेटेमनी के समय में बदलाव किया गया। अब शाम 4.30 से 5 बजे तक।
- आरक्षण पर सीजेआई बीआर गवई ने कहा कि अनुसूचित जाति में भी लागू होना चाहिए क्रीमी लेयर।
- धनुष श्रीकांत ने टोक्यो में चल रहे 25वें ग्रीष्मकालीन डेफलंपिक्स में 10 मीटर एयर राइफल में स्वर्ण पदक जीता।

**18 नवम्बर**

- सउदी अरब मक्का-मदीना जा रही बस सड़क हादसे में 45 भारतीयों की मौत हो गई।
- बांग्लादेश की अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना को अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण ने मौत की सजा सुनाई।
- छग बिलासपुर हाईकोर्ट के महाधिवक्ता प्रफुल्ल एन भारत ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया।
- दुनियाभर में भारतीय मिशनों ने मनाया इंटरनेशनल गीता दिवस 2025

**19 नवम्बर**

- छग-आंध्र बार्डर पर नक्सलियों और सुरक्षा बलों के बीच हुए मुठभेड़ में कुख्यात नक्सल कमांडर माड़वी हिड़मा अपनी पत्नी सहित मारा गया।
- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने जल संरक्षण में उल्लेखनीय कार्य के लिए पूरे देश में अववल रायपुर को सम्मानित किया।
- छग सरकार ने 200 यूनिट तक बिजली बिल हाफ सुविधा फिर शुरू की।
- लगातार 11वें वर्ष चीन बना दुनिया का सबसे बड़ा कूरियर बाजार।

**20 नवम्बर**

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर में जनजातीय गौरव दिवस में शामिल हुई।
- पीएम सम्माननिधि की 21वीं किश्त तमिलनाडु के कोयंबटूर में दक्षिण भारत प्राकृतिक खेती शिखर सम्मेलन कार्यक्रम में पीएम मोदी ने जारी किया।
- भारत ने रूस में दो नए महावाणिज्य दूतावास खोले। विदेशमंत्री एस जयशंकर ने रूस के येकाते रिनबर्ग और कजान में इन दूतावासों का उदघाटन किया।
- बिहार में नितिश कुमार 10वीं बार मुख्य मंत्री बने। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने नितिश कुमार को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

**21 नवम्बर**

- राष्ट्रपति द्रौपद मुर्मू ने छग के अंबिकापुर में जनजातीय गौरव दिवस पर कहा कि आदिवासी संस्कृति को जीवित रखना बहुत जरूरी है।
- सुप्रीमकोर्ट ने कहा कि राज्यपाल विधानसभा से पास विधेयकों को न लटकाएं।
- पं. बंगाल मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी के कहा कि एसआईआर खतरनाक और अमानवीय है।

## बिहार चुनाव: सवाल तो जीतने वालों पर भी हैं

■ अरुण कुमार त्रिपाठी

बिहार चुनाव पर देश क्या, पूरी दुनिया की निगाहें टिकी थीं। जिनकी भी लोकतंत्र में आस्था है उन्हें यह आशा थी कि बिहार भारत में लोकतंत्र के हरण के धारावाहिक सिलसिले को पलट देगा और फिर शुरू होगा पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु और केरल से होते हुए उत्तरप्रदेश तक में अन्याय, झूठ और अत्याचार को उखाड़ फेंकने का चक्र, जो आखिर में केंद्रीय सत्ता के परिवर्तन तक जाएगा। लेकिन बिहार में 'महागठबंधन' की भारी पराजय और 'राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन' की प्रचंड विजय के उपरांत पैदा हुई लोकतांत्रिक शक्तियों की निराशा देखकर सूर्यकांत त्रिपाठी निराला की प्रसिद्ध कविता 'राम की शक्ति पूजा' का स्मरण हो गया।

वही कविता जो 1936 में तब लिखी गई थी, जब भारतीय स्वतंत्रता संग्राम आशा और निराशा के संमुदर में गोता खा रहा था। महात्मा गांधी को समझ नहीं आ रहा था कि अंग्रेजों से किस प्रकार लड़ा जाए कि जल्दी आजादी मिल जाए। अंग्रेज निरंतर भारत को विभाजित कर रहे थे और गांधी के समक्ष एक ओर मोहम्मद अली जिन्ना की चुनौती थी तो दूसरी ओर सावरकर और तीसरी ओर भीमराव अंबेडकर की।

**पराजय का सिलसिला और उससे उपजी निराशा इतनी गहरी है कि वे तमाम लोग भी इस विजय को वैधानिक और नैतिक मान रहे हैं जो न सिर्फ दिन-रात लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा की बात करते हैं, बल्कि उसके लिए सड़क से न्यायालय तक सक्रिय भी रहते हैं। ऐसे व्याख्याकारों की लंबी कतार है जो साफ कह रहे हैं कि महिलाओं, अति पिछड़ों और सवर्ण मतों का बड़ा हिस्सा राजग के पक्ष में एकजुट था।**

निराला की कविता में जो निराशा छलकती है उसमें हम इस युग की निराशा के अंश देख सकते हैं। निश्चित तौर पर इस पराजय के बाद हमने 'इंडिया समूह' के नेताओं को रोते हुए नहीं देखा, लेकिन वे उसी प्रकार रो रहे होंगे जैसे रावण से पराजित होकर रण से लौटे राम के नेत्रों से आंसू गिर रहे थे। निराला की कविता में आज की लोकतांत्रिक और अधिनायकवादी शक्तियों के संघर्ष को हम देख सकते हैं।

पराजय का सिलसिला और उससे उपजी निराशा इतनी गहरी है कि वे तमाम लोग भी इस विजय को वैधानिक और नैतिक मान रहे हैं जो न सिर्फ दिन-रात लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा की बात करते हैं, बल्कि उसके लिए सड़क से न्यायालय तक सक्रिय भी रहते हैं। ऐसे व्याख्याकारों की लंबी कतार है जो साफ कह रहे हैं कि महिलाओं, अति पिछड़ों और सवर्ण मतों का बड़ा हिस्सा राजग के पक्ष में एकजुट था। नीतीश कुमार के सामाजिक न्याय के कंधे पर हिंदुत्व ने सवारी कर रखी थी इसलिए इसे जीतना ही था।

राहुल गांधी विदेश चले गए, 'एसआईआर' पर शुरू में यात्रा की, लेकिन बाद में उसे मुद्दा नहीं बना पाए, उतनी मेहनत नहीं कर पाए जितनी 'एनडीए' के नेताओं ने की, टिकट ठीक से नहीं बांटा, तेजस्वी को मुख्यमंत्री पहले नहीं घोषित किया, जंगल राज का खौफ वगैरह-वगैरह। मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना ने चमत्कार किया और बड़ी संख्या में महिलाओं ने पुरुषों से अलग होकर वोट दिया।

जब ऐसी योजनाएं महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश में काम कर सकती हैं तो बिहार में क्यों नहीं। फिर ऐसी योजनाओं का हथकंडा तृणमूल कांग्रेस और झारखंड मुक्ति मोर्चा अपनाता है तो जनता दल (एकी) के अपनाने में क्या दिक्कत है। नीतीश कुमार को जनता ने शानदार विदाई दी और आपरेशन सिंदूर से लेकर दूसरे मोर्चों तक प्रकट भाजपा और संघ के राष्ट्रवाद की काट न तो जाति जनगणना से की जा सकती है और न ही नौकरियां देने के खोखले वादे से।

इन तमाम तर्कों ने पूर्व निर्धारित इस प्रचंड जीत को सही साबित करना और विपक्ष और उसके नेताओं को नकारा बताना शुरू कर दिया है। इस प्रक्रिया में उस हिंसक और निम्नस्तरीय भाषा की अनदेखी की जा रही है जिसका प्रयोग चुनाव के दौरान प्रधानमंत्री, गृहमंत्री और उनके केंद्रीय मंत्रियों ने किया। इस बात की भी अनदेखी की जा रही है कि बीच चुनाव में महिला रोजगार योजना की राशि खाते में दिया जाना 'आदर्श आचार संहिता' का स्पष्ट उल्लंघन है।

इस बात की भी उपेक्षा हो रही है कि इस दौरान अपराधियों ने किस प्रकार चुनाव को न सिर्फ प्रभावित किया, बल्कि चुनाव में विजय भी हासिल की। इस बात पर भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है कि महिलाओं के खाते में दस हजार की राशि स्थानांतरित करने के अलावा धनबल और सरकारी बल का अनौपचारिक रूप से कितना प्रचंड प्रयोग हुआ।

इस बीच 'एसआईआर' के मुद्दे के प्रभावहीन होने का भी सारा दोष विपक्ष पर ही मढ़ा जा रहा है। न तो उस प्रक्रिया में काटे गए और जोड़े गए नामों पर चर्चा हो रही है और न ही इस बात पर चर्चा हो रही है कि चुनाव आयोग किस प्रकार निरंतर पारदर्शिता से दूर चुनावों को सत्तारूढ़ दलों के जश्न और विपक्ष के शोक का आयोजन बनाता जा रहा है। असल में बिहार के इन चुनाव परिणामों ने एक बात को प्रमाणित कर दिया है कि भारतीय लोकतंत्र में न सिर्फ संस्थाएं भ्रष्ट और अनैतिक हुई हैं, बल्कि समाज भी अनैतिक और भ्रष्ट हुआ है।

बड़े दुख के साथ कहना पड़ रहा है कि नीतीश कुमार ने स्त्रियों के सबलीकरण के बहाने स्त्रियों को भी मरते हुए लोकतंत्र के प्रति संवेदनहीन बना दिया है। अगर महिलाओं को राष्ट्रीय स्तर पर छीने जा रहे संवैधानिक अधिकारों की पीड़ा नहीं दिखती और खाते में आई हुई रकम से वोट को बेच देने की सौदेबाजी ज्यादा ठीक महसूस होती है तो फिर मान लेना चाहिए कि नीतीश कुमार ने अपनी सत्ता के लिए समाजवाद, सामाजिक न्याय और नारी सशक्तिकरण को पूंजीवाद और हिंदुत्व की चेरी बना दिया है।

बिहार से लोकतंत्र की वापसी की आशा वे लोग लगाए हुए थे जिनके मन-मानस में यह स्मृति है कि बिहार अन्याय के विरुद्ध क्रांति की भूमि है। वे जिनके अवचेतन में कहीं बुद्ध बसे हैं, कहीं महावीर तो कहीं वैशाली और लिच्छिवियों का गणतंत्र है। जो यकीन करते हैं कि यही वह धरती है जहां से वीर कुंवर सिंह अंग्रेजों की गुलामी खत्म करने निकले थे। जहां बिरसा मुंडा और सीधू कान्हूं ने उलगुलान किया था। जहां पीतांबर और नीलांबर ने सत्तावन में क्रांति का बिगुल बजाया था।

जहां महात्मा गांधी ने चंपारण सत्याग्रह शुरू किया और जहां जयप्रकाश नारायण पैदा हुए जिसके बारे में दिनकर ने लिखा था कि जिसके चरण चिह्न इतिहास अपने उर पर अंकित कर लेता है। वही जयप्रकाश जिन्होंने लोकतंत्र को नया रूप देने के लिए 1974 में 'संपूर्ण क्रांति' का आह्वान किया। वहीं जहां बाबू राजेंद्र प्रसाद जैसे देशभक्त पैदा हुए।


इस देश की नैतिक लोकतांत्रिक शक्तियां यह भूल रही हैं कि रावण के आमंत्रण पर उसके पक्ष में युद्ध करने के लिए पूंजीवाद और फासीवाद की प्रचंड शक्तियां मैदान में उतर चुकी हैं। वे रावण को अंक में लेकर घूम रही हैं। अविभाजित बिहार पहले अपने खनिजों के कारण आंतरिक उपनिवेश बना था, अब पश्चिमी तट के कारपोरेट द्वय और राजनेता द्वय के लिए चारागाह बनने की तैयारी में है। बिहार क्या, पूरा देश इन शक्तियों के चंगुल में फंस चुका है। पंजाब और हरियाणा से प्रतिरोध जरूर उभरता है, लेकिन वह चुनावी विजय और राजनीतिक सत्ता के परिवर्तन तक पहुंच नहीं पाता।

डॉ. आंबेकर ने कहा था कि- लोकतंत्र न तो सिर्फ चुनावी प्रणाली है, न ही सिर्फ संस्थाओं से निर्मित होता है। वह निर्मित होता है एक ऐसे समाज से, जहां पर भाईचारा होता है, जहां होती है पारदर्शिता और सामाजिक, आर्थिक समानता। वह एक प्रणाली से अधिक संस्कृति है। आज धनबल, सत्ताबल और हिंसक भाषा के प्रहार से घायल लोकतंत्र अपनी प्राण रक्षा के लिए छटपटा रहा है। उस रक्षा की आशा सिर्फ बिहार से करना कुछ अधिक ही था। इसलिए देश की लोकतांत्रिक शक्तियों को बिहार को क्षमा करते हुए अलोकतांत्रिक शक्तियों की नकल नहीं करनी चाहिए। उन्हें नैतिक शक्तियों की आराधना करते हुए साधन की पवित्रता के साथ इस लंबी लड़ाई को चलाना चाहिए।

***(लेखक पत्रकार एवं 'महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिन्दी विश्वविद्यालय' में प्रोफेसर रहे हैं।)***

## बिहार चुनाव : संदेह के बने रहने से लोकतंत्र को नुकसान

भारत में एक समय था जब चुनाव परिणाम चाहे जो भी हों, भारतीय चुनाव आयोग (ईसीआई) युद्ध का सर्वमान्य विजेता और भारत की लोकतांत्रिक परंपराओं का मुख्य रक्षक माना जाता था। ईसीआई शुरुआत में शांत था, फिर मुख्य चुनाव आयुक्त टीएन शेषन के कार्यकाल में एक शेर बन गया और तब से इसने एक प्रखर रक्षक और भारत की लोकतांत्रिक सफलता के लिए आवश्यक तत्व- चुनाव प्रक्रिया के स्वतंत्र मध्यस्थ के रूप में अपनी छवि को बनाए रखा है। चुनाव का समय आते ही राजनीतिक दल अपनी सीमाओं की परीक्षा लेते हैं, लेकिन ईसीआई डटकर खड़ा होता था। वह यह सुनिश्चित करता कि उल्लंघनों की पहचान हो और वास्तव में जांच और निगरानी को बढ़ाता था ताकि प्रक्रिया न केवल निष्पक्ष हो बल्कि ऐसी दिखाई भी दे। अब उस स्वर्णिम युग को भारतीय चुनावी प्रक्रिया का हिस्सा न रह जाने के रूप में देखे जाने की संभावना है। इस हार के कुछ निहितार्थ हैं जिन्हें ईसीआई पूरी तरह से समझ नहीं पा रहा है, जिसने खुद को ऐसे विवादों के भंवर में घसीटने दिया है जिनकी उसे आवश्यकता नहीं थी। आज चुनावों की समाप्ति के साथ ही परिणामों को लेकर एक नई लड़ाई शुरू हो गई है, एक ऐसी गिरावट जो संपूर्ण राजनीतिक व्यवस्था और एक युवा राष्ट्र के गौरवशाली इतिहास के लिए गंभीर चिंता का विषय होनी चाहिए, जिसने स्वतंत्रता के बाद से सफलतापूर्वक एक उचित और निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया संचालित की है।



जगदीश रतनानी

**चुनावी प्रक्रिया की निष्पक्षता के मुद्दे पर बढ़ते विवाद को आसानी से खारिज नहीं किया जा सकता। एक ऐसा चुनाव आयोग, जिसका बचाव इन दिनों केवल भारतीय जनता पार्टी कर रही है और जो अन्यथा बदनाम है, एक गहरी क्षति है जिसे भाजपा या उसके सहयोगियों के विजय उत्सवों से नहीं धोया जा सकता। विजेताओं को यह एहसास नहीं है कि भले ही वे जीत गए हों, लेकिन उनसे भी पुरस्कार छीन लिया गया है।**

बिहार विधानसभा चुनावों में भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए गठबंधन द्वारा लगभग पूर्ण विजय भी चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली में व्याप्त कमियों के कारण धूमिल हुई है। इसलिए ये परिणाम राष्ट्र को जटिल संकेत भेजते हैं। ये संदेह का कारण बन जाते हैं। अब यह संभव नहीं है कि एक पक्ष हारने वाले द्वारा उचित स्वीकृति के साथ नए कार्यकाल के लिए शपथ ले, जो लोगों के जनादेश और उम्मीदवारों के राजनीतिक भविष्य का फैसला करने की उनकी शक्ति- इन दोनों के आगे झुकना है। ये व्यवस्था की अखंडता, जनता की इच्छा को पढ़ने और लागू करने में उसकी अंतहीनता को छीन लेते हैं और इस प्रकार न केवल हारने वालों के साथ बल्कि विजेताओं और समग्र रूप से राजनीतिक व्यवस्था के साथ भी अन्याय करते हैं। इस मामले में चुनाव आयोग ने खुद को उन आरोपों और संदेहों से दूर न रखकर सभी पक्षों को निराश किया है जो अब उसके विभिन्न कार्यों पर छा रहे हैं।

बिहार में भी, जैसा कि महाराष्ट्र और हरियाणा के पिछले चुनावों में हुआ है, जीतने वाली पार्टी को इन आरोपों का सामना करना पड़ेगा कि उन्होंने एक ऐसे अंपायर को आसानी से हरा दिया जिसकी भूमिका पर अभी भी तीखा विवाद चल रहा है, जिससे पूरी चुनावी प्रक्रिया की निष्पक्षता सवालों के घेरे में आ गई है। विपक्ष का ये आरोप 'अंगूर खट्टे हैं' वाली बात से परे है और वे अब हाल के चुनाव अभियानों और नतीजों का एक बढ़ाता हुआ हिस्सा बन गए हैं, जिससे भारतीय लोकतंत्र अपनी उन्हीं संरचनाओं से ख़तरे में पड़ गया है जिनका काम इसे सुरक्षित और मज़बूत बनाना है।

एक ओर बिहार 2025 के विधानसभा चुनावों के स्पष्ट आंकड़े नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा मशीनरी के ज़बरदस्त प्रभुत्व और गठबंधनों, संदेशों और छवि निर्माण में उसकी महारत को दोहराते हैं। इसकी सामान्य खूबियों के अलावा 'बिहार केन्द्रित' कई कारण भी गिनाए जा रहे हैं, जिनमें मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की कथित लोकप्रियता या लंबी सेवा, ऐन चुनाव के दौरान बिहार की 75 लाख महिलाओं को 10-10 हजार रुपये दिये जाने से भाजपा-एनडीए को बड़ा चुनावी लाभ दिलाया और सब कुछ बदलकर रख दिया। इसने शराबबंदी और राज्य भर में बेहतर कानून-व्यवस्था के दावों जैसे दीर्घकालिक उपायों की बजाय कथित तौर पर महिला मतदाताओं का दिल जीत लिया।

यह मानक पूर्वव्यापी प्रभाव-पश्चात अध्ययन, जो चुनाव में सत्ताधारी दलों द्वारा दिए गए तर्कों पर आधारित है, कुछ जमीनी हकीकतों को दर्शाता है; लेकिन क्या यह उस भारी जीत की व्याख्या कर सकता है, जिसने एनडीए गठबंधन को 243 में से 202 सीटें दिला दीं, जिसमें भाजपा 89 सीटों के साथ सबसे आगे थी और नीतीश कुमार की जनता दल (यूनाइटेड) 85 सीटों के साथ शीर्ष पर थी?

प्रतिवादस्वरूप, जो उतना ही मान्य है, यह पूछेगा कि 9 बार मुख्यमंत्री रह चुके एक व्यक्ति, जिन्हें उनके बदलते संबंधों के लिए 'पलटूराम' कहा गया और जिनकी आलोचना की गई है कि वे नियंत्रण में नहीं हैं या भाजपा द्वारा 'अपहृत' कर लिए गए हैं, इतनी बड़ी जीत कैसे दिला सकते हैं? भाजपा की बेहतर रणनीति और व्यवस्था में मौजूद संसाधनों की रीढ़ को देखते हुए भी, यह एक ऐसी सत्ता थी जिसने बिहार को विशेष रूप से फलते-फूलते नहीं देखा। युवाओं के लिए नौकरियों की कमी या निवेश की कमी उस सिक्के का दूसरा पहलू है जो उपहारों और रियायतों से मतदाताओं की वफादारी खरीदता है, भले ही ये दीर्घकालिक शासन और राजकोषीय प्रबंधन को नुकसान पहुंचाए। 'काम के लिए पलायन' बिहार के लिए अभिशाप बना हुआ है और यह राज्य में आम जनता के लिए अच्छे रोज़गार प्रदान करने के अवसरों की कमी को दर्शाता है। भारतीय जनसंख्या अध्ययन संस्थान, मुंबई द्वारा 2019 में किए गए एक अध्ययन के अनुसार, बिहार में मौसमी प्रवास अधिक प्रचलित है। मध्य गंगा के मैदान में देखे जाने वाले 72.8 प्रतिशत मौसमी प्रवासी राज्य से आते हैं। इसके कारण हैं- गरीबी और मजबूरी, बेरोजगारी, भूमिहीनता और भोजन की कमी। इस बात का कोई सबूत नहीं है कि राज्य की ऐतिहासिक प्रतिकूलताओं में हाल के वर्षों में नाटकीय बदलाव आया है।

यह भी ध्यान देने योग्य है कि विपक्षी दलों में कुछ अव्यवस्था ज़रूर थी, लेकिन राजद-कांग्रेस के नेतृत्व वाले महागठबंधन के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार, राष्ट्रीय जनता दल के तेजस्वी यादव की रैलियों में ऊर्जा भी देखी गई। विपक्ष के नेता राहुल गांधी की वोट अधिकार जागरूकता रैलियों को भी ज़मीनी स्तर पर अच्छी प्रतिक्रिया मिली। गांधी ने बाबू जगजीवन राम के राजनीतिक गृह सासाराम से 'मतदान के अधिकार' आंदोलन की शुरुआत की और बिहार के लगभग 20 ज़िलों को कवर किया। चुनाव के बीच में यह आंदोलन चुनाव आयोग में विश्वास की कमी को दर्शाता है, जिससे हाल के वर्षों में चुनाव-दर-चुनाव आयोग के नैतिक अधिकार को कमज़ोर किया गया है।

चुनावी प्रक्रिया की निष्पक्षता के मुद्दे पर बढ़ते विवाद को आसानी से खारिज नहीं किया जा सकता। एक ऐसा चुनाव आयोग, जिसका बचाव इन दिनों केवल भारतीय जनता पार्टी कर रही है और जो अन्यथा बदनाम है, एक गहरी क्षति है जिसे भाजपा या उसके सहयोगियों के विजय उत्सवों से नहीं धोया जा सकता। विजेताओं को यह एहसास नहीं है कि भले ही वे जीत गए हों, लेकिन उनसे भी पुरस्कार छीन लिया गया है क्योंकि जब संदेह बना रहता है, तो जीत भी बेकार होती है। इससे लोगों और राजनीतिक दलों में जो आक्रोश पैदा होता है, वह आने वाले दिनों में कुछ बहुत ही जटिल और चुनौतीपूर्ण तरीकों से सामने आएगा।

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार और एसपीजेआईएमआर में संकाय सदस्य हैं।) (द बिलियन प्रेस)**

# गदंगी के साए में बन रहा था, ब्रांडेड कम्पनियों के उत्पादों का कच्चा माल

## खाद्य विभाग ने मारा छापा, एसएस नेचुरल्स फैक्टरी का लायसेंस किया रद्द




**जबलपुर, देशबन्धु।** यदि आप आंवला फल से बने ब्राण्डेड कम्पनियों के उत्पाद जैसे जैम, जूस, कैंडी, अचार, चटनी, च्यवनप्राश जैसे प्रोडक्ट लेने के आप आदि हो चुके हैं तो यह खबर आपके लिए है। शुक्रवार को अधारताल तहसील के ग्राम बघेली में स्थित एसएस नेचुरल्स की फैक्टरी में खाद्य विभाग ने जब छापा मारा तो वह भी देखकर अचम्भित रह गई कि किस गंदगी के साए आवंला का कच्चा मटैरियल तैयार किया जा रहा है। एक बड़ी सी फैक्टरी में कई मजदूर महिलाओं से काम करवाया जा रहा है। फैक्टरी में बड़ी संख्या में प्लास्टिक की टंकियों में आंवला का पेस्ट तैयार किया जा रहा था। जिस मशीन से आंवला का कच्चा मटेरियल निकाला जा रहा था ऐसा लग रहा जैसे महिनों से उसे साफ ही नहीं किया गया। बड़ी-बड़ी प्लास्टिक की टंकियों में उसे पैक पाया गया। जिसमें कई टंकियों में ऊपरी परत में फफूंद तक दिखायी दे रही थी।

निरीक्षण के दौरान निर्माण क्षेत्र में अव्यवस्था तथा गंदगी के मध्य आंवला पल्प का निर्माण होना पाया गया। अधिकारी, डॉ. संजय मिश्रा ने लोक स्वास्थ्य के हित में प्रतिष्ठान की खाद्य अनुज्ञप्ति क्रमांक 1142170000079 को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। इस सम्बंध में खाद्य निरीक्षक देवेन्द्र कुमार दुबे ने बताया कि खाद्य अनुज्ञप्ति निलंबन की अवधि में प्रतिष्ठान से खाद्य कारोबार का संचालन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

### मैनेजमेंट का मात्र एक कर्मचारी-

मैनेजमेंट में मात्र एक कर्मचारी कार्यरत मिला। उसने बताया कि मालिक कभी-कभार ही फैक्टरी आते हैं। मटेरियल तैयार होकर कई बड़ी कम्पनियों में जाता है उस कच्चे मटैरियल से बहुत सी वस्तुएं बनायी जाती है जैसे जैम, जूस, कैंडी, अचार, चटनी, च्यवनप्राश इत्यादि तैयार की जाती है। हालांकि कर्मचारी ने यह नहीं बताया कि कौन-कौन सी कम्पनियों में आंवला का कच्चा मटेरियल भेजा जाता है।

### दागदार आंवले का हो रहा था इस्तेमाल

टीम ने बताया कि आंवले में काले धब्बे या अन्य वेस्टेज मटेरियल को भी बगैर काटे उसमें उपयोग में लिया जा रहा था। फैक्ट्री में काम कर रहे मजूदर महिलाओं के अलावा एक भी जिम्मेदार व्यक्ति नहीं दिखायी दिया। जो सही-सही जानकारी दे सकें।

# आधा सैकड़ा से अधिक समितियां डिफाल्टर, महिला स्वसहायता को मिल सकती है कमान

## धान उपार्जन की तैयारी शुरु, 47 समितियां हो पाईं फाइनल

**जबलपुर, देशबन्धु।** जिले में धान खरीदी के लिए 1 दिसम्बर से 20 जनवरी तक की तारीख तय हो चुकी है। धान खरीदी में मात्र 8 दिन बाकी है। 102 केन्द्रों के लिए फिलहाल 102 में से 47 समितियॉ ही फाइनल हो पायी हैं। ऐसे में खाद्यआपूर्ति निगम इस बात के लिए परेशान है कि बाकी केन्द्रों के लिए खरीदी कौन करेगा। हालांकि शासन से मिले निर्देश मिले है कि बाकी 55 केन्द्रों पर महिला स्वसहायता खरीदी करायी जाए। मालूम हो कि जिलें में धान घोटाला के बाद करीब आधा सैकड़ा समितियों पर अनियमितताओं के आरोप लगे हैं। इस कारण इस बार इन डिफाल्टर समितियों को खरीदी का काम नहीं दिया जा रहा है।

**समितियों को मिला प्रशिक्षण** - कलेक्ट्रेट कार्यालय में उपार्जन के लिए सभी 47 समितियों को प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान उपार्जन सम्बंधी कई बिन्दुओं पर चर्चा की गई।

### इनका कहना है

धान उपार्जन की तैयारी चल रहीं है अभी 47 समिति फाइनल हुई हैं बाकी केन्द्रों के लिए शासन से निर्देश आए हैं कि महिला स्वसहायता समूह से खरीदी कराई जावे। इसकी प्रक्रिया चल रही है।

**राजधर साकेत,** नियंत्रक, खाद्यआपूर्ति निगम

## कर्मचारियों की मांगे पूरी नहीं हुई तो रादुविवि में फिर होगा कार्य बहिष्कार आंदोलन

**जबलपुर, देशबन्धु।** कर्मचारी संघ नें फिर एक बार रादुविवि प्रशासन को पत्र प्रकाशित करते हुए बताया कि यदि प्रशासन ने उनके दिये 20 सूत्रीय समस्याओं का निराकरण जल्द से जल्द नहीं किया तो कर्मचारी संघ फिर से कार्य बहिष्कार आंदोलन करने बाध्य होगा। दरअसल विश्व विद्यालय प्रशासन ने उनकी समस्यायों के निराकरण के लिये लिखित आश्वासन दिया था, पर समस्या जस की तस वैसी ही है। संघ ने प्रबंधन से जायज समस्याओं को निराकरण करने की मांग की है। साथ ही चेतावनी दी है कि मांगे पूरी न होने पर आंदोलन होगा।

## सार-समाचार

### महाराष्ट्र शिक्षण मंडल के शताब्दी उत्सव पर विधि महाविद्यालय एवं अटल सारथी का शुभारंभ



**जबलपुर, देशबन्धु।** महाराष्ट्र शिक्षण मंडल को अपने शताब्दी वर्ष में दो विशेष उपलब्धियां प्राप्त हुई है। महाराष्ट्र विधि महाविद्यालय को मान्यता एवं भारत सरकार, नीति आयोग के अटल इनोवेशन मिशन द्वारा महाराष्ट्र शिक्षण मंडल की अटल सारथी के रूप में नियुक्ति हुई। उक्त प्रकल्पों का विधिवत शुभारंभ शुक्रवार को अपरान्ह 4 बजे शहीद स्मारक सभागृह, गोलबाजार में केरल पांत के राज्यपाल राजेंद्र आर्लेकर के करकमलों द्वारा किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सर्वोच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश डीएम धर्माधिकारी ने की।

शताब्दी उत्सव समिति के अध्यक्ष डॉ. जितेंद्र जामदार ने अपना स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। तत्पश्चात नई दिल्ली से विशेष आमंत्रित अटल इनोवेशन मिशन की वरिष्ठ पदाधिकारी मौलविका कुलकर्णी द्वारा अटल सारथी पर एक पॉवर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से विस्तृत जानकारी दी गई। संस्था के कार्याध्यक्ष प्रशांत पोल द्वारा विशेष संबोधन में शिक्षण मंडल के इतिहास एवं कार्यकलापों के विषय में जानकारी दी गई। इस अवसर पर राज्यपाल के द्वारा शिक्षण मंडल के वरिष्ठतम पूर्व छात्र एवं सर्वोच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश प्रकाश नावलेकर को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. आर्लेकर के करकमलों से विधि महाविद्यालय एवं अटल सारथी का विधिवत शुभारंभ किया गया। मंडल के सचिव प्रमोद पाठक द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया।

### यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने किया राष्ट्रव्यापी डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र शिविर का आयोजन




**जबलपुर, देशबन्धु।** पेंशन एवं पेंशनभोगी कल्याण विभाग, कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय द्वारा राष्ट्रव्यापी डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र अभियान 4.0 आयोजित किए जा रहे हैं। इसी के तहत यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, जबलपुर द्वारा शुक्रवार को यूनियन बैंक गोपालबाग शाखा, हिरजी गोविंद जी कंपाउंड, बल्देवबाग सर्वोदय नगर के परिसर में डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र जमा करने के लिये शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि, पेंशन एवं पेंशनभोगी कल्याण विभाग के अपर सचिव, सिद्धेश्वर चक्रवर्ती तथा विशेष अतिथि महाप्रबंधक कार्यालय भोपाल से उपमहाप्रबंधक मुकेश भारती शर्मा उपस्थित रहे। यूनियन बैंक जबलपुर क्षेत्र प्रमुख उपमहाप्रबंधक समीर कुमार ने भी कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। सहायक महाप्रबंधक जबलपुर क्षेत्र अमित श्रीवास्तव ने डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र जमा करने को आसान तथा उपयोगी बताया। इस कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के पेंशन कर्मियों ने ऑनलाइन जीवन प्रमाणपत्र जमा किया तथा लाभान्वित हुए। बैंक द्वारा सभी पेंशन धारकों के लिए हैल्थ चेक अप कैंप भी लगाया गया । पेंशन धारक, मोबाइल एप के माध्यम से लाइफ सर्टिफिकेट जमा कर बहुत खुश हुए तथा सरकार और बैंक के माध्यम से इस मुहिम एवं हैल्थ चेक अप कैंप की बहुत सराहना की। बैंक रिटाइरीस असोशिएशन अध्यक्ष बीसी तिवारी ने अंत में धन्यवाद ज्ञापन देकर डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र जमा होने की सराहना की तथा सरकार की इस राष्ट्रव्यापी कदम के लिए धन्यवाद दिया।

### एक दिवसीय 'रिवर रेंचिंग' का आयोजन

**जबलपुर, देशबन्धु।** विश्व मत्स्यकी दिवस के अवसर पर शुक्रवार को कुलपति प्रो मंदीप शर्मा के निर्देशानुसार मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय, नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, मध्य प्रदेश एवं मछुआ कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वाधान में मत्स्य सम्पदा योजनान्तर्गत रिवर रैंचिंग एवं जागरूकता कार्यक्रम' का आयोजन किया गया। जिसके तहत तिलवारा घाट नर्मदा नदी तट पर मत्स्य बीच संचय किया गया। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय मत्स्य विकास बोर्ड, हैदराबाद, मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्रालय, भारत सरकार के द्वारा वित्त पोषित किया गया।

# आत्मनिर्भर भारत का संकल्प युवाओं के योगदान से होगा पूर्ण : राहुल कोठारी




**जबलपुर, देशबन्धु।** आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी संभागीय कार्यालय रानीताल में युवा सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें प्रथम प्रवास पर जबलपुर पधारे प्रदेश महामंत्री संभाग प्रभारी राहुल कोठारी मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित किया।

प्रदेश महामंत्री एवं संभाग प्रभारी ने युवा सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि मैंने पूरे देश में अनेकों युवा तरुणाई देखी है परंतु जबलपुर की युवा तरुणाई को देखकर यह स्पष्टता के साथ कह सकता हूं कि जबलपुर को संस्कारधानी क्यों कहा जाता है संगठन में ही हमारी शक्ति समाहित होती है सबका अवलोकन पार्टी करती है और यह बात सही है कि जो आज के युवा हैं राजनीति में आते हैं तो ऊर्जा का संचार होता है।

भाजपा जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर ने कहा कि युवा शक्ति भारत की सबसे मजबूत नींव है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश ने भी तय किया कि युवा भी आत्मनिर्भर भारत के संकल्प से आगे बढ़े क्योंकि हमारे देश युवा शक्ति के बल पर भारत सबसे विकसित राष्ट्र बने।

युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष योगेंद्र सिंह ने कहा कि भारत माता की जय का अर्थ ही नेशन फर्स्ट है। विधायक अभिलाष पांडे ने कहा कि स्वदेशी एवं आत्मनिर्भर भारत का संकल्प देश के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिया आप देश की आने वाली पीढ़ी हो। प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन ने सभी युवाओं को आत्मनिर्भर भारत का संकल्प दिलाया।

इस अवसर पर ग्रामीण अध्यक्ष राजकुमार पटेल, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, रिकुंज विज, पंकज दुबे, रजनीश यादव, रंजीत पटेल, प्रणीत वर्मा, सोनू बचवानी, युवा मोर्चा महामंत्री ईशान नायक व अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# एमपी ट्रांसको के शिविर में पेंशनर्स को एक स्थान पर मिली सभी सुविधाएं



**जबलपुर, देशबन्धु।** भारत सरकार के डिजिटल इंडिया विजन के तहत मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) द्वारा पेंशनर्स की सुविधा के लिए भोपाल स्थित एमपी ट्रांसको के प्रशासनिक भवन, बिजली नगर, गोविंदपुरा में डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। एमपी ट्रांसको के मुख्य वित्तीय अधिकारी मुकुल महरोत्रा ने बताया कि शिविर में पेंशनर्स को लाइव डेमोंस्ट्रेशन के माध्यम से डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट बनाने की संपूर्ण प्रक्रिया समझाई गई, जिससे उपस्थित पेंशनर्स को आधुनिक डिजिटल सुविधाओं का व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त हुआ। शिविर को सफल बनाने में संयुक्त निदेशक पेंशन एसजी हीरेमठ, उपनिदेशक पेंशन यदुराज राय, उपनिदेशक टर्मिनल बेनिफिट ट्रस्ट एवं नवीन पेंशन योजना मिस नेहा गुप्ता, लेखाधिकारी पेंशन मोनिका साकेत, वरिष्ठ लेखाधिकारी भोपाल देवेन्द्र साबरे, लेखाधिकारी भोपाल महेश चौहान तथा अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## स्मार्ट मीटर के विरोध में कांग्रेसियों ने गोहलपुर थाना घेरा

**जबलपुर, देशबन्धु।** विगत दिवस मोतीलाल नेहरू वार्ड में कई घरों में जबरन मीटर लगा दिये गये। जिससे पार्षद शफीक हीरा की विद्युत कर्मियों से बहसबाजी भी हुई। इस बीच कर्मियों ने महिलाओं से भी अभद्रता की। जिसके विरोध में शुक्रवार को जिला कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष सौरभ नाटी शर्मा और स्थानीयजनों ने गोहलपुर थाने का घेराव कर दिया। इस संबंध में सौरभ नाटी शर्मा ने बताया कि उपभोक्ता वर्ग अपने अधिकारों और सम्मान की रक्षा के लिए आवाज उठा रहा है। उन्होंने चेतावनी दी, कि यदि शिकायतों पर शीघ्र और निष्पक्ष कार्रवाई नहीं की गई, तो उपभोक्ता संगठन को आंदोलन का दायरा और विस्तृत करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। उन्होंने थाने में विस्तृत शिकायत दर्ज करते हुए संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की मांग की। पार्षद शफीक हीरा ने बताया कि जेई मधुकर, जेई पुष्पजीत धुर्वे, विवेक नेम सहित लगभग 40-50 कर्मचारियों द्वारा विभिन्न अवसरों पर ऐसी गतिविधियां की गई हैं, जिनकी जांच आवश्यक है।



# विक्टोरिया में एमआरआई सेंटर के लिये चाहिए मिनी पावर हाउस

## पुराने ट्रांसफार्मर से नहीं चलेगा काम, विद्युत अधिकारी नहीं दे रहे स्वीकृति

**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रदेश शासन के निर्देशों के तहत जिला अस्पताल सेठ गोविन्द दास चिकित्सालय में एमआरआई सेंटर स्थापित करने की लगभग पूरी तैयारी हो चुकी थी कि एनवक्त पर विद्युत कम्पनी ने स्वीकृति देने से बना कर दिया है। जानकारी के अनुसार एमआरआई सेंटर स्थापित करने बकायदा पुराने हड्डी रोग विभाग के भवन में एमआरआई सेंटर बनाने के लिए उसकी टूट-फूट के बाद उसे सेंटर स्थापित करने रेनोवेट किया गया जिसमें लाखो रुपए खर्च कर दिए गए। मशीन खरीदी की प्रक्रिया शुरु होने ही वाली थी कि अचानक विद्युत विभाग के अधिकारियों ने निरीक्षण करते हुए स्वीकृति देने से मना कर दिया। विद्युत अधिकारियों का कहना है कि विक्टोरिया अस्पताल के पास बिजली की इतनी क्षमता ही नहीं है कि वह एमआरआई सेंटर चला सके। दरअसल अस्पताल परिसर में एक पुराना ट्रांसफार्मर लगा हुआ है जिसकी क्षमता 1100 केबी की है। लेकिन वर्तमान में विक्टोरिया अस्पताल में इतने सारी मशीनरी आपरेटर हो रही है। जिसके कारण उसकी खपत लगातार बढ़ती जा रही है। जिसमें एक्सरे विभाग की तीन मशीनें शामिल हैं,सीटी स्केन सेंटर चालू है इसके अलावा ब्लड बैंक,और पेथालॉजी सेंटर में चल रही मशीन,दो आईसीयू केन्द्र,इसके अलावा प्रत्येक डॉक्टरों के केबिन में एसी इसके कारण पुराना ट्रांसफार्मर की क्षमता लगातार बढ़ती जा रही है। जबकि एमआरआई सेंटर को करीब 180 केवी की आवश्यकता है।


इसके लिए विद्युत अधिकारियों ने सुझाया है कि आगे भी बिजली की खपत बढ सकती है इसके लिए एक सबस्टेशन लगाने का सुझाव दिया है। सबस्टेशन लगाने के लिए करीब 40 लाख रुपए तक का खर्च आएगा।

### इनका कहना है

एमआरआई सेंटर स्थापित करने की प्रक्रिया चल रही है। विद्युत अधिकारियों ने विद्युत सबस्टेशन स्थापित करने का सुझाव दिया है। करीब 40 लाख रुपए का खर्च आएगा। इसके लिए रोगी कल्याण समिति से उक्त राशि ली जाएगी।

- **डॉ संजय मिश्रा,** सीएमएचओ,स्वास्थ्य विभाग

# चलती ई स्कूटर का हुआ चका बैंड, गिरा युवक, सिर फटा




**जबलपुर, देशबन्धु।** ई स्कूटर गाड़ी की बढ़ती मांग को देखते हुए वर्तमान में मोटर सायकिल कंपनिया बैटरी से चलने वाले वाहनों को बढ़ावा दे रहे हैं। लेकिन बढ़ती मांग को देखते हुये उसकी गुणवत्ता में समझौता किया जा रहा है। जिसका खामियाजा इन ईस्कूटरों को चलाने वाले ग्राहकों को भुगतना पड़ रहा है। ताजा मामला दमोहनाक निवासी दीपेश गुप्ता का है, उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि उन्होंने 6 नवम्बर को अधारताल स्थित एजेंसी से टीवीएस की इलेक्ट्रिक स्कूटर आई-क्यूब खरीदी थी। 11 नवम्बर की रात को लगभग साढ़े तीन बजे अपना फोटोग्राफी का काम खत्म करके हॉटेल शॉन एलीजा से अपने घर जा रहे थे। संजीवनी नगर कच्छपुरा ब्रिज के नजदीक पहुंचने पर अचानक गाड़ी से कुछ आवाज़ आई और गाड़ी बहक गई और वह गिर गये और उनके चेहरे और हाथ-पैर में गंभीर चोटें आयी और वह बेहोश हो गये। एक अन्य राहगीर ने उन्हें उठाया और इलाज के लिये उन्हें निजी अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां इलाज के बाद उन्हें घर भेज दिया गया। गाड़ी में पिछले चके की स्थिति देख कर समझ आ रहा हैं कि गाड़ी का चका चलते चलते बैंड हो गया।

# महिला वर्ग एथेलेटिक्स 50 मीटर चाल में दुलारी और 100 मीटर दौड़ में मरियम रही चैंपियन



**जबलपुर, देशबन्धु।** जबलपुर रेल मंडल में शुक्रवार को अंतर विभागीय खेलकूद प्रतियोगिता के अंतर्गत महिला वर्ग में 50 मीटर चाल और 100 मीटर दौड़ का आयोजन रेलवे ग्राउंड में किया गया। जिसमें 50 मीटर चाल में दुलारी ने प्रथम स्थान, मरियम ने द्वितीय स्थान एवं कविता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 100 मीटर दौड़ में मरियम ने प्रथम स्थान, दुलारी ने द्वितीय स्थान एवं मोनिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। अंतर विभागीय खेलकूद प्रतियोगिता के अंतर्गत बैडमिंटन पुरुष वर्ग प्रतियोगिता के सेमीफाइनल आरपीएफ टीम बनाम मैकेनिकल टीम के बीच मुकाबला रहा। जिसमें संघर्षपूर्ण मुकाबले में आरपीएफ टीम ने बाजी मारी, वहीं दूसरे सेमीफाइनल में ओपीटीजी बनाम एसएंडटी के बीच खेला गया, जिसमें एकतरफा मुकाबले में ओपीटीजी टीम ने जीत हासिल किया। इस मैच में मुख्य अतिथि सुबोध विश्वकर्मा, मण्डल खेलकुद अधिकारी, विशिष्ट अतिथि दीप्ति शर्मा (वरिष्ठ मंडल अभियंता पश्चिम) आदि अधिकारी मौजूद रहे।

# एसआईआर प्रगति की जानकारी देने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक संपन्न




जबलपुर, देशबन्धु। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम (एसआईआर) के अंतर्गत मतदाताओं के सत्यापन और गणना फार्मों के डिजिटाइजेशन के कार्य में अभी तक की प्रगति से अवगत कराने आज शुक्रवार को कलेक्टर कार्यालय में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक आयोजित की गई।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राघवेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई इस बैठक में बताया गया कि एसआईआर के तहत जिले में अभी तक लगभग 31 प्रतिशत गणना पत्रकों का डिजिटाइजेशन का कार्य पूरा किया जा चुका है। जिले में सर्वाधिक 39.21 प्रतिशत मतदाताओं के गणना पत्रकों का डिजिटाइजेशन का कार्य जिले की पाटन विधानसभा क्षेत्र में हुआ है। बैठक में एसआईआर के तहत मतदाताओं के सत्यापन की प्रक्रिया, गणना पत्रकों के वितरण पर राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ विस्तार से चर्चा की गई तथा उनसे इस कार्य में सहयोग का आग्रह किया गया। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ज्योति परस्ते एवं सभी राजनैतिक दलों के पदाधिकारी इस बैठक में मौजूद थे।

**सीईओ जिला पंचायत ने डिजिटाइजेशन की प्रगति का लिया जायजा** - जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक गहलोत ने सिहोरा विधानसभा क्षेत्र के बूथ क्रमांक 17 देहरीखुर्द के सहायक ग्राम सुकरी और सिलपुरा का दौरा कर वहाँ चल रहे एसआईआर कार्य का निरीक्षण किया। सीईओ ने बाघराजी सेक्टर में ग्राम पंचायत के सामुदायिक भवन में सभी बूथ लेवल ऑफिसर, सुपरवाइजर और सेक्टर अधिकारियों के साथ एसआईआर कार्य की समीक्षा की। साथ ही सभी अधिकारियों को आगामी तीन से चार दिवस में शत-प्रतिशत कार्य पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया।

### शत-प्रतिशत डिजिटाइजेशन करने वाले बीएलओ को मिलेंगे हर दिन पुरस्कार

मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के कार्यक्रम के तहत मतदाताओं से प्राप्त भरे हुये गणना फार्म के डिजिटाइजेशन के कार्य को गति देने जिले में अनूठी पहल शुरू की गई है। अब शनिवार 22 नवंबर से हर दिन अपने बूथ के शत-प्रतिशत मतदाताओं के गणना फार्म का डिजिटाइजेशन करने वाले बीएलओ को आकर्षक पुरस्कार दिया जाएगा। पुरस्कार प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के एक और कुल मिलाकर आठ बीएलओ को दिये जायेंगे।

## नर्मदा पुत्र धिष्णीन्द्र की महिमा का बखान



**जबलपुर, देशबन्धु।** रमनगरा जबलपुर में चल रही नर्मदा पुराण कथा के विश्राम दिवस की कथा में कथा व्यास ब्रह्मचारी निर्विकल्प स्वरूप महाराज ने बताया कि स्कंद पुराण के रेवा खण्ड के 22 वें अध्याय में नर्मदा के विवाह का वर्णन आता है। मय और तार नाम के दो भयंकर दैत्य हुए उन्होंने सब देवताओं को परेशान किया इतना परेशान किया कि सब त्राहि-त्राहि करने लगे तब सब देवताओं ने अग्नि देव से प्रार्थना की आप नर्मदा जी से विवाह करें। नर्मदा जी के पास गए तो नर्मदा जी ने मना कर दिया तब अग्नि देव ने शंकर जी की आराधना कि 7 - 10 हज़ार वर्षों तक अग्नि देव ने तप किया तब जाकर शंकर जी प्रसन्न हुए ओर पूछा अग्नि देव क्या चाहिए । ये दैत्य बहुत परेशान कर रहे देवताओं को उनका नाश नर्मदा पुत्र से ही हो सकता है तब भगवान शंकर ने नर्मदा को बुलाया और कहा देवी तुम देवताओं का कष्ट दूर करने तुम उनकी पत्नी पत्नी बन जाओ तब भगवती नर्मदा ने भगवान शंकर की आज्ञा का पालन करते हुए अग्निदेव को पति रूप में स्वीकार किया।

उनका विवाह हुआ एवं पूज्य कथा व्यास ने बताया कि अग्निदेव और नर्मदा जी के द्वारा एक पुत्र का जन्म हुआ उस का नाम धिष्णीन्द्र था वो बड़ा पराक्रमी बड़ा रूपवान था । सब देवताओं ने उससे प्रर्थना की ओर उनको ले गए मय और तार नाम के जो दैत्य थे उन्होंने सब देवताओं को परास्त कर दिए थे।

उनके साथ नर्मदा पुत्र का घोर संग्राम हुआ। भगवान विष्णु ने भी इनसे कहा हे अग्निकुमार तुम इन दैत्यों को मारो देवताओं को सुखी करो तब उन्होंने युद्ध किया ओर युद्ध में मय और तार का वध किया।

कथा को विश्राम करते हुए कहा कि हम हर बार कथा निर्विघ्न संपन्न होने का श्रेय अपने गुरुदेव ब्रह्मलीन जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी स्वरुपानंद सरस्वती महाराज को देते हैं । साथ ही आश्रम प्रभारी महंत ब्रह्मचारी सास्वातानन्द ने बताया कि कथा में पी.डब्ल्यू.डी मंत्री राकेश सिंह, बरगी विधायक नीरज ठाकुर एवं अनेकों माँ नर्मदा के भक्तों ने कथा का श्रवण किया।

## कर्मभूमि के कारण जन्मभूमि आना कम होता है-अभिनेता रघुवीर यादव




**जबलपुर, देशबन्धु।** सेम सीनियर सिटीजन क्लब का सम्मान समारोह आयोजित हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अभिनेता रघुवीर यादव थे। कार्यक्रम में जहां मूवी मैजिक के सदस्यों ने उनका वेलकम किया। रघुवीर यादव ने 120 बहादुर मूवी देखी। सीनियर सिटीजन से मुलाकात करते हुए उन्होंने बताया कि पीपली लाइव, मुंगेरी लाल के सपने, पंचायत, सलाम बाम्बे, सत्यमेव जयते जैसी फिल्में उनके जीवन का अहम हिस्सा बन चुकी है। संयोजक जादूगर एसके निगम, मूवी मैजिक के प्रबंधक अभिषेक ने अभिनेता रघुवीर का स्वागत कर सभी को मूवी दिखाई। इस दौरान उन्हें अमरीका में निर्मित महर्षि महेश योगी का कार्ड भेंट किया गया। इसके साथ ही रिटायर्ड जस्टिस मीना भट्ट ने स्वरचित पुस्तकों का सेट सौंपा। रिटार्यट पुलिस अधीक्षक गोपाल खण्डेल, नरेश शर्मा, जसवीर चौपड़ा, नीरज शुक्ला मौजूद थे। जबलपुर आने का मन हमेशा करता है, लेकिन आना सिर्फ दो बार होता है।

बातचीत के दौरान रघुवीर यादव ने कहा कि जबलपुर आने का मन बहुत होता है, लेकिन केवल साल दो बार ही जबलपुर आना हो पाता है यहां आने के बाद सुकून का लेवल अलग होता है। कर्मभूमि के कारण जन्मभूमि आना कम हो पाता है। उन्होंने कहा कि संस्कारधानी में कई कलाकार हैं, लेकिन उचित मंच ना मिल पाने के कारण वे आगे नहीं बढ़ पाते। उनका कहना है कि सफलता मेहनत मांगती है, यदि कला है तो उसे मेहनत के दम पर आगे लेकर जाना चाहिए।

## जश्ने पंजतन एवं जश्ने अशरफ़ी में गूंजे सूफ़ियाना कलाम



**जबलपुर, देशबन्धु।** ग़त रात्री सदर जामा मस्जिद के सामने सुलताने अकबर, गौसे ज़माँ कलंदरे दौरा, फकीरे अशरफ़ी, मखदूम सूफ़ी सैयद मोहम्मद अख़्तर हुसैन अशरफ़ गुल अशरफ़ी मोहम्मदी किछौछवी (क़ुद्दस सिर्रहू) की सरपरस्ती में गौसे किछौछा गुल अशरफ़ी एकेडमी द्वारा जश्ने पंजतन, जश्ने अशरफ़ी, जश्ने अमीरुल औलिया एवं जश्ने गुल अशरफ़ी का शानदार आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत नमाज़-ए-मग़रिब के बाद सदर जामा मस्जिद में नज़रो-नियाज़ से हुई। इसके पश्चात रात 8:30 बजे से महफ़िले सिमा का एहतिमाम किया गया, जिसमें भारत के मारूफ़ और मक़बूल कव्वाल हाजी उस्ताद सैयद मुकर्रम अली वारसी भोपाली व हमनवाँ ने एक से बढ़कर एक सूफियाना कलाम पेश कर उपस्थित अकीदतमंदों को महफिल में सराबोर कर दिया।

उनके पेश किए गए कलामों पर देर रात तक माहौल सूफियाना रंग में डूबा रहा। सुबह फ़ज्र की नमाज़ के बाद सलातो सलाम और फ़ातेहा का एहतिमाम किया गया, जिसके पश्चात तबर्रुक तकसीम किया गया। आयोजन को यादगार बनाने में जुटे गौसे किछौछा गुल अशरफ़ी एकेडमी ने तमाम मुरीदीन, मुहिब्बान, आशिक़ाने अहले बैत और बुज़ुर्गाने दीन का दिल से शुक्रिया अदा किया और उनकी शिरकत को जश्न की सफलता का आधार बताया।

## युवा उत्सव में देखने को मिली देश की विविधता की झलक

### रादुविवि में अंतर जिला विवि स्तरीय युवा उत्सव का समापन




**जबलपुर, देशबन्धु।** रानी दुर्गावती विवि में आयोजित अंतर जिला विवि स्तरीय तीन दिवसीय युवा उत्सव का समापन हुआ। हर प्रस्तुति में देश की विविधता में एकता की झलक देखने को मिली। आयोजन में नृत्य प्रतियोगितायें हुईं। एकल नृत्य (शास्त्रीय) और समूह लोकनृत्य में प्रतिभागियों ने हुनर दिखाया। समूह नृत्य में पांच जिले के प्रतिभागी ने प्रस्तुति से कला और संस्कृति का बखान किया। युवा उत्सव में 22 विधाओं में पांच जिलों के विद्यार्थियों की सहभागिता रही।

**कला व संस्कृति से समृद्ध हुआ मंच**

कार्यक्रम में विभिन्न जिलों से आए प्रतिभागियों ने कला व संस्कृति का परिचय देते हुए मंच समृद्ध किया। आयोजन में कुलपति प्रो. राजेश कुमार वर्मा, कुलसचिव डॉ. आरके बघेल, संयोजक एवं विवि छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. विवेक मिश्र संयोजक डॉ. वर्षा अगलावे, डॉ. ज्योति श्रीवास्तव, डॉ. प्रीति डोंगरे, सचिव डॉ. सुनील देशपांडे, डॉ. आरके श्रीवास्तव, डॉ. वर्षा अलगावे, महासचिव डॉ. रजनी शर्मा, डॉ. अजय मिश्रा, डॉ. अभय सिंह, डॉ. विवेक सिंह, समयलाल साकेत, मंगलू सिंह मरकाम का सहयोग रहा।

**ये रहे विजेता-** साहित्यिक प्रतियोगिता: क्विज में मोहम्मद अहमद अंसारी (सेंट अलॉसियस कॉलेज सदर), वक्तृता में रितिका भट्ट (गवर्नमेंट कॉलेज डिंडोरी), वाद-विवाद पक्ष में सुष्टि मिश्रा, भौतिक नामदेव (सेंट अलॉयसियल सदर), विपक्ष में सुरजना पटेल, प्रिया साहू (गवर्नमेंट आरडीपीजी कॉलेज मंडला),रूपांकन प्रतियोगिता: रंगोली में समीक्षा श्रीवास (माता गुजरी कॉलेज), कार्टून में नंदिनी पारवानी (माता गुजरी), क्ले मॉडलिंग में गरिमा चक्रवर्ती (गवर्नमेंट कॉलेज कटनी), पेंटिंग में सत्यम शिवम (गवर्नमेंट कॉलेज भुआ बिछिया), पोस्टर में कोमला शर्मा (मानकुंवर कॉलेज), कोलॉज में सान्या नामदेव (सेंट अलॉयसियस गौर) **गायन वादन:** एकल गायन (पाश्चात्य व सुगम गायन) में शशि द्यन्सेला (सेंट अलॉयसियस गौर), समूह गायन (पाश्चात्य शैली व भारतीय शौली ) में (सेंट अलॉयसियस सदर), शास्त्रीय गायन एकल में दिया मिश्रा (श्रीराम कॉमर्स कॉलेज) ताल वाद्य एकल शास्त्रीय वादन परकुशन में ओम राउत (सेंट अलॉयसियस सदर), एकल वादन तन्तु में राज राजेश्वरी नायडू (सेंट अलॉयसियस गौर)।

## गुरु तेग बहादुर मैराथन रेस कल सैकड़ों धावक हिस्सा लेंगे




**जबलपुर, देशबन्धु।** गुरु तेग बहादुर महाराज के पवित्र 350 वें शताब्दी शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में कल गुरुद्वारा प्रेमनगर से प्रात: 7 बजे मैराथन रेस निकाली जाएगी जो कि शंकराचार्य चौक, गोरखपुर, शास्त्री पुल, गुरुद्वारा मढ़ाताल, महाराष्ट्र स्कूल, फ्लाई ओवर ब्रिज, गुलाटी पेट्रोल पंप होते हुए गुरुद्वारा प्रेमनगर मैदान में सम्पन्न होगी । इस मौके पर कर्नल गुर्रम सिंह, लोक निर्माण विभाग मंत्री राकेश सिंह, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू एवं पूर्व मंत्री हरेंद्र जीत सिंह, बब्बू एवं समस्त गुरुद्वारों के अध्यक्ष अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। इसमें सैकड़ों धावक हिस्सा लेंगे।

प्रथम पुरस्कार 5000 द्वितीय पुरस्कार 2500 एवं तृतीय पुरस्कार 1100 के साथ ही प्रमाण पत्र एवं सभी प्रतिभागियों को स्पोर्ट्स जर्सी प्रदान की जाएगी । आयोजक सिख सेवक जत्था के अध्यक्ष मनमोहन सिंह एवं सिख स्पोर्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष गुरमीत सिंह भामरा ने संस्कारधानीवासियों से आयोजन में शामिल होने की अपील की है।

## जीएसटी के वार्षिक रिटर्न प्रक्रिया व जटिलताओं के बदलावों पर किया मंथन



**जबलपुर, देशबन्धु।** द इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया जबलपुर शाखा के तत्वावधान में कार्यशाला आयोजित हुई। आयोजन में शाखा अध्यक्ष सीए कैलाश चंद्र अग्रवाल ने बताया कि कार्यशाला में बदलते वैश्विक परिप्रेक्ष्य, नई कर-व्यवस्थाओं, जीएसटी ट्राइब्यूनल की स्थापना, से जुड़ी बातों पर वक्तत्व दिया गया। संयोजक सीए सुकेश कुमार चार्टर्ड अकाउंटेंट्स के लिए प्रैक्टिस के क्षेत्र में तकनीकी दक्षता, अद्यतन ज्ञान और अंतरराष्ट्रीय संभावनाओं को समझने का एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान करेगा।

**जॉइंट डेवलपमेंट एग्रीमेंट-** कार्यक्रम में इंदौर से आए वक्ता और सीसीएम सीए पंकज शाह ने जॉइंट डेवलपमेंट एग्रीमेंट, कैपिटल गेन की जटिलता। इसके साथ ही वर्तमान समय में सफल व्यवसाय परिवारों और महिलाओं के लिए अपने उत्तराधिकारी के नियोजन पर सक्सेशन प्लानिंग विषय पर उद्बोधन दिया। दूसरे सत्र में भोपाल से आए वक्ता और सीसीएम सीए अभय छाजेड़ ने सदस्यों को वैश्विक अवसर के अंतर्गत भारत के भीतर और बाहर अपनी प्रैक्टिस को किस प्रकार पहुंचना चाहिए विषय पर वक्त्व दिया।

**जटिलता एवं बदलाव-** तकनीकी सत्र में इस वर्ष भरी जाने वाली जीएसटी वार्षिक रीटर्न जीएसटीआर-9 और 9सी की जटिलता और बदलाव पर वक्ता सीए नीरज अग्रवाल ने अपना पत्र प्रस्तुत किया। जीएसटी ट्रिब्यूनल में अपील करने की जानकारी सीए संचित अग्रवाल ने दी। इस मौके पर सचिव सीए प्रणव अग्रवाल, सीए चांदनी आहूजा, तरुण पारवानी, रविकांत जैन, आशीष जैन, आयुष अग्रवाल, पल्लवी अग्रवाल, , पंकज गुप्ता, सौरभ जैन मौजूद थे।

## दैनिक राशिफल

**शनिवार 22 नवम्बर 2025 का पंचांग विक्रम संवत् 2082, शक संवत 1947 हिजरी 1446। अगहन शुक्ल पक्ष की द्वितीया, नक्षत्र-जेष्ठ।**

मेष - आज आप सभी काम सावधानी से करें। सरकार विरोधी काम से दूर रहें। दुर्घटना हो सकती है, इसलिए वाहन आदि का उपयोग ध्यान से करें। बाहर के खान-पान की आदत के कारण स्वास्थ्य बिगड़ने की संभावना है।

वृषभ - आप को अपने प्रिय दोस्तों और स्वजनों के साथ घूमने- फिरने का आनंद प्राप्त होगा। सुंदर वस्त्र-आभूषण और भोजन का अवसर आपको मिलेगा। दोपहर के बाद स्थिति आपके नियंत्रण से हट सकती है।

मिथुन - आज का आपका दिन मनोरंजन और आनंद लूटने का है। शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। कार्यालय में सहयोगपूर्ण वातावरण रहेगा। मित्रों के साथ पर्यटन स्थल पर जाने का आयोजन होगा। **क. 160-479**

कर्क - आज समय थोड़ा कठिन बना रहेगा, लेकिन आपके परिश्रम में कमी नहीं रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पेट दर्द की शिकायत हो सकती है। विद्यार्थियों को पढ़ाई में सफलता मिलेगी।

सिंह - आज हर काम सावधानीपूर्वक करें। मानसिकरूप से तनाव रहेगा। कुछ अस्वस्थता का अनुभव कर सकते हैं। परिजनों के साथ किसी बात पर विवाद हो सकता है। ऐसे समय में संयम बरतना ही हितकर होगा।

कन्या - आपको लाभ होगा। भाग्यवृद्धि का योग दिख रहे हैं। संबंधों में प्रेम और सम्मान की प्रधानता रहेगी। दोपहर के बाद किसी बात को लेकर आप चिंतित रह सकते हैं। इससे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य बिगड़ सकता है।

तुला - शारीरिक और मानसिक रूप से स्वास्थ्य बिगड़ सकता है। पारिवारिक झगड़े में वाणी पर संयम रखना होगा। नेगेटिविटी मन पर छायी रहेगी। घर के सदस्यों के साथ किसी बात का कनफ्यूजन बना रहेगा।

वृश्चिक - आज का आपका दिन मध्यम फलदायी है। सुख और संतोष का अनुभव होगा। परिजनों के साथ आनंदपूर्वक दिन गुजरेगा। आज शुभ समाचार मिलेंगे। दोपहर के बाद परिवार में झगड़े का वातावरण रह सकता है।

धनु - आज दुर्घटना के योग हैं। हर मामले में ध्यान से रहें। अचानक किसी बात पर धन खर्च होगा। स्वभाव में कुछ उग्रता रहेगी। दोपहर के बाद स्थिति सुधरेगी। शारीरिक और मानसिक प्रसन्नता रहेगी।

मकर - आज का दिन व्यापार-व्यवसाय और जॉब करने वालों के लिए अच्छा है। पुत्र और पत्नी से आर्थिक लाभ होगा। सांसारिक जीवन में सुखद प्रसंग बनने से मन खुश रहेगा।

कुंभ - आज का दिन लाभकारी है। व्यापार के क्षेत्र में आप को लाभ प्राप्त होगा। घर-परिवार और समाज में आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी। नौकरी में पदोन्नति होगी। अधिकारी आपके काम से खुश रहेंगे। स्वास्थ्य भी अच्छा रहेगा।

मीन - साहित्यिक गतिविधि में आज आपकी रुचि बनी रहेगी। आज कोई नए काम शुरू कर पाएंगे। किसी धार्मिक यात्रा के योग हैं। विदेश में रहने मित्र तथा स्नेहीजनों से बातचीत हो सकती है। **मा. 478-557**

**2,5,7,9,26,53,78,95,40,03,81,19**

## रेड एंड ब्लैक ड्रेसकोड में किया सेलिब्रेशन, जीते प्राइज



**जबलपुर, देशबन्धु।** फन एंड जॉय की एक्टिविटी के महिलाओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में रंग जमाया। अखिल भारतवर्षीय दिगंबर जैन महिला परिषद लार्डगंज शाखा चंदना संभाग के तत्वावधान में मनोरंजन मीटिंग का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में महिलाओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर रंग जमाया। सेलिब्रेशन में महिलाओं ने ब्लैक एंड रेड ड्रेसकोड फॉलो किया। आयोजन में शाखा से 27 आयोजकों की सहभागिता रही। आयोजन में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ एंटरटेनिंग गेम्स, एक्ट एंड मिमिक्री, सरप्राइज गेम्स एंड क्विज के कार्यक्रम हुए। इसके साथ ही लजीज व्यंजनों के चटखारों से कार्यक्रम का मजा दोगुना किया। कार्यक्रम में संभाग अध्यक्ष संध्या कौशल, संभाग सचिव श्वेता मोदी, अध्यक्ष पूजा विद्यार्थी, सचिव मनीषा जैन, कोषाध्यक्ष रीता जैन मौजूद रहीं।

## सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया का एमएसएमई आउटरीच कैम्प का सफल आयोजन



**जबलपुर, देशबन्धु।** इस कैम्प का मुख्य उद्देश्य एमएसएमई ऋण सुविधाओं का प्रचार-प्रसार करना तथा ग्राहकों एवं आमजन को विभिन्न एमएसएमई योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान करना था।

कार्यक्रम में बैंक के क्षेत्रीय प्रमुख अविनाश कुमार, मुख्य प्रबंधक दीपक गौतम, वरिष्ठ प्रबंधक नीरज मिश्रा, सहायक प्रबंधक निखलेश देवड़ी, सहायक प्रबंधक संतोष श्रीवास्तव तथा एमपीएचबी शाखा के समस्त स्टाफगण उपस्थित रहे।

इस अवसर पर उपस्थित व्यापारियों, आमजन एवं उद्यमियों को विभिन्न एमएसएमई योजनाओं, ऋण प्रक्रियाओं एवं सरकार द्वारा दी जा रही लाभकारी सुविधाओं के बारे में विस्तार से अवगत कराया गया साथ ही संबंधित एमएसएमई अलग अलग छेत्र में व्यापारी एवं उद्यमियों को बैंक की विभिन्न योजनाओं के तहत 10 करोड़ के लोन की सैद्धांतिक स्वीकृति प्रदान की गई एवं क्षेत्रीय प्रबंधक एवं मुख्य प्रबंधक द्वारा ऋण के स्वीकृति पत्र प्रदान किए गए।

## अखिल भारतीय कादंबरी महोत्सव आज

**जबलपुर, देशबन्धु।** सृजन- संस्कृति को समर्पित, राष्ट्रीय स्तर पर क्रियाशील कादंबरी संस्था द्वारा अखिल भारतीय साहित्यकार-पत्रकार सम्मान समारोह आज दोपहर 3 बजे से शहीद स्मारक सभागार में आयोजित है। आचार्य भगवत दुबे महामंत्री राजेश पाठक प्रवीण ने बताया कि समारोह में देश के विभिन्न अंचलों के 127 साहित्यकारों को ब्रह्मदत्त तिवारी, सेठ गोविंददास पं.ओंकार प्रसाद दुबे, डॉ.गार्गीशरण मिश्र, कुंवर आशीषसिंह परिहार, डॉ. राजकुमार सुमित्र, जागेश्वर प्रसाद तिवारी, रामेंद्र तिवारी, दैनिक भास्कर के संस्थापक विशम्भरदयाल अग्रवाल की स्मृति में बदायु के डॉक्टर सतीशचंद्र शर्मा 'सुधांशु' को सम्मानित किया जाएगा।

समारोह में 120 विद्वत मनीषियों की स्मृति में 127 साहित्यकार सम्मानित होंगे। सम्मान स्वरूप चार लाख रुपए की नगद राशि,शाल, सम्मान पत्र, अलंकरण प्रदान किए जाएंगे।

## गजरथ महोत्सव के भव्य स्वरूप की तैयारियाँ



**जबलपुर, देशबन्धु।** आचार्य समयसागर महाराज एवं मंगलमय संसंघ के पावन सान्निध्य में आयोजित दयोदयतीर्थ गौशाला का पंचकल्याणक एवं गजरथ महोत्सव आगामी 1 से 7 दिसंबर 2025 तक पिसनहारी की मढ़िया के सामने स्थित दद्दा ग्राउंड में संपन्न होगा।

**50 एकड़ में विशाल पंडाल का निर्माण-** महोत्सव आयोजन समिति के सदस्यों सुबोध कामरेड, संजीव चौधरी, अनीष खलीफा ने बताया कि लगभग 50 एकड़ भूमि में मुख्य पंडाल एवं आवश्यक व्यवस्थाएँ निर्मित की जा रही हैं।

**भगवान की बेदी एवं पूजन स्थल का निर्माण-** महोत्सव में दिव्य धार्मिक कार्यक्रमों के लिए भगवान की भव्य बेदी, पूजन स्थल तथा अनुष्ठानों हेतु पंचकल्याणक विधान के अनुरूप बेदी निर्माण में शास्त्रोक्त परंपराओं का पूरा ध्यान रखा जा रहा है।

**श्रद्धालुओं के लिए अस्थायी आवास व्यवस्था-** देश-विदेश के विभिन्न प्रांतों से आने वाले हजारों श्रद्धालुओं को ध्यान में रखते हुए 100x300 फुट का मुख्य पंडाल एवं आवासीय व्यवस्था की जा रही है।

**समतलीकरण कार्य एवं समिति का सहयोग-** गजरथ स्थल के समतलीकरण, बेदी निर्माण एवं अन्य व्यवस्थाओं में अशोक जैन 'चावल', अनिल जैन, सचिन जैन (रिंकू), मनीष (गैस), बाना बेटिया, आज़ाद, पार्षद अतुल दानी, मनोज सेठ सहित पूरी गजरथ समिति सक्रिय सहयोग प्रदान कर रही है।

## निधन

**ईश्वर अल्लाह तेरो नाम सबको सद्गति दे भगवान**

**श्रीमती जयंती बाई तन्खीवाले-** विजय नगर निवासी श्री चंद्रशेखर तन्खीवाले की धर्मपत्नी श्रीमती जयंती बाई तन्खीवाले (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती शरनजीत कौर तलूजा-** कृष्णा हाईट्स गौरीघाट रोड निवासी श्री गोविंद सिंह तलूजा की धर्मपत्नी श्रीमती शरनजीत कौर तलूजा (56) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री राज किशोर सिंह-** आश्रय परिसर यादव कॉलोनी निवासी श्री राज किशोर सिंह (89) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अलोक सिंधिया-** फूटाताल मैदान के पास निवासी श्री रामफल सिंधिया के पुत्र श्री अलोक सिंधिया (44) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती चंदा बाई उईके-** नरसिंह मंदिर शास्त्री ब्रिज के पास गोरखपुर निवासी श्री भूरा उईके की धर्मपत्नी श्रीमती चंदा बाई उईके (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री कैलाश बाबू शिवहरे-** जयप्रकाश नगर अधारताल निवासी श्री कैलाश बाबू शिवहरे (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती शोभा माहेश्वरी-** महाकौशल कॉलोनी रामनगर अधारताल निवासी श्री धर्मेश माहेश्वरी की धर्मपत्नी श्रीमती शोभा माहेश्वरी (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती उषा खोसला-** पंचकुला कालका (हरियाणा) निवासी श्री आरएन खोसला की धर्मपत्नी श्रीमती उषा खोसला (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती चंदा बाई कनौजिया-** धनी कुटिया अधारताल निवासी श्री ठाकुर प्रसाद कनौजिया की धर्मपत्नी श्रीमती चंदा बाई कनौजिया (77) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री सुनील तिवारी-** द्वारका नगर लालमाटी निवासी श्री सुनील तिवारी (53) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती अनुराधा केसरवानी-** गली नं. 9, सदर निवासी श्री घनश्याम केसरवानी की धर्मपत्नी श्रीमती अनुराधा केसरवानी (63) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री विजय रैकवार-** चांदमारी तलैया लालमाटी निवासी श्री विजय रेकवार (58) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

## रायपुर से गांजे की खेप लेकर आया युगल जोड़ा पकड़ाया

### गोरखपुर पुलिस की कार्रवाई, डेढ़ लाख का गांजा बरामद

**जबलपुर, देशबन्धु।** रायपुर से गांजे की खेप लेकर पहुंचे युगल जोड़े को गोरखपुर पुलिस ने नयागांव क्षेत्र से धर दबोचा। पुलिस ने दोनों के पास से मिले ट्रॉली बैगों से 7 किलो 450 ग्राम गांजा कीमती डेढ़ लाख रुपये का बरामद किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की।



गोरखपुर टीआई नितिन कमल ने बताया कि बीती रात पेट्रोलिंग के दौरान नयागांव सिद्धबाबा रोड के पास एक युवक व युवती पुलिस को देखकर भागने लगे, जिन्हें घेराबंदी कर हिरासत में लिया गया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम गोलू धूपिया उम्र 20 वर्ष निवासी भूरी बाई का बगीचा गोराबाजार एवं युवती ने मानसी निषाद उम्र 18 वर्ष निवासी नई बस्ती जिला कटनी बताया। पुलिस ने आरोपी गोलू धूपिया के ट्रॉली बैग के अंदर एक पिट्ठू बैग में खाखी रंग के टेप से लिपटा एक बंडल तथा एक सफेद गांठ लगी पन्नी के अंदर मादक पदार्थ गांजा बरामद किया। वहीं मानसी निषाद के ट्राली बैग के अंदर एक पिट्ठू बैग में खाकी रंग के टेप से लिपटा एक बंडल तथा एक सफेद गांठ लगी पन्नी के अंदर मादक पदार्थ गांजा बरामद किया। पुलिस ने दोनों आरोपियों के पास से 7 किलो 450 ग्राम गांजा कीमती डेढ़ लाख रुपये का बरामद किया। पूछताछ में दोनों आरोपियों ने बताया कि उक्त गांजा रायपुर से लेकर आए हैं।

पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की। आरोपियों को पकड़ने में एएसआई रावेन्द्र तिवारी, प्रधान आरक्षक नेहा दुबे, आरक्षक अश्विनी दुबे, आशीष गौर, अभिदीप भट्टाचार्य, अर्पित, अनिरुद्ध, महिला आरक्षक नीता बघेल की सराहनीय भूमिका रही।



## महिला ने जंगल में लगाई फांसी, मौत

**जबलपुर, देशबन्धु।** पनागर थानांतर्गत शिवाजी वार्ड निवासी 18 वर्षीय अनुराग सिंह ने सूचना दी कि उसकी मां 38 वर्षीय अभिलाषा सिंह का विगत छह माह से मानसिक संतुलन ठीक नहीं था, जो कि बीते दिवस दोपहर को बिना बताए घर से कहीं चली गई, जिनकी तलाश की जा रही थी, लेकिन उनके बारे में कुछ पता नहीं चल सका। शुक्रवार सुबह उसे जानकारी मिली कि ग्राम सुरवाह के जंगल में उसकी मां ने फांसी लगा ली है, जिससे उसकी मां श्रीमती अभिलाषा की मृत्यु हो गई है।

## नाबालिग को पुलिस का भय दिखाकर 40 हजार हड़पे

### पीड़ित ने संजीवनी नगर थाने में दर्ज करायी शिकायत

जबलपुर, देशबन्धु। संजीवनी नगर के 90 क्वार्टर में रहने वाले एक युवक ने नाबालिग को पुलिस का भय दिखाकर धीरे-धीरे 40 हजार रुपए वसूल लिए, वसूली से तंग होकर नाबालिग ने मामले की शिकायत पुलिस में दर्ज कराई।

पुलिस ने बताया कि संजीवनी नगर में रहने वाले एक 17 वर्षीय किशोर ने लिखित शिकायत की कि उसने शौर्य भुर्रक से सितंबर में वेपोराइजर मंगाया था। आरोपी ने वेपोराइजर की कीमत 2500 रुपए बताई थी। तीन से चार दिन में उसके पास वेपोराइजर नहीं आया तो उसने पूछा कि वेपोराइजर का क्या हुआ, तब




शौर्य भुर्रक बोला कि पुलिस ने चेकिंग के दौरान पकड़ लिया है। तब उसने बोला कि अब वो वेपोराइजर मिलेगा कि नहीं, तब शौर्य बोला कि अब 5 हजार रुपये और लगेंगे तब मिलेगा। शौर्य ने आश्वासन देते हुए कहा कि आधे तुम दे दो आधे मैं दे दूंगा। तो उसने 2500 रुपये और दे दिए, कुछ दिनों के बाद भी जब वह वेपोराइजर नहीं आया तो उसने पूछा, अब तो पैसे दे दिए हैं, अब क्यों नहीं आ रहा है। तब शौर्य भुर्रक बोला कि और पैसे लगेंगे, ऐसे करते हुए उसने धमकाते हुए दो-दो व चार-चार हजार करते-करते उससे कुल 40 हजार रुपये ले लिए

इसके बाद पुनः शौर्य 19 नवम्बर को पीड़ित को उसके घर के पास मिलाऔर कहने लगा कि मेरे तीन हजार रुपये दे दो, जो मैंने लगाए थे, लालू को देना है, नहीं तो बहुत मारेंगे। तुम्हारा भी वही हाल कर देंगे, जो अंशु ठाकुर का किया था। तुम्हारे परिवार को वेपोराइजर पीने के बारे में बता देंगे। बाद में आरोपी जान से मारने की धमकी हुए भाग गया था। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

## राज्य सरकार की एनओसी के बिना अस्पताल प्रारंभ करे किडनी ट्रांसप्लांटेशन की प्रक्रिया

### हाईकोर्ट ने कहा, मौत के बिस्तर पर है और अपनी जिंदगी की लड़ाई लड़ रहा है

**जबलपुर, देशबन्धु।** हाईकोर्ट ने अपने अहम आदेश में कहा है कि राज्य सरकार की एनओसी के बिना याचिकाकर्ताओं के बीच किडनी ट्रांसप्लांटेशन के लिए सर्जरी की जाए। हाईकोर्ट जस्टिस विशाल मिश्रा ने अपने आदेश में कहा है कि मरीज मौत के बिस्तर पर है और जिंदगी और मौत के बीच जूझ रहा है। यह कहने की ज़रूरत नहीं है कि काबिल स्पेशलिस्ट डॉक्टर ने याचिकाकर्ताओं की हेल्थ कंडीशन की जांच के बाद इस नतीजे पर पहुंचे हैं कि किडनी डोनेट की जा सकती है। बीना निवासी श्रीमती स्वाति राय तथा याचिकाकर्ता बबीता पोधौ की तरफ से दायर याचिका में किडनी ट्रांसप्लांटेशन के लिए सर्जरी करने के न्यायिक आदेश जारी करने के राहत चाही गई थी। याचिका में कहा गया था कि श्रीमती स्वाति राय किडनी की बीमारी से पीड़ित हैं और उनकी पारिवारिक दोस्त बबीता पोधौ उसे किडनी डोनेट करने के तैयार है। किडनी ट्रांसप्लांटेशन की अनुमति के लिए पूर्व में भी उनकी तरफ से याचिका दायर की गई थी, जिसका निराकरण करते हुए हाईकोर्ट ने किडनी ट्रांसप्लांटेशन के लिए सर्जरी करने के आदेश जारी किए थे। हाईकोर्ट के आदेश के बावजूद भी अधिकारी और हॉस्पिटल किडनी ट्रांसप्लांट के लिए याचिकाकर्ताओं के मामले पर विचार नहीं कर रहे हैं। याचिकाकर्ता स्वाति राय की हेल्थ कंडीशन दिन-ब-दिन बिगड़ती जा रही है। वह हर दिन डायलिसिस करवा रही हैं। अपोलो हॉस्पिटल भोपाल किडनी ट्रांसप्लांटेशन के लिए राजी है। किडनी ट्रांसप्लांटेशन की प्रक्रिया को तेजी से किए जाने के न्यायिक आदेश जारी होने पर याचिकाकर्ता एक की जान को बचाया जा सकता है। एकलपीठ ने अपने आदेश में कहा है कि पूर्व में पारित आदेश का हवाला देते हुए कहा है कि वर्तमान हालत को देखते हुए याचिकाकर्ताओं के बीच किडनी ट्रांसप्लांटेशन के लिए सर्जरी की जाए। इसके लिए भले ही राज्य सरकार ने एनओसी जारी नहीं की है। ऑपरेशन मुमकिन है और इससे किसी व्यक्ति की जान बच सकती है। इस मामले में तुरंत कार्रवाई की जरूरत है और राज्य को कोई और निर्देश लेने के लिए समय प्रदान नहीं कर सकते हैं। हॉस्पिटल के अधिकारी किडनी ट्रांसप्लांटेशन से जुड़ी सभी फॉर्मैलिटीज़ जैसे किडनी मैचिंग वगैरह करने के लिए आजाद है। किडनी ट्रांसप्लांटेशन का ऑपरेशन पिटीशनर के रिस्क पर किया जाएगा। याचिकाकर्ताओ की तरफ से उक्त आदेश के साथ याचिका का निराकरण कर दिया।

## शहर के नालों में गंदे पानी से सब्जी उगाए जाने पर कोर्ट सख्त

### हाईकोर्ट ने स्वतः संज्ञान लेकर जबलपुर कलेक्टर सहित अन्य को नोटिस जारी कर मांगा जवाब

**जबलपुर, देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की युगलपीठ ने जबलपुर में नाले के गंदे पानी से सब्जियां उगाए जाने के रवैये को आड़े हाथों लिया। युगलपीठ ने समाचारों पर संज्ञान लेते हुए मामले की जनहित याचिका के रूप में सुनवाई प्रारंभ की। इसी के साथ कलेक्टर सहित अन्य को नोटिस जारी कर जवाब-तलब किया है। इस प्रकरण में कोर्ट मित्र के रूप में वरिष्ठ अधिवक्ता रामेश्वर सिंह ठाकुर को नियुक्त किया गया है। उन्होंने दलील दी कि सीवेज की गंदगी के साथ सबसे अधिक पानी डिटर्जेंट का ही होता है। विशेषज्ञ लगातार चेतावनी दे रहे हैं कि गंदे नालों का पानी बेहद खतरनाक है, इसलिए उनके पानी से सब्जी उगाना जनता की सेहत से सरासर खिलवाड़ है।

दरअसल, जबलपुर में कछपुरा व विजय नगर से लेकर कचनारी व आसपास के क्षेत्र में ओमती नाले के गंदे पानी से सब्जी उगाई जाती हैं। इसी तरह गोहलपुर से लेकर बेलखाडू के बघौड़ा व आसपास के कुछ गांवों में मोती नाले के संक्रमित पानी का उपयोग सब्जियों की खेती में किया जा रहा है। नाले के गंदे पानी में घुलनशील विषैले तत्व लोगों की सेहत को खतरे में डाल रहे हैं। इस तरह की खेती पर अंकुश लगाने की मांग लंबे समय से उठ रही है, लेकिन जिन अधिकारियों पर कार्रवाई की जिम्मेदारी दी गई है, वे इससे बच रहे हैं। सभी विभाग एक-दूसरे पर ठीकरा फोड़ रहे हैं। हाईकोर्ट को अवगत कराया गया कि कांचघर की पहाड़ियों के पास से निकला ओमती नाला कभी ओमवती नदी के नाम से जाना जाता था। कालांतर में इसके दोनों तरफ आबादी बढ़ती चली गई और यह शहर के बीच में आ गया। अब केवल सेप्टिक टैंकों और बाथरूम से निकलने वाला पानी ही बहता है। यही हालात गोहलपुर क्षेत्र से गुजरने वाले मोती नाले के हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि इन नालों का पानी बेहद खतरनाक और जहरीला हो सकता है। दलील दी गई कि नालों में सीवेज की गंदगी के साथ सबसे अधिक पानी डिटर्जेंट का ही होता है। डिटर्जेंट में भी सोडियम कार्बोनेट मिला होता है, जिससे हाइपरटेंशन, पोटेशियम की कमी, गैस और सूजन, सिरदर्द और एलर्जी जैसे रोग होते हैं। वहीं डिटर्जेंट में झाग बनाने के लिए सोडियम लॉरेथ सल्फेट का उपयोग होता है, जिससे त्वचा में जलन, मुंहासे, मुंह के छाले और कैंसर भी हो सकता है। डिटर्जेंट में दाग हटाने के लिए एल्काइल बेंजीन सल्फोनेट का उपयोग बेहद किया जाता है। इससे कपड़ों के दाग तो हट जाते हैं, लेकिन यह प्रकृति के लिए खुद एक बदनुमा दाग है, क्योंकि इससे पर्यावरण को अत्यधिक नुकसान होता है। यह बायोडिग्रेडेबल नहीं है और हमेशा ही जमीन पर बना रहता है, जिससे पानी और मिट्टी को नुकसान पहुंचता है। पानी की गुणवत्ता में कमी आती है और मिट्टी अपनी उर्वरता खो देती है।




## सिवनी हवाला लूटकांड की आरोपी एसडीओपी पूजा पांडे हाईकोर्ट की शरण में

### हाईकोर्ट से आवेदिका की ओर से सीनियर वकील की उपस्थिति के लिए मांगा गया समय

**जबलपुर, देशबन्धु।** कटनी से जालना (नागपुर) जा रही कार से हवाला के 2.96 करोड़ रुपये लूटने के मामले में एसडीओपी पूजा पांडे ने जमानत पाने हाईकोर्ट की शरण ली है। जस्टिस देवनारायण मिश्रा की एकलपीठ के समक्ष शुक्रवार को मामले की सुनवाई हुई। इस दौरान पूजा पांडे के पैरोकार ने सीनियर वकील द्वारा पक्ष रखने का हवाला देते हुए मामले में समय की राहत चाही, जिसे स्वीकार करते हुए न्यायालय ने मामले की अगली सुनवाई एक सप्ताह बाद निर्धारित की है। उल्लेखनीय है कि विगत 8 व 9 अक्टूबर की रात को सिवनी पुलिस ने एक कार को रोका था, जिसमें करीब तीन करोड़ रुपये हवाला की रकम रखी थी। उक्त मामले को रफा-दफा करने एसडीओपी पूजा पांडे व उनकी टीम ने आरोपियों से सांठगांठ की थी। इतना ही नहीं, बड़ी राशि रिश्वत के तौर पर प्राप्त की थी। उक्त मामले का खुलासा होने के बाद पुलिस ने एसडीओपी पूजा पांडे सहित 11 पुलिसकर्मियों के खिलाफ अपहरण, लूट व आपराधिक साजिश के तहत विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर उन्हें निलंबित कर गिरफ्तार किया था। निचली अदालत से जमानत खारिज होने के बाद पूजा पांडे ने जमानत पाने हाईकोर्ट की शरण ली है।

## राज्य सरकार सुप्रीम कोर्ट की गाइड-लाइन का पालन नहीं कर रही

**जबलपुर, देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की युगलपीठ के समक्ष शुक्रवार को मध्य प्रदेश में प्रमोशन में आरक्षण मामले की सुनवाई हुई। इस दौरान याचिकाकर्ताओं की ओर से गुरुवार को अधूरी रह गई बहस को पूरा किया गया। दलील दी गई कि राज्य शासन द्वारा प्रमोशन में आरक्षण की जो नई नीति जारी की गई है, उसमें सुप्रीम कोर्ट की गाइड-लाइन का पालन नहीं किया जा रहा है। इतना ही नहीं, बिना आंकड़े जुटाए प्रमोशन पॉलिसी लागू की जा रही है, जो कि अनुचित है। याचिकाकर्ताओं ने इस मामले में सुप्रीम कोर्ट के प्रायः सभी संबंधित न्यायदृष्टांत रेखांकित कर दिए, आगे नई नीति की असंवैधानिकता के बिंदु पर बहस की जाएगी। इसके बाद राज्य शासन की ओर से नई नीति के पक्ष में बहस को गति दी जाएगी। हाईकोर्ट ने शुक्रवार की सुनवाई के बाद अगली सुनवाई दिसंबर के प्रथम सप्ताह में नियत कर दी। उल्लेखनीय है कि भोपाल निवासी डॉ. स्वाति तिवारी व अन्य की ओर से दायर याचिकाओं में मध्य प्रदेश लोक सेवा पदोन्नति नियम 2025 को चुनौती दी गई है। दलील दी गई कि वर्ष 2002 के नियमों को हाईकोर्ट के द्वारा आरबी राय के केस में समाप्त किया जा चुका है। इसके विरुद्ध मप्र शासन ने सुप्रीम कोर्ट में विशेष अनुमति याचिका दायर की गई है। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में यथास्थिति बनाए रखने के आदेश दिए हैं। सुप्रीम कोर्ट में मामला अभी लंबित है, इसके बावजूद मप्र शासन ने महज नाममात्र का शाब्दिक परिवर्तन कर जस के तस नियम बना दिए। मामले की सुनवाई दौरान याचिकाकर्ताओं की ओर से हाईकोर्ट को अवगत कराया गया कि जरनैल सिंह के प्रकरण में सुप्रीम कोर्ट ने एम. नागराज केस के निर्णय का पुनर्मूल्यांकन किया था। न्यायालय ने स्पष्ट किया था कि आक्षरण का समुचित लाभ तय करने के लिए उच्च पदों पर पहुंचे अधिकारियों का डेटा आवश्यक है। जब तक क्रीमीलेयर के वास्तविक आंकड़े नहीं जुटाए जाते हैं, तब तक यह पता करना कठिन है कि पिछड़े वर्ग को उचित प्रतिनिधित्व मिल रहा है अथवा नहीं, जिस कारण प्रमोशन में आरक्षण देने से पहले सरकार को यह साबित करना होगा कि संबंधित वर्गों का प्रतिनिधित्व कम है। याचिकाकर्ताओं की ओर से दलील दी गई कि मप्र शासन ने प्रमोशन में आरक्षण लागू करने से पूर्व यह डेटा एकत्र नहीं किया था। पिछड़े वर्गों की स्थिति, प्रतिनिधित्व और क्रीमी लेयर का आंकलन नहीं किया गया था। वर्ष 2025 का यह नया नियम संविधान के अनुच्छेद-14 और 16-1 के विरुद्ध है। कुल-मिलाकर बिना डेटा जांच के आरक्षण लागू नहीं कया जा सकता। याचिकाकर्ता सपाक्स की ओर से सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता नरेश कौशिक व जबलपुर के अधिवक्ता अमोल श्रीवास्तव ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि 20 और 21 नवंबर की सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट की गाइड-लाइन से अवगत करवाया गया है। न्यायालय को बताया गया है कि प्रमोशन को एक स्तर के ऊपर दिया जाए तो रिजर्वेशन काउंटर प्रोटेक्टिव होगी। एक ऐसी क्लास खड़ी कर देगी, जो कि बराबरी से ऊपर उठ जाएगी। उससे फिर दोष पैदा होंगे, जो कि आर्टिकल 14 और 16 के सिद्धांत के अनुसार नहीं होंगे।

## जज के साथ हुई घटनाओं में कार्यवाही के लिए पुलिस अधिकारियों को दिए गए निर्देश

### सरकार से दिशा-निर्देश प्राप्त करने मिली मोहलत

**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रदेश के जिला न्यायालय के जज के घर में हमला व चोरी की घटनाओं को हाईकोर्ट ने गंभीरता से लिया है। जजों की सुरक्षा संबंधित संज्ञान याचिका की सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा तथा जस्टिस विनय सराफ की युगलपीठ को बताया गया कि हाल में हुई जजों के साथ हुई ऐसी घटनाओं में उचित कार्यवाही के निर्देश पुलिस अधिकारियों को दिए गए हैं। उपमहाधिवक्ता ने सरकार से दिशा-निर्देश प्राप्त करने समय प्रदान करने का आग्रह किया।

युगलपीठ ने आग्रह को स्वीकार करते हुए अगली सुनवाई 4 दिसंबर को निर्धारित की गई है। गौरतलब है कि 23 जुलाई 2016 को मंदसौर में राष्ट्रीय राजमार्ग पर न्यायाधीश राजवर्धन गुप्ता के साथ मारपीट की घटना हुई थी। मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के तत्कालीन रजिस्ट्रार जनरल मनोहर ममतानी ने घटना की जांच रिपोर्ट हाईकोर्ट में पेश की थी। इसी रिपोर्ट के आधार पर हाईकोर्ट ने न्यायाधीशों और उनके परिवारों की सुरक्षा को संज्ञान लेते हुए मामले की सुनवाई जनहित याचिका के रूप में करने के निर्देश जारी किए थे। हाईकोर्ट ने याचिका की सुनवाई के दौरान याचिका की सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से पूरे प्रदेश के कोर्ट परिसरों के चारों ओर पर्याप्त ऊंचाई की बाउंड्री वॉल, कोर्ट परिसर में पुलिस चौकियां तथा जजों के आवासीय परिसरों में सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में दिशा-निर्देश जारी किए थे। याचिका पर शुक्रवार को हुई सुनवाई के दौरान जमानत आवेदन निरस्त करने पर अनूपपुर में प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट अमनदीप सिंह छाबड़ा के सरकारी आवास पर हुए हमले तथा प्रदेश के अन्य जिलों में न्यायाधीशों के घरों में हुई चोरी के घटनाओं पर युगलपीठ ने नाराजगी व्यक्त की। याचिका की सुनवाई के दौरान कोर्ट मित्र अधिवक्ता की तरफ से उक्त जानकारी पेश की गई।

## सिविल जज भर्ती परीक्षा के एससीएसटी अभ्यर्थियों पर पुनर्विचार करें

### हाईकोर्ट ने दिये निर्देश, न्यूनतम अर्हता अंक में शिथिलता कर परीक्षा प्रभाग नई सूची बनाए

**जबलपुर, देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की युगलपीठ के समक्ष शुक्रवार को सिविल जज भर्ती परीक्षा 2022 की नियुक्तियों में हुई अनियमितताओं, शत-प्रतिशत आरक्षण लागू करने सहित अनारक्षित वर्ग में योग्यता के आधार पर आरक्षित वर्ग के अभ्यार्थियों को शामिल नहीं किए जाने को चुनौती संबंधी याचिका पर सुनवाई हुई। न्यायालय ने पूर्व में पारित उस अंतरिम आदेश को यथावत रखा, जिसके अंतर्गत सिविल जज भर्ती परीक्षा 2022 की नियुक्तियां विचाराधीन याचिका के अंतिम निर्णय के अधीन कर दी गई थीं। साथ ही नया निर्देश दिया कि सिविल जज भर्ती परीक्षा के एससीएसटी अभ्यर्थियों पर पुनर्विचार करें।

न्यायालय ने निर्देशित किया कि परीक्षा प्रभाग न्यूनतम अर्हता अंक में शिथिलता कर नई सूची बनाए। चूंकि एससी-एसटी वर्ग के अभ्यर्थी अधिक संख्या में सफल नहीं हो रहे हैं, अतः निःशुल्क कोचिंग की भी व्यवस्था की जाए। वरिष्ठ अधिवक्ता रामेश्वर सिंह ठाकुर व पुष्पेंद्र कुमार शाह के अनुसार याचिकाकर्ता एडवोकेट यूनियन फॉर डेमोक्रेसी एंड सोशल जस्टिस नामक संस्था की ओर से दायर जनहित याचिका में मध्य प्रदेश उच्च न्यायलय जबलपुर द्वारा सिविल जज की भर्ती परीक्षा 2022 में भर्ती नियम 1994 में किए गए संशोधन को चुनौती दी है। याचिका में कहा गया है कि 199 पद विज्ञापित किए गए थे, जिनमें से अनारक्षित वर्ग के कुल 48 पदों में 17 बैकलॉग, अनुसूचित जाति के

### एससी-एसटी वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए निश्शुल्क कोचिंग की व्यवस्था हो

कुल 18 पदों में 11 बैकलॉग, अनुसूचित जनजाति के 121 पदों में 109 बैकलॉग व ओबीसी के कुल 10 पदों में एक बैकलॉग के निकाले गए थे। इस तरह कुल 199 पदों में 138 बैकलॉग थे, जिसमें 6 पद दिव्यांगों के शामिल हैं, निकाले गए थे। उक्त भर्ती परीक्षा के तीनों चरण प्रारंभिक परीक्षाए मुख्य परीक्षा तथा साक्षात्कार के बाद मात्र 79 अभ्यर्थी योग्य पाए गए थे, जिनमें ओबीसी के 15 एससी वर्ग के तीन व एसटी वर्ग के एक भी नहीं हैं। याचिका में कहा गया है कि बैकलॉग पद सिर्फ आरक्षित वर्ग के लिए निकाले जाते हैं। इसके अलावा अनारक्षित वर्ग में एक भी आरक्षित वर्ग के मेरिटोरियस अभ्यर्थी का चयन नहीं किया गया।



## लड़की से छेड़छाड़ करने से रोकने पर बदमाशों नें मचाया उत्पात, टेंट हाउस में लगाई आग

**जबलपुर देशबन्धु।** घमापुर क्षेत्र में बदमाशों ने गुरुवार शाम जमकर उत्पात मचाया। टेंट हाउस में पेट्रोल डालकर आग लगा दी, सड़क पर खड़ी कार और ऑटो को तोड़फोड़ कर नुकसान पहुंचाया। हाथों में लाठी-डंडे लेकर गली में घूमते बदमाशों की पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हो गई है।

जानकारी के मुताबिक, 12 नवंबर को मोहल्ले में कुछ बदमाश स्कूल-कॉलेज की छात्राओं से छेड़छाड़ कर रहे थे। टेंट हाउस संचालक ने उन्हें डांटकर ऐसा न करने की चेतावनी दी थी। इसी बात का बदला लेने के लिए 20 नवंबर की शाम यश ठाकुर अपने साथियों के साथ पहुंचा और करीब आधे घंटे तक पथराव, तोड़फोड़ और आगजनी की।

### घर-गाड़ी में तोड़फोड़, मर्डर की धमकी

पीड़ित पूनम थदानी ने बताया कि उनके घर के बाहर खड़ी कार को तोड़ दिया गया और ऑटो में आग लगा दी गई। बदमाशों के परिवार ने भी पुलिस के सामने धमकाते हुए कहा कि शिकायत वापस नहीं ली तो उनके बेटे जय की हत्या कर दी जाएगी। परिवार डर के माहौल में जी रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि बदमाश घर के साइड वाले प्लॉट पर कब्जा करना चाहते हैं। पहले भी दीवार तोड़ी गई थी और विरोध पर घर में घुसकर बच्चियों से छेड़खानी व मारपीट की गई थी। घमापुर पुलिस ने पूनम और महेश थदानी की शिकायत पर यश ठाकुर सहित कई आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। एएसआई संतोष यादव ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज में आरोपी हथियारों के साथ नजर आ रहे हैं। पुलिस टीम ने उनकी तलाश शुरू कर दी है और जल्द गिरफ्तारी की बात कही है।

## शराब पीने के लिए रुपये नहीं देने पर की मारपीट

**जबलपुर देशबन्धु।** शराब पीने के लिए रुपयों की मांग करते हुए मारपीट करने का एक मामला सामने आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना पनागर में छेदीलाल कुशवाहा उर्फ गुड्डा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह खाना बनाने का काम करता है। रात को लगुन कार्यक्रम में खाना बनाकर घर वापस पहुंचा था, तभी मोहल्ले का अक्षय कुशवाहा डंडा लिए आया और उससे शराब पीने के लिए 500 रुपये की मांग करने लगा। जब गुड्डा ने रुपये देने से मना किया तो वह गालीगलौज करते हुए डंडे से हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गया। छेदीलाल की आवाज सुनकर लोग बचाने आए तो जान से मारने की धमकी देते हुए आरोपी वहां से भाग गया। पुलिस ने रिपोर्ट पर बीएनएस की धारा 296, 118(1), 119(1), 351(2) का अपराध पंजीबद्ध कर प्रकरण विवेचना में लिया है।



## दिनदहाड़े बैग छीनकर भागे लुटेरे

**जबलपुर, देशबन्धु।** दिनदहाड़े लूट की एक वारदात सामने आई है, जिसकी गंभीरता को देखते हुए आरोपियों को पकड़ने के लिए पुलिस कप्तान ने टीम का गठन किया गया है। दरअसल थाना सिहोरा में रामनारायण विश्वकर्मा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह गांव में घूम-घूमकर कोल्ड ड्रिंक्स एवं पानी बेचने का काम करता है। वह अपनी मोटरसाइकिल से सिहोरा जाने के लिए निकला था, जहां वह अपनी बहन के घर जाते समय सुबह 10 बजे ग्राम बरगी रोड पर रुका, तभी एक बाइक में 2 युवक आए और उसके थोड़ा आगे अपनी बाइक खड़ी कर दिए। बाइक में पीछे बैठा एक लड़का उतरकर उसके पास आया और उसके कंधे में टंगा बैग छीनकर अपनी बाइक में बैठकर अपने साथी के साथ भाग गया। रामनारायण के बैग में नगद 1 लाख 5 हजार रुपये, हिसाब-किताब की डायरी रखी थी। रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 309(2) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।



# सिहोरा को जिला बनाने की मुहिम तेज

## पुनर्गठन आयोग को सौंपा दावा, तीन नई तहसीलें बनाने का भी प्रस्ताव सरकार की मंशानुरूप तैयार किया

**सिहोरा, देशबन्धु।** सिहोरा को जिला बनाने के लिए संघर्षरत लक्ष्य जिला सिहोरा आंदोलन समिति ने अपनी मांगों को अब प्रशासनिक स्तर पर मजबूती से रख दिया है।

समिति ने भोपाल स्थित प्रशासनिक इकाई पुनर्गठन आयोग के अध्यक्ष एसएन मिश्रा से मुलाकात कर सिहोरा को जिला बनाने का दावा और विस्तृत प्रस्ताव सौंपा है। इस प्रस्ताव में न केवल सिहोरा को जिला बनाने की तार्किक एवं दक्षतापूर्ण वजहें बताई गई हैं, बल्कि मझगवां, गोसलपुर और गांधीग्राम को तहसील का दर्जा देने का महत्वपूर्ण सुझाव भी दिया गया है।

समिति ने अपने दावे में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा का विशेष ध्यान रखा है। सरकार का उद्देश्य है कि किसी भी ग्राम की उसके जिला मुख्यालय से दूरी 70 किलोमीटर से अधिक न हो। इसी मापदंड को आधार बनाते हुए समिति




ने प्रस्ताव दिया है कि सिहोरा जिले में गांधीग्राम, मझौली, स्लीमनाबाद, बहोरीबंद, बाकल, सिलोंड़ी, ढीमरखेड़ा, खमतरा और बचैया जैसे क्षेत्रों को शामिल किया जाए। इससे प्रशासनिक कसावट आएगी और आम जनता को सुविधा मिलेगी।

**नई तहसीलों और सीमा पुनर्गठन का सुझाव**-आयोग को सौंपे गए पत्र में समिति ने बड़ी और पुरानी ग्राम पंचायतों—मझगवां, गोसलपुर और गांधीग्राम को तहसील बनाने की वकालत की है। इसके अलावा, ऐसे दर्जनों गांवों को चिन्हित किया गया है, जो अपनी वर्तमान तहसील से काफी दूर हैं या सड़क मार्ग से संपर्क में कठिनाई है। समिति ने इन गांवों को प्रस्तावित सिहोरा जिले की नजदीकी तहसीलों में जोड़ने का सुझाव दिया है।

**सड़क पर संघर्ष :** 9 दिसंबर से अनिश्चितकालीन बंद और आमरण अनशन कागजी कार्यवाही के साथ-साथ समिति ने जमीनी आंदोलन की तैयारी भी तेज कर दी है।

**जनसमर्थन :** आयोग के समक्ष 700 से अधिक अभ्यावेदन प्रस्तुत किए गए हैं।

**सत्याग्रह :** आगामी 6 दिसंबर से अन्न सत्याग्रह और 9 दिसंबर से अनिश्चितकालीन आमरण सत्याग्रह शुरू होगा।

**सिहोरा बंद :** व्यापारी संघ ने 9 दिसंबर से अनिश्चितकालीन सिहोरा बंद पर सहमति बनाने के लिए बैठकें शुरू कर दी हैं।

**जनसंपर्क :** समिति के सदस्य पिछले चार दिनों से घर-घर जाकर लोगों को इस आंदोलन से जुड़ने का आह्वान कर रहे हैं। आयोग को दावा प्रस्तुत करते समय समिति की ओर से अनिल जैन, विकास दुबे, कृष्ण कुमार कुररिया और मानस तिवारी सहित अनेक सदस्य उपस्थित थे।

### जनगणना से पहले हो सकता है निर्णय

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री मोहन यादव ने जनसुविधा की दृष्टि से सीमाओं के पुनर्गठन के लिए आयोग का गठन किया है। कयास लगाए जा रहे हैं कि 1 जनवरी 2026 से शुरू होने वाली जनगणना से पहले सरकार आयोग की सिफारिशों को लागू कर सकती है, जिससे नए जिलों के गठन की संभावना प्रबल हो गई है।

# सिहोरा विधायक ने किया 28 छात्राओं को नि :शुल्क साइकिलों का वितरण

**गोसलपुर, देशबन्धु।** शासकीय माध्यमिक शाला रमखिरिया में आयोजित एक समारोह में क्षेत्रीय विधायक संतोष बरकड़े, भाजपा जिला उपाध्यक्ष पुष्पराज सिंह बघेल के कर कमलों द्वारा दूरस्थ ग्रामों से पढ़ने आने वाली छात्राओं को नि:शुल्क साइकिलों का वितरण किया। साइकिल पाकर छात्राओं के चेहरे पर खुशी और मुस्कान साफ देखी गई। इस पहल से अब उन्हें विद्यालय आने-जाने में होने वाली परेशानी से मुक्ति मिलेगी और वे समय पर शाला में उपस्थित हो सकेंगी।

**विज्ञान मॉडल का अवलोकन और प्रोत्साहन**-विधायक बरकड़े ने छात्र-छात्राओं द्वारा निर्मित विज्ञान मॉडलों का भी अवलोकन किया। उन्होंने बच्चों का मनोबल बढ़ाते हुए उन्हें प्रोत्साहित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि इन साइकिलों से दूर के गांवों से आने



वाली छात्राओं को विद्यालय पहुंचने में सुविधा होगी। इस अवसर पर कुल 28 छात्राओं को साइकिलें वितरित की गईं।

**उपस्थित गणमान्य व्यक्ति**-साइकिल वितरण समारोह में भाजपा जिला उपाध्यक्ष पुष्पराज सिंह बघेल, भाजयुमो जिलाध्यक्ष राजमणि सिंह बघेल, जनपद अध्यक्ष रश्मि मनेंद्र अग्निहोत्री, नगर पालिका अध्यक्ष संध्या दिलीप दुबे, भाजपा जिला उपाध्यक्ष पुष्पराज सिंह बघेल, जनपद सदस्य धर्मेन्द्र सिंह राजपूत,राजेश दाहिया, अनुपम सराफ, दिलीप पटेल, अनंत नौगरहिया, शिव कुमार पटेल, बुद्धू लाल साहू, मुकेश पटेल, अभिषेक राय, शाला की प्रधानाध्यापक स्मिता परोहा, शिक्षकगण अनिल ज्योतिषी, संजीव उरमलिया, संदीप पटेल, राजेश कुम्हार, प्रवीण बर्मन और एसएमसी अध्यक्ष नरेंद्र पटेल सहित जनप्रतिनिधि व अभिभावकगण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## सार-समाचार

### नगर की बेटी सोनाली एडवेंचर ट्रैक का हिस्सा बनीं

**पनागर, देशबन्धु।** नगर की बेटी सोनाली प्रजापति भारतीय सेना के द्वारा आयोजित 15 हजार फीट की ऊंचाई वाले अरुणाचल प्रदेश के दुर्गम और बेहद ठंडे बर्फीले इलाके में आयोजित जाचेप टीएसओ एडवेंचर ट्रैक में भाग लिया एवं भारतीय ध्वज तिरंगा लहराया और बर्फीली पहाड़ियों पर बर्फ पर लिखा आई लव मां-पापा, चाचू, भाई, दीदी एवं गोल्ड मैडल प्राप्त किया और नगर जिला एवं प्रदेश का नाम रोशन किया। सोनाली पनागर नगर पालिका उपाध्यक्ष एड. महेन्द्र चक्रवर्ती की भतीजी, नेशनल कुश्ती खिलाड़ी गोविंद प्रजापति (बल्लू पहलवान काला चीता) की पुत्री हैं। इस उपलब्धि पर राज्य अधिवक्ता परिषद के उपाध्यक्ष एड. आरके सिंह सैनी, वरिष्ठ इंका नेता सम्मति सैनी, नगर पालिका अध्यक्ष प्रदीप पटेल भीम भैया, सांसद प्रतिनिधि विमल जैन, पार्षद तुलसी राम कुशवाहा, विधायक प्रतिनिधि आनंद जैन (मिन्चू भैया), मंडल अध्यक्ष शैलेन्द्र साहू, ब्लॉक अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव, अशोक श्रीवास्तव, धर्मेन्द्र राय, अनारी कोरी, बबला भाईजान आदि ने इस सफलता पर नगर की बेटी को बधाई दी है।

### लगातार हो रही चाकूबाजी की घटनाएं, कार्यवाही की मांग

**बरेला, देशबन्धु।** कुछ समय से क्षेत्र में अपराध का ग्रहण लग गया है। हर दूसरे तीसरे दिन चाकू चलने के कारण युवा लड़के लहूलुहान हो रहे हैं। मारपीट, लूट, चोरी तो आम बात हो गई है। नगर की सामाजिक संस्थाओं ने अनेक बार ज्ञापन सौंपकर जुआ, सट्टा, अवैध शराब, गांजा, चरस की बिक्री पर रोक लगाने अपील की, परंतु राजनैतिक दबाव और संरक्षण के कारण कोई भी सार्थक प्रयास नहीं किए गए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नरसिंह मंदिर के पास तीन लड़कों को रोककर चाकू मारी, जिसमें हर्षित दुबे, अशोक दुबे, शानू को गंभीर चोटें आई हैं। श्रीपाल लड़के को शाम छह बजे चाकू मारी गई। अपनी दुकान बंद कर गौर सालीवाड़ा से बरेला अपने घर जाते समय शुभम पाठक को ताबड़तोड़ चाकू मारे गए।

सभी आरोपी अभी तक गिरफ्तार नहीं हुए हैं, जिससे नगर एवं क्षेत्र में आक्रोश बढ़ रहा है। सर्व ब्राह्मण समाज अरविंद तिवारी, योगेश दुबे, ज्ञानू प्यासी, प्रतीक दुबे, रजनीश पांडे, गोल्डी दुबे, संजय दुबे, निखिल दुबे, अशोक दुबे, अनिल पाठक, शेरा जैन, शुभम उपाध्याय, बसंत उपाध्याय, राजा उपाध्याय, अमित मिश्रा, अर्पित जैन, दीपेश पटेल, मुनि विश्वकर्मा, चंदन पटेल सहित अन्य सदस्यों ने ज्ञापन सौंपकर अपराधियों को अविलंब गिरफ्तार करने की मांग की है।

### एमपी मास्टर एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में डॉ. संतोष सहित तीन खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन

**पाटन, देशबन्धु।** मॉडल साइंस कॉलेज मैदान में आयोजित एमपी मास्टर एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में रादुविवि के डॉ.



संतोष सिंह भदौरिया ने 55+ आयु वर्ग की तवा फेंक स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। इसी वर्ग में मनोज कुमार सिंह ने 200 मीटर दौड़ में स्वर्ण तथा गोला फेंक में कांस्य पदक हासिल किया। वहीं 50+ वर्ग में सुखदीन कटारे ने 3000 मीटर तेज चाल और 1500 मीटर दौड़ दोनों में स्वर्ण पदक प्राप्त किए। रादुविवि परिवार द्वारा सभी खिलाड़ियों का सम्मान पुष्पहार पहनाकर किया गया। संघ अध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह पटेल ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहन स्वरूप 2000 रुपये की नगद राशि प्रदान की। इस अवसर पर जितेन्द्र तिवारी, संतोष पांडेय सहित कई कर्मचारियों ने खिलाड़ियों को बधाई दी।

### नशीली कफ सिरप की सप्लाई करने वाला उप्र का तस्कर पकड़ाया

**रीवा देशबन्धु।** जनेह थाना पुलिस ने नशीले कप सिरप की सप्लाई करने वाले यूपी के एक सप्लायर को गिरफ्तार किया है। फिलहाल आरोपी की गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया। जहां से उसे जेल दाखिल कर दिया गया है। जनहे थाना प्रभारी कन्हैया सिंह बघेल ने जानकारी देते हुए बताया कि जुलाई माह में नशे की खेप के साथ बाइक सवार दो तस्करों को गिरफ्तार किया गया था। आरोपियों के पास से 119 सीसी नशीली कप सिरप बरामद कर जब पूछताछ की गई तो उनके द्वारा नशे की यह खेप उत्तर प्रदेश के प्रयागराज स्थित फाफाम मऊ निवासी आशीष प्रताप सिंह उर्फ़ जानी से लाना बताया था।

# केवट ने श्रीराम, लक्ष्मण, सीता को नाव से कराया गंगा पार

## शंकर कॉलोनी में चल रही रामलीला में बड़ी संख्या में पहुंच रहे क्षेत्रीय जन

**गोसलपुर, देशबन्धु।** गोसलपुर के शंकर कॉलोनी मे स्थिति सुदामा कुटी पर चल रही रामलीला में चलित प्रसंग के अनुसार श्रीराम-केवट संवाद का मंचन श्री सिद्ध शारदा रामलीला रामायण प्रचारक मंडल पतलोनी दमोह के पात्रों द्वारा बड़े ही मनमोहक ढंग से प्रस्तुत किया गया। रामलीला में रात को राम-केवट संवाद की कथा का मंचन हुआ। लीला की शुरुआत भगवान राम, लक्ष्मण और सीता जी की आरती के साथ प्रारम्भ हुई।

निषादराज को श्रीराम के आगमन की सूचना मिली तो फल लेकर उनके पास पहुंचे। दोनों के बीच मार्मिक संवाद हुआ। विश्राम के समय निषादराज और लक्ष्मण के बीच संवाद हुआ। निषादराज ने श्रीराम के वनवास पर दुख जताया। इसके बाद केवट प्रसंग हुआ श्रीराम ने नदी पार करने के लिए केवट को बुलाया। केवट ने मांगी नाव न केवट आना कहां ही तुम्हारा मर्म में जाना की चौपाई के अनुसार केवट ने कहा श्रीराम के चरणरज से पत्थर नारी हो गई थी, नाव



यदि नारी बन जाए तो मेरी जीविका कैसे चलेगी। पहले चरण धोए फिर नाव में बैठाया....इसलिये नाव में बैठाने से पहले केवट बड़े भाव से राम, लक्ष्मण और सीता के चरण धुलाते हैं। तब भक्तवत्सल भगवान राम अपने हाथ केवट के सिर पर रखकर उन्हें आशीष देते हैं। गंगा पार उतरने के बाद श्रीराम जब केवट को उसकी मजदूरी देते हैं तो केवट ने मजदूरी लेने से मना कर दिया और कहते हैं की मल्लाह कभी मल्लाहों से मजदूरी नहीं लेते वह कहते हैं कि आज आप मेरे घाट पर आए तो मैंने आपको पार उतारा है और जब मैं आपके घाट आऊं तो आप मुझे भवसागर से पार लगा देना। भक्त केवट के यह विचार सुनकर राम हर्षित हुए और केवट को आशीर्वाद देकर आगे बढ़ते हैं। राम-केवट संवाद को सुनकर दर्शक भावविभोर हो गए। इस अवसर पर रामलीला संचालक पं. कमलेश मिश्रा, जनपद सदस्य धर्मेंद्र सिंह राजपूत, पवन बर्मन, मोहन साहू, कमलेश रजक, राजू मिश्रा, रवि तिवारी, रामू ठाकुर आदि ने प्रभु श्रीराम की आरती उतारी।

# रिश्वत लेते पकड़े गये पटवारी व सर्वेयर

**रीवा देशबन्धु।** जिले के बड़ोखर हल्के के पटवारी और सर्वेयर को लोकायुक्त रीवा की टीम ने 4,800 रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। यह कार्रवाई आज शुक्रवार को महानिदेशक लोकायुक्त योगेश देशमुख के निर्देश और उप पुलिस महानिरीक्षक मनोज सिंह के मार्गदर्शन में की गई। शिकायतकर्ता राजेंद्र साहू, निवासी बड़ोखर, ने लोकायुक्त कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई थी कि उसने अपनी पत्नी श्यामवती साहू के नाम 0.091 हेक्टेयर जमीन खरीदी है। जमीन का नक्शा तरमीम और नामांतरण कराने के लिए पटवारी हंसराज पटेल लगातार 6,000 रुपए रिश्वत मांग रहा था। इस शिकायत को गंभीरता से लेते हुए लोकायुक्त पुलिस अधीक्षक ने तत्काल सत्यापन की प्रक्रिया शुरू कराई। सत्यापन के दौरान स्पष्ट हुआ कि पटवारी हंसराज पटेल और सर्वेयर आशुतोष त्रिपाठी दोनों ने मिलकर 4,800 रुपए की रिश्वत तय की थी और शिकायतकर्ता से तत्काल भुगतान की मांग कर रहे थे। सत्यापन सही पाए जाने पर आज 21 नवंबर को टीम गठित कर ट्रैप की पूरी योजना तैयार की गई। दोपहर को ग्राम बड़ोखर में राघवेंद्र सिंह ठाकुर के घर के सामने दोनों अधिकारियों को शिकायतकर्ता से 4,800 रुपए लेते हुए लोकायुक्त टीम ने पकड़ लिया। कार्रवाई इतनी सटीक थी कि दोनों आरोपी नकदी हाथ में लिए ही रंगे हाथ गिरफ्तार हो गए। इस ट्रैप ऑपरेशन का नेतृत्व निरीक्षक एस. राम मरावी ने किया। उप पुलिस अधीक्षक प्रवीण सिंह परिहार सहित 12 सदस्यीय दल शामिल रहा। दोनों आरोपियों के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# एमपी ट्रांसको ने पूरा किया पिपरिया 132 केवी सब स्टेशन का रिमॉडलिंग कार्य

**पाटन, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कम्पनी ने पिपरिया के 48 वर्ष पुराने 132 केवी सब स्टेशन का रिमॉडलिंग कार्य सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने एमपी ट्रांसको टीम को बधाई देते हुए कहा कि इस उन्नयन से पिपरिया क्षेत्र में बिजली आपूर्ति की विश्वसनीयता और गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार होगा। अतिरिक्त मुख्य अभियंता पीएस राघव ने बताया कि 1977 में स्थापित यह सबस्टेशन अब 126 एमवीए क्षमता पर कार्यरत है, जिसके चलते पुराने सिंगल पैंथर कंडक्टर को बदलकर आधुनिक ट्विन जेबरा कंडक्टर लगाया गया है। सीमित स्थान में ऑक्जिलरी बस स्ट्रक्चर पर सुरक्षित व समयबद्ध तरीके से पूरा किया गया यह कार्य क्षेत्र के उपभोक्ताओं के लिए स्थिर और निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करेगा।

### पुरानी रंजिश में चली कुल्हाड़ी महिला बीएलओ सहित 4 घायल

**सीधी देशबन्धु।** सीधी जिले के रामपुर नैकिन थाना क्षेत्र के ग्राम रैदरिया में पुरानी रंजिश के चलते एक महिला सहित तीन लोगों पर कुल्हाड़ी से हमला किया गया है। घटना देर रात 12.00 बजे की बताई जा रही है। जिसमें घायल हुए लोगों को उपचार के लिए रीवा के संजय गांधी अस्पताल लाया गया है। घटना के संबंध में घायल रामायण शुक्ला ने जानकारी देते हुए बताया कि पड़ोस में रहने वाले पति पत्नी के बीच झगड़ा चल रहा था। इस दौरान बीच-बचाव करने पहुंचे लेकिन विवाद इतना बढ़ गया कि आरोपियों ने टांगी से उन पर हमला कर दिया। बताया गया कि इस हमले में चार लोग घायल हुए हैं। घायलों में एक महिला बीएलओ भी शामिल है।

### हत्या की कोशिश करने वाले को सश्रम कारावास

**सतना, देशबन्धु।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश गीता सोलंकी ने हत्या के प्रयत्न का अपराध प्रमाणित पाए जाने पर आरोपी को पांच साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने आरोपी घनश्याम सिंह उर्फ कल्लू सिंह पिता रामायण सिंह (28) निवासी ग्राम कुआं थाना कोलगवां को आईपीसी की धारा 307 में 5 वर्ष के सश्रम कारावास तथा 15 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। मामले में राज्य कि ओर से लोक अभियोजक रमेश मिश्रा (जीपी) पैरवी की है। उन्होंने बताया, आहत अतुल सिंह ने 24 अगस्त 2023 को थाना कोलगवां थाना की बाबूपुर चौकी में रिपोर्ट लिखाई कि 23 अगस्त की शाम वह अपने घर के बाहर दरवाजे पर बैठा था। तभी गांव का कल्लू उर्फ घनश्याम सिंह निकला, जिसे उसने 200 रुपए उधार दिया था। उसने अपना पैसा मांगा तो कल्लू गाली देकर विवाद करने लगा। गाली देने से मना करने पर उसने पास में गड़ी लकड़ी उखाड़कर सिर में मार दिया।


# शासकीय भूमि पर निर्माण करने पर तहसीलदार ने लगाई रोक, जारी किया स्थगन आदेश

## कटंगी रोड स्थित विवादित निर्माण का मामला, पटवारी को जांच के निर्देश

**मझौली, देशबन्धु।** नगर के कटंगी रोड पर शासकीय भूमि पर किए जा रहे कथित अवैध निर्माण को लेकर प्रशासन हरकत में आ गया है। मामला सामने आने के बाद मझौली तहसीलदार ने संबंधित स्थल पर तत्काल प्रभाव से अस्थायी स्थगन आदेश जारी करते हुए सभी प्रकार के निर्माण कार्य पर रोक लगा दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, नगर के कुछ नागरिकों ने तहसीलदार मझौली को एक लिखित शिकायत सौंपी थी, जिसमें आरोप लगाया गया कि कटंगी रोड पर शासकीय भूमि पर अवैध निर्माण किए जा रहे हैं।

शिकायत को गंभीरता से लेते हुए तहसीलदार मझौली ने हल्का पटवारी को तत्काल मौके पर पहुंचकर स्थिति का निरीक्षण करने और निर्माण



कार्य को तत्काल रोकने के निर्देश जारी किए। जांच के दौरान प्राप्त प्रतिवेदन में यह स्पष्ट हुआ कि खसरा नंबर 377 एवं 387 कुल रकबा 1.93 एवं 0.109 हेक्टेयर, राजस्व अभिलेख में शासकीय भूमि के रूप में दर्ज है। वहीं खसरा नंबर 388/1, रकबा 7.03 हेक्टेयर, राजस्व रिकॉर्ड में पारसनाथ जैन मंदिर के हिस्से (1/2) के रूप में दर्ज है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, मझौली निवासी प्रमोद जैन पिता प्रकाशचंद्र जैन द्वारा उक्त भूमि के अंश भाग पर चादर लगाकर निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया था। जैसे ही संबंधित जानकारी प्रशासन तक पहुंची, तहसीलदार मझौली ने आगामी आदेश तक निर्माण पर रोक लगाते हुए अस्थायी स्थगन आदेश जारी कर दिया है।

प्रशासनिक कदम के बाद अब मामले की आगे विस्तृत जांच की जाएगी। तहसीलदार कार्यालय ने स्पष्ट किया है कि जब तक जांच पूर्ण नहीं होती, तब तक किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य प्रतिबंधित रहेगा। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन की तत्परता की सराहना करते हुए अवैध निर्माणों पर सख्ती बरतने की मांग की है।

# 42.50 लाख रुपए हड़पकर मकान पर कब्जा जमाने वाले की एंठन हुई ढीली

## प्रशासनिक कार्रवाई से पीड़ित दंपति को मिला उनका हक

**पाटन, देशबन्धु।** 14 नवम्बर को देशबन्धु में प्रकाशित खबर रकम लेने के बाद भी नहीं दिया कब्जा, पीड़ित दफ्तरों के चक्कर लगाने मजबूर शीर्षक ने आखिरकार बड़ा असर दिखाया। शासन-प्रशासन की गहरी नींद खुली और कल दिनांक 21 नवम्बर को पुलिस बल की मौजूदगी में पीड़ित दंपति सोनम पति नीलेश सोनी को उनका वैध मकान का कब्जा दिलाया गया।

**प्रशासन की सख्ती से कब्जाधारी की टूटी अकड़**-42 लाख 50 हजार रुपये हड़पकर मकान दबाए बैठे कब्जाधारी की सारी दबंगई प्रशासन की कार्रवाई के सामने ढह गई। वर्षों की जद्दोजहद के




बाद दंपत्ति को वह घर वापस मिला, जिसे उन्होंने अपनी मेहनत की गाढ़ी कमाई से खरीदा था। वहीं कब्जा मिलने के बाद दंपति ने पाटन-कटंगी मार्ग के निर्माण में बाधा बने मकान के कुछ हिस्से को स्वेच्छा से अतिक्रमण मुक्त किया, जिससे सड़क निर्माण सुचारू रूप से आगे बढ़ सके। इसके

### देशबन्धु की खबर ने दिलाई न्याय की राह

आलावा विद्युत विभाग ने भी राहत की सांस ली, क्योंकि लंबे समय से कब्जाधारी मेन लाइन से डायरेक्ट तार जोड़कर बिजली चोरी कर रहा था। कब्जा मिलने के बाद दंपति के चेहरे पर वर्षों बाद राहत और खुशी की चमक दिखाई दी। उन्होंने शासन-प्रशासन, पुलिस और प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से मदद करने वाले सभी लोगों का आभार व्यक्त किया। एक बार फिर साबित हुआ कि निष्पक्ष पत्रकारिता की कलम जब सच लिखती है तो प्रशासन की कुंभकर्णीय नींद भी टूट जाती है। इस मामले में भी खबर ने वह असर दिखाया, जो वर्षों से फाइलों में दबे मामलों में कम ही दिखाई देता है। निष्पक्ष, तत्पर और प्रभावी कार्रवाई के लिए प्रशासन धन्यवाद का पात्र है।

## अमेरिका भारत को देगा जेवलिन मिसाइल, थर्रा उठेगा दुश्मन

**नई दिल्ली/वॉशिंगटन, (एजेंसियां)।** दुश्मन के छक्के छुड़ाने के लिए भारतीय सेना की ताकत बढ़ने वाली है। अमेरिका ने भारत को जेवलिन मिसाइल देने को मंजूरी दे दी है। इस मिसाइल को कंधे से टारगेट पर दागा जा सकता है। दरअसल, अमेरिका के स्टेट डिपार्टमेंट ने भारत को एक्सकैलिबर प्रोजेक्टाइल और उससे जुड़े इक्विपमेंट की संभावित फॉरेन मिलिट्री सेल को मंजूरी देने का फैसला किया है। अमेरिकी ऑफिशियल की ओर से साझा जानकारी के अनुसार, जेवलिन मिसाइल की अनुमानित कीमत 47.1 मिलियन डॉलर है। वहीं, भारत और अमेरिका के बीच लगभग 92.8 मिलियन डॉलर की डील हुई है। डिफेंस सिक्योरिटी कॉपरेशन एजेंसी ने जानकारी दी। भारत सरकार ने 216 एम982ए1 एक्सकैलिबर टैक्टिकल प्रोजेक्टाइल की मांग की है। इसमें एंसिलरी आइटम, इम्प्रूव्ड प्लेटफॉर्म इंटीग्रेशन किट (आईपीआईके) के साथ पोर्टेबल इलेक्ट्रॉनिक फायर कंट्रोल सिस्टम (पीईएफसीएस), प्राइमर, प्रोपेलेंट चार्ज, अमेरिकी सरकार की टेक्निकल मदद, टेक्निकल डेटा, रिपेयर और रिटर्न सर्विस, और लॉजिस्टिक्स और प्रोग्राम सपोर्ट के दूसरे संबंधित एलिमेंट शामिल होंगे।

### जापान की दशकों पुरानी रक्षा नीति में आया बड़ा बदलाव

# जापान ने पहली बार अमेरिका को भेजीं पेट्रियट मिसाइलें

**टोक्यो,** (एजेंसियां)। जापानी मीडिया ने रक्षा सूत्रों के हवाले से दावा किया है कि जापान ने इतिहास में पहली बार अपने देश में बनी पेट्रियट सतह-से-हवा मिसाइल इंटरसेप्टर अमेरिका को निर्यात की है। इनकी संख्या कितनी है फिलहाल इसका खुलासा नहीं किया गया है। यह कदम सिर्फ एक सैन्य सौदा नहीं, बल्कि जापान की दशकों पुरानी रक्षा नीति में एक बड़ा बदलाव माना जा रहा है।

क्योदो न्यूज एजेंसी के अनुसार यह निर्यात उन नए नियमों के तहत संभव हुआ है जिन्हें जापान ने दिसंबर 2023 में लागू किया था। इन नियमों ने हथियारों के निर्यात पर लगी कई पाबंदियों को आंशिक रूप से ढील दी, जिससे अब जापान लाइसेंस प्राप्त देशों को पूरे हथियार सिस्टम भी भेज सकता है, सिर्फ पार्ट्स नहीं।

अमेरिका को भेजी गई ये मिसाइलें पेट्रियट पीएसी-3 इंटरसेप्टर हैं, जो बैलिस्टिक और क्रूज मिसाइलों जैसी हवा में ही दुश्मन के हथियार को मार गिराने में सक्षम हैं। यह मिसाइल सिस्टम अमेरिकी लाइसेंस के तहत जापान में मित्सुबिशी हैवी इंडस्ट्रीज द्वारा बनाया जाता है। जापान का कहना है कि यह निर्यात अमेरिका की सेना के स्टॉक को भरने के लिए है, क्योंकि पिछले कुछ वर्षों में यूक्रेन संघर्ष के चलते अमेरिका अपने सहयोगियों को लगातार मिसाइल सहायता दे रहा है और उसके भंडार पर दबाव बढ़ रहा है। इस पृष्ठभूमि में जापानी आपूर्ति अमेरिकी रक्षा तैयारियों को मजबूत करने में मदद करेगी।

जापान की सरकार ने यह भी स्पष्ट किया है कि ये मिसाइलें केवल अमेरिका के उपयोग के लिए हैं और वॉशिंगटन इन्हें किसी तीसरे देश को नहीं भेजेगा। यह फैसला इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि जापान की जनता और उसकी राजनीति लंबे समय से हथियार निर्यात को लेकर बेहद संवेदनशील रही है। विश्व युद्ध के बाद जापान ने 'सिर्फ रक्षा' की नीति अपनाई थी, जिसके तहत हथियारों का विदेश में भेजा जाना लगभग पूरी तरह प्रतिबंधित था। इसलिए यह सौदा बड़े राजनीतिक विमर्श के बाद संभव हुआ। इस नीति परिवर्तन ने जापान के भीतर बहस भी तेज कर दी है। समर्थकों का कहना है कि बदलते सुरक्षा माहौल—चीन की बढ़ती सैन्य गतिविधियों, उत्तर कोरिया के लगातार मिसाइल परीक्षणों और एशिया-प्रशांत क्षेत्र में अस्थिरता—के बीच जापान को अपनी भूमिका मजबूत करनी होगी। उनके मुताबिक अमेरिका को मिसाइल भेजना जापान-अमेरिका सुरक्षा साझेदारी को और भरोसेमंद बनाता है और दोनों देशों की संयुक्त रक्षा रणनीति को सुदृढ़ करता है। विरोधियों का तर्क है कि यह कदम जापान को अनावश्यक रूप से अंतरराष्ट्रीय संघर्षों में उलझा सकता है और उसके 'शांतिपूर्ण राष्ट्र' की पहचान को कमजोर कर सकता है। उनका कहना है कि भले ही मिसाइलें सीधे युद्ध में इस्तेमाल के लिए नहीं भेजी जा रहीं, लेकिन यह शुरुआत भविष्य में और बड़े हथियार निर्यात के रास्ते खोल सकती है, जो देश की परंपरागत नीतियों के विपरीत है। इसके बावजूद, सरकार का मानना है कि मौजूदा वैश्विक सुरक्षा स्थिति को देखते हुए यह बदलाव समय की मांग है। जापान के लिए यह सिर्फ रक्षा उद्योग का विस्तार नहीं, बल्कि अपनी रणनीतिक स्थिति को मजबूत करने का प्रयास भी है।



- **अमेरिकी रक्षा तैयारियों को मजबूत करने में मदद करेगी जापानी आपूर्ति**
- **विश्व युद्ध के बाद जापान ने अपनाई थी 'सिर्फ रक्षा' की नीति**

## दुनिया के सामने आएगा एपस्टीन फाइल में छिपा राज

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जेफरी एपस्टीन की जांच से जुड़ी फाइलें जारी करने वाले बिल पर साइन कर दिया है। ट्रंप ने बुधवार देर शाम को इस बात की जानकारी दी। कांग्रेस ने इस बिल को पहले पास किया था। इसके तहत डिपार्टमेंट ऑफ जस्टिस को यौन अपराध के दोषी जेफरी एपस्टीन के गलत कामों की अपनी जांच से मिली सारी जानकारी 30 दिनों के अंदर सर्च और डाउनलोड करने लायक फॉर्मेट में रिलीज करनी होगी। हालांकि, शुरुआत में ट्रंप ने इसका खुलकर विरोध किया था। जेफरी एपस्टीन एक दोषी यौन अपराधी था जिसकी 2019 में फेडरल कस्टडी में मौत हो गई थी। इससे पहले यूएस हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स ने मंगलवार को बिल पास करने के लिए 427-1 से वोट किया और बाद में सीनेट ने इसे मंजूरी दे दी। वोट से पहले दोनों पार्टियों के बीच संसद में तीखी बहस देखने को मिली। दोनों पार्टियों ने एक-दूसरे पर डॉक्यूमेंट्स तक पब्लिक एक्सेस में देरी करने का आरोप लगाया। स्पीकर माइक जॉनसन ने ट्रंप का बचाव करते हुए कहा, 'प्रेसिडेंट का इससे कोई लेना-देना नहीं है और उनके पास छिपाने के लिए कुछ भी नहीं है। 'स्पीकर ने डॉक्यूमेंट पब्लिक करने का समर्थन तो किया, लेकिन डेमोक्रेट्स की इसे अभी आगे बढ़ाने के लिए आलोचना की।

**ट्रंप ने डॉक्यूमेंट पब्लिक करने को दी मंजूरी**

## ट्रंप-सऊदी गठबंधन से बड़े बदलाव का संकेत



**नई दिल्ली।** व्हाइट हाउस के शाही डिनर में दिग्गजों का जमावड़ा लगा। सऊदी क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान के सम्मान में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इसका आयोजन किया। डिनर के अगले दिन यानी बुधवार को दोनों देशों के बीच अति महत्वपूर्ण बैठक हुई, जिसमें स्पष्ट हो गया कि डोनाल्ड ट्रंप अपने इकोनॉमिक एजेंडा को पूरा करने के लिए टेक सेक्टर और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के डेवलपमेंट पर ज्यादा भरोसा कर रहे हैं। क्राउन प्रिंस ने यूएस कंपनियों में 1 ट्रिलियन इन्वेस्ट करने का वादा किया है, यह वादा ज्यादातर सऊदी अरब के तेल और नेचुरल गैस रिजर्व का इस्तेमाल करके अपने देश को एआई डेटा हब बनाने के बारे में है।

## बांग्लादेश में गुरुनानक देव जी के 356वें प्रकाश पर्व का होगा आयोजन



**ढाका, (एजेंसियां)।** अमृतसर से 70 सिखों का जत्था बांग्लादेश रवाना हुआ। श्रद्धालु वहां सिख इतिहास के दो अहम आयोजनों के साक्षी बनेंगे। गुरुनानक देव के 356वें प्रकाश पर्व और गुरु तेग बहादुर के 350वें शहीदी दिवस समारोह में हिस्सा लेंगे। खालसा वॉक्स की एक रिपोर्ट के मुताबिक, सरहाली के 'कार सेवा संप्रदाय' ने इस जत्थे की रवानगी तय की। रवाना होने से पहले सभी अमृतसर रेलवे स्टेशन पर इकट्ठा हुए। निकलने से पहले, बाबा सुखा सिंह ने जत्थे को एक 'सिरोपा' (सम्मान सूचक पारंपरिक चोगा) भेंट किया। संप्रदाय 2004 से ही (लगभग दो दशकों) इस तीर्थयात्रा का आयोजन करता आया है। रिपोर्ट में बताया गया, 'यात्रा की योजना के बारे में बाबा सुखा सिंह और बाबा हाकम सिंह ने कहा कि जत्था बांग्लादेश के कई मशहूर गुरुद्वारों में मत्था टेकेगा। उनके स्टॉप में ढाका में गुरुद्वारा नानकशाही और गुरुद्वारा संगत टोला, चटगांव का गुरुद्वारा सिख मंदिर (गुरुद्वारा चौक बाजार भी कहते हैं) और गुरुद्वारा साहिब, और मैमनसिंह में गुरुद्वारा गुरु नानक मंदिर शामिल हैं।

**भारत के 70 सिख तीर्थयात्री होंगे शामिल**

## भारत पहुंचे खलीलुर रहमान, एनएसए की 7वीं बैठक में हुए शामिल

**नई दिल्ली,** (एजेंसियां)। देश की राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में कोलंबो सुरक्षा सम्मेलन (सीएससी) के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों (एनएसए) की 7वीं बैठक हो रही है। बैठक की मेजबानी भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने की। इस बैठक में बांग्लादेश के नेशनल सिक्योरिटी एडवाइजर खलीलुर रहमान भी शामिल हुए। बांग्लादेश के एनएसए पर पूरी दुनिया की नजर टिकी हुई है। हसीना को लेकर बांग्लादेश में चल रहे तनाव के बीच इस बैठक को अहम माना जा रहा है।

बांग्लादेशी हाईकमीशन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर तस्वीरें साझा कर लिखा, 'बांग्लादेश के नेशनल सिक्योरिटी एडवाइजर खलीलुर रहमान इस मीटिंग में शामिल हुए, जिन्हें एनएसए अजीत डोभाल ने बुलाया था।' अब देखना यह होगा कि क्या एनएसए रहमान शेख हसीना के प्रत्यार्पण को लेकर कोई बातचीत करते हैं या नहीं। इससे पहले भारतीय विदेश मंत्रालय ने जानकारी साझा की थी कि इस बैठक का आयोजन गुरुवार को नई दिल्ली में होगा। एनएसए अजीत डोभाल ने मालदीव, मॉरीशस, श्रीलंका और बांग्लादेश सहित सदस्य देशों के अपने समकक्षों की मेजबानी की। इसके अलावा, सेशेल्स पर्यवेक्षक देश के रूप में इस बैठक में शामिल होगा, जबकि मलेशिया को गेस्ट के तौर पर शामिल किया जा रहा है।

विदेश मंत्रालय ने बैठक को लेकर बयान में कहा था, 'सीएससी का गठन सुरक्षा के महत्वपूर्ण मामलों पर सदस्य देशों के बीच घनिष्ठ सहयोग को बढ़ावा देने और हिंद महासागर क्षेत्र में क्षेत्रीय सुरक्षा बढ़ाने के लिए साझेदारी को मजबूत करने के लिए किया गया था। विदेश मंत्रालय ने कहा कि एनएसए की 7वीं बैठक प्रतिभागियों के लिए सहयोग के विभिन्न स्तंभों के तहत गतिविधियों की समीक्षा करने का एक अवसर होगी।





**बांग्लादेश के एनएसए पर टिकी हुई है पूरी दुनिया की नजर**

## आईएईए ने ईरान से परमाणु प्रतिष्ठानों तक पहुंच प्रदान करने का किया आग्रह

**तेहरान,** (एजेंसियां)। संयुक्त राष्ट्र परमाणु निगरानी संस्था ने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि जून में हुए हमलों में क्षतिग्रस्त ईरानी प्रतिष्ठानों तक उसकी अभी भी महत्वपूर्ण पहुंच नहीं है और तेहरान के संवर्धित यूरेनियम भंडार के सत्यापन को बहुत देर हो चुकी है। वियना में अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स को संबोधित करते हुए महानिदेशक राफेल ग्रॉसी ने बुधवार को कहा कि एजेंसी को ईरान के निम्न और उच्च संवर्धित यूरेनियम के भंडार की तत्काल जांच करने की आवश्यकता है, जिसे निरीक्षक पिछले पांच महीनों से सत्यापित नहीं कर पाए हैं।

श्री ग्रॉसी ने कहा कि सितंबर में काहिरा में निरीक्षण पर सहमति होने के बाद वे ईरानी अधिकारियों के साथ नियमित संपर्क में हैं अगर समझौते का पूरी तरह से लागू करना है तो और ज्यादा रचनात्मक सहयोग की आवश्यकता है।

उनकी यह टिप्पणी अमेरिका, फ्रांस, जर्मनी और ब्रिटेन द्वारा समन्वित प्रयास के साथ मेल खाती है जिन्होंने संयुक्त रूप से एक मसौदा प्रस्ताव में मांग किया है कि ईरान आईएईए के साथ अपना पूर्ण सहयोग फिर से शुरू करे तथा निरीक्षकों को अप्रतिबंधित पहुंच प्रदान करे हालांकि तेहरान ने चेतावनी दी है कि इस तरह के प्रस्ताव से आईएईए निदेशक के साथ सितंबर में हुई सहमति खतरे में पड़ जाएगी।

# भारतीय नौसेना प्रमुख ने अमेरिका की नेशनल डिफेंस यूनिवर्सिटी का किया दौरा

**वॉशिंगटन, नवम्बर (एजेंसियां)।** भारतीय नौसेना के प्रमुख एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी इन दिनों अमेरिका की आधिकारिक यात्रा पर हैं। उन्होंने वॉशिंगटन डीसी के फोर्ट लेस्ली जे. मैकनेयर में स्थित अमेरिका की प्रतिष्ठित नेशनल डिफेंस यूनिवर्सिटी (एनडीयू) का दौरा किया। यहां उनकी मुलाकात एडीयू के प्रेसिडेंट वाइस एडमिरल पीटर ए. गार्विन से हुई और दोनों नेताओं के बीच गहन और सकारात्मक बातचीत हुई।

बातचीत के दौरान दोनों वरिष्ठ अधिकारियों ने सैन्य शिक्षा के क्षेत्र में आपसी सहयोग को और मजबूत करने पर जोर दिया। चर्चा में मुख्य रूप से चार बातें सामने आईं। पहला, दोनों देशों की सेनाओं के लिए प्रोफेशनल मिलिट्री एजुकेशन को और बेहतर बनाना। दूसरा, उच्च स्तरीय सैन्य शिक्षण संस्थानों के बीच सीधा संपर्क और सहयोग बढ़ाना। तीसरा, अंतरराष्ट्रीय फेलो और सैन्य प्रोफेसरों के बीच प्रशिक्षण का आपसी आदान-प्रदान शुरू करना। चौथा और सबसे महत्वपूर्ण, साझा समुद्री हितों को ध्यान में रखते हुए भारत और अमेरिका के रक्षा संबंधों को और गहरा करना। एडमिरल त्रिपाठी ने एनडीयू के तीन प्रमुख कॉलेजों का दौरा भी किया। अधिकारियों ने बताया कि यहां की पढ़ाई और ट्रेनिंग का स्तर विश्व स्तरीय है और इससे उनकी रणनीतिक सोच में काफी निखार आ रहा है। सीएनएस ने सभी अधिकारियों का मनोबल बढ़ाया और उन्हें देश के लिए सर्वश्रेष्ठ देने की प्रेरणा दी। इनमें आइजनहावर स्कूल फॉर नेशनल सिक्योरिटी एंड रिसोर्स स्ट्रैटेजी, नेशनल वॉर कॉलेज और कॉलेज ऑफ इंफॉर्मेशन एंड साइबरस्पेस शामिल हैं। इन संस्थानों में पढ़ रहे भारतीय नौसेना के अधिकारियों से उन्होंने लंबी बातचीत की।

यह दौरा भारत-अमेरिका रक्षा सहयोग की दिशा में एक और मजबूत कदम माना जा रहा है। दोनों देश इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में समुद्री सुरक्षा, स्वतंत्र नौवहन और क्षेत्रीय स्थिरता के लिए मिलकर काम कर रहे हैं।



- **सीएनएस ने सभी अधिकारियों का मनोबल बढ़ाया**

**तोहफा** *एक दिन में पाकिस्तान-ईरान से निकाले गए 10 हजार से ज्यादा अफगानी*

# करीब 400 नागरिकों ने पेशावर हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया

**काबुल, (एजेंसियां)। पाकिस्तान और अफगानिस्तान के तनाव के बीच ईरान और पाक से अफगान शरणार्थियों के भारी संख्या में निकाले जाने की खबरें लगातार सामने आ रही हैं। तालिबान के एक बड़े अधिकारी ने गुरुवार को कहा कि बुधवार को एक ही दिन में 10,000 से ज्यादा अफगान शरणार्थियों को पाकिस्तान और ईरान से जबरदस्ती निकाल दिया गया। पझवोक अफगान न्यूज ने बताया कि तालिबानी अधिकारी ने इस संबंध में हाई कमीशन फॉर एड्रेसिंग माइग्रेंट्स इश्यूज की रिपोर्ट भी साझा की है। रिपोर्ट साझा करते हुए तालिबान के डिप्टी प्रवक्ता हमदुल्ला फितरत ने बताया कि बुधवार को 1,763 अफगान परिवार, जिनमें 10,405 लोग थे, अफगानिस्तान वापस लौटे।**

- **तालिबानी अधिकारी ने साझा की हाई कमीशन फॉर एड्रेसिंग माइग्रेंट्स इश्यूज की रिपोर्ट**

डिप्टी स्पोक्सपर्सन हमदुल्ला फितरत ने कहा कि अफगान रिफ्यूजी कंधार में स्पिन बोल्डक, हेलमंद में बहरामचा, हेरात में इस्लाम कला क्रॉसिंग, निमरोज में पुल-ए-अब्रेशम और नंगरहार में तोरखम क्रॉसिंग के रास्ते पाकिस्तान से लौटे। 2,222 अफगान रिफ्यूजी परिवारों को अपने-अपने इलाकों में ले जाया गया। इन परिवारों में कुल 13,303 लोग शामिल थे। वहीं 1,534 को मानवीय सहायता दी गई।



इससे पहले ईरान और पाकिस्तान से मंगलवार को 7,326 अफगान रिफ्यूजी को जबरदस्ती डिपोर्ट किया गया। रविवार को ईरान और पाकिस्तान से जबरदस्ती डिपोर्ट किए जाने के बाद करीब 12,666 अफगान रिफ्यूजी अफगानिस्तान लौट आए। हालांकि, अफगानी कलाकार और उनके परिवारों समेत करीब 400 नागरिकों ने पेशावर हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। उन्होंने पेशावर कोर्ट के जज से गुजारिश की है कि सरकार को नॉन-रिफाउलमेंट के सिद्धांत के हिसाब से उन्हें जबरदस्ती डिपोर्ट करने से रोकने का आदेश दिया जाए। इन लोगों का कहना है कि अगर इन्हें पाकिस्तान से डिपोर्ट किया गया, तो उन्हें अपने देश में जुल्म का सामना करना पड़ेगा। इस बीच, अफगान नागरिकों ने कोर्ट में एक संयुक्त याचिका दायर की है। इसमें सरकार से रिफ्यूजी के तौर पर उन्हें पाकिस्तान में रहने की इजाजत देने के लिए निर्देश देने की मांग की गई।

## आज का इतिहास

1707- प्रिंस जोहान विलेम फ्रिसो ने फ्रिसलैंड के वायसराय के रूप में शपथ ली।
1774- रॉबर्ट क्लाइव की मौत। वह ईस्ट इण्डिया कम्पनी द्वारा भारत में नियुक्त होने वाला प्रथम गवर्नर था।
1808- दुनिया की मशहूर ट्रैवल कंपनी 'थॉमस कुक एंड संस' के संस्थापक थॉमस कुक का जन्म।
1830- झलकारी बाई का जन्म। वह रानी लक्ष्मीबाई की सेना की मुख्य सदस्य थी।
1920- 'हकीम अजमल ख़ान जामिया' के पहले चांसलर बने।
1830- चार्ल्स ग्रे यूनाइटेड किंगडम के प्रधान मंत्री बने।
1963- अमेरिका के 35वें राष्ट्रपति जॉन एफ केनेडी की हत्या।
1864 - भारत की प्रथम महिला चिकित्सक रुक्माबाई का जन्म।
1968- मद्रास राज्य का नाम बदलकर तमिलनाडु करने के प्रस्ताव को लोकसभा से स्वीकृति मिली।
1986- ब्लेड रनर ऑस्कर पिस्टोरियस का जन्म।


## सुडोकू 7100

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 3 | | | 7 | 9 | 1 | | |
| | 8 | 5 | | | 4 | | | |
| 1 | 6 | 9 | 5 | 2 | | | | |
| | 5 | 6 | 4 | 3 | | 2 | | 1 |
| | | | | | | | | |
| 3 | | 2 | | 5 | 8 | 9 | 7 | |
| | | | | 8 | 1 | 4 | 9 | 5 |
| | | | 2 | | | 6 | 3 | |
| | | 7 | 3 | 4 | | | 1 | |

**: नियम :**
1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 7100





**बायें से दाये:-**
१.वित्त व्यवस्था
४. सभी लोगों के लिए, सार्वजनिक
६. नौ प्रकार से, नौ खंडों में
७. प्रमाणित (उर्दू)
८. युद्ध नीति
१०. पैर, पद,
११. पानी से भरा हुआ
१३. बड़ा भाई
१४. अनेक तरह का
१५. निर्दयी (उर्दू)
१७. सूर्य
१९. सही मार्ग से भटका हुआ, भिन्न मार्ग, गलत रास्ता
२१. प्रतिकार, प्रतिशोध
२२. नीच मनुष्य
२४. ढूंढना, खोजना (उर्दू)

**ऊपर से नीचे:-**
१. मुताबिक
२. शरणागत की रक्षा करने वाला
३. दौलत एकत्र करना, धन संग्रह
४. मामूली, सामान्य
५. जन्म देने वाली माता
९. हिंदू धर्म का एक धार्मिक कृत्य जिसमें मृतक के नाम तिल मिश्रित जल की अंजलि दिया जाता है
१२. धीमा, मंद
१३. होंठ
१४. चोट, आघात, नाश, हानि, अपहरण
१५. अकारण (उर्दू)
१६. विचाराधीन अभियुक्तों को रखने की जगह (उर्दू)
१८. मुखालफत
१९. मजबूर
२०. गाय-भैंस का स्तन
२३. शराब

## वर्ग पहेली-7099

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ मा | न | २ दे | य | ■ | ■ | ३ सु | प्र | ४ सि | द्ध |
| न | ■ | व | ■ | ५ वि | क्षि | प्त | ■ | त | ■ |
| ६ व | च | ना | मृ | त | ■ | ७ ज | न | म | ८ त |
| ता | ■ | ग | ■ | ९ र | स | न | ■ | ■ | ह |
| ■ | १० प | री | ११ क्ष | क | ■ | ■ | १२ बे | बा | की |
| ■ | रं | ■ | म | ■ | १३ प | तो | हू | ■ | का |
| १४ आ | तु | १५ र | ता | ■ | वि | ■ | १६ दा | १७ व | त |
| त्म | ■ | ण | ■ | १८ पा | त्र | १९ ता | ■ | रू | ■ |
| २० ह | टा | ना | ■ | ल | ■ | २१ प | रि | ण | २२ य |
| त्या | ■ | २३ द | र्द | ना | क | ■ | ■ | ■ | दि |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

# खेल जगत

## रोच-हॉज की वेस्टइंडीज की टीम में हुए शामिल

**नई दिल्ली।** न्यूजीलैंड और वेस्टइंडीज के बीच दिसंबर में तीन मुकाबलों की टेस्ट सीरीज खेली जाएगी। न्यूजीलैंड दौरे पर इस सीरीज के लिए वेस्टइंडीज ने केमार रोच और कावेम हॉज को अपनी 15 सदस्यीय टीम में शामिल किया है। शमर जोसेफ और अल्जारी जोसेफ चोटिल होने की वजह से टीम से बाहर हैं, जिसके चलते अनुभवी तेज गेंदबाज केमार रोच को टीम में मौका दिया गया है। केमार रोच आखिरी बार जनवरी में पाकिस्तान दौरे पर टेस्ट मैच खेले थे। यह गेंदबाज पेस यूनिट में अनुभव जोड़ता है। इस पेस अटैक में उनके साथ 29 वर्षीय ओजे शील्ड्स भी हैं, जिन्हें पहली बार टेस्ट टीम के लिए चुना गया है। केमार रोच के अलावा, कावेम हॉज को भी इस टीम में चुना गया है, जो पिछली बार पाकिस्तान दौरे पर टेस्ट मैच खेले थे। बाएं हाथ के ऑर्थोडॉक्स स्पिनर खारी पियरे को न्यूजीलैंड के खिलाफ इस टेस्ट सीरीज से बाहर कर दिया गया है।



# भारत-साउथ अफ्रीका दूसरा मुकाबला आज से, ऋषभ पंत करेंगे कप्तानी

## शुभमन के बाहर होने के बावजूद उनकी जगह किसी और खिलाड़ी को भारत ने अपनी टीम में नहीं जोड़ा

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

■ गुवाहाटी टेस्ट की पिच दोनों टीमों के कप्तानों के लिए पहेली




**नई दिल्ली,** 21 नवम्बर (देशबन्धु)। गर्दन में ऐंठन के चलते नियमित कप्तान शुभमन गिल के बाहर होने से अब उपकप्तान ऋषभ पंत भारत की दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ गुवाहाटी में शनिवार से शुरू हो रहे सीरीज के दूसरे आखिरी क्रिकेट टेस्ट में कप्तानी संभालेंगे। विकेटकीपर और बल्लेबाज ऋषभ पंत के सामने अब बतौर कप्तान भारत को दूसरा टेस्ट जिता कर सीरीज एक एक से ड्रॉ की मुश्किल चुनौती होगी। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने शुक्रवार सुबह एक वक्तव्य जारी कर कहा कि शुभमन गिल दूसरे टेस्ट से बाहर हो गए हैं और अपनी गर्दन मे आई ऐंठन के आकलन के लिए मुंबई जाएंगे। शुभमन गिल के बाहर होने के बावजूद उनकी जगह किसी और खिलाड़ी को भारत ने अपनी टीम में नहीं जोड़ा है। भारत शुभमन गिल की जगह साई सुदर्शन को और बाएं हाथ के स्पिन ऑलराउंडर अक्षर पटेल की जगह बल्लेबाजी ऑलराउंडर नीतिश रेड्डी को शामिल कर तीन स्पिनरों और तीन तेज गेंदबाजों के रूप में भारत के दूसरे टेस्ट में एक संतुलित एकादश के साथ उतरने की पूरी उम्मीद है। दरअसल शुभमन गिल के गुवाहाटी पहुंचने के बावजूद उनकी गर्दन मे ऐंठन के कारण उनकी दिक्कत और बढ़ सकती थी। ऐसे में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 30 नवंबर से शुरू हो रही तीन वन डे अंतर्राष्ट्रीय मैचों की क्रिकेट सीरीज में भी शुभमन गिल के खेलने पर संशय पैदा हो गया है। भारत अपने नियमित कप्तान शुभमन गिल और दक्षिण अफ्रीका अपने तुरुप के तेज गेंदबाज कसिगो रबाड़ा के बिना दूसरे टेस्ट मे खेलने उतरेगा। रबाड़ा पसलियों में चोट के चलते दूसरे टेस्ट ही नही बल्कि अब आगे भारत के पूरे दौरे से बाहर हो गए हैं। भारत ने अपने पिछले पांच मे से तीन टेस्ट जीते एक ड्रॉ खेला व एक हारा है। वहीं दक्षिण अफ्रीका पिछले पांच में चार टेस्ट जीता और एक हारा है।

दरअसल गुवाहाटी के बरसपाड़ा स्टेडियम में दूसरे टेस्ट के लिए लाल मिट्टी की पिच का मिजाज भारत और दक्षिण अफ्रीका के कप्तानों के लिए अभी पहेली ही है और दोनों इसकी बाबत कुछ भी कहने से बच रहे हैं। गुवाहाटी में पहली बार टेस्ट खेला जाएगा और वहां बरसपड़ा स्टेडियम की पिच के मिजाज को लेकर निश्चित रूप से कुछ भी नहीं कहा जा सकता है।

## चोट के कारबण रबाडा दूसरे टेस्ट से बाहर



**नई दिल्ली।** दक्षिण अफ्रीकी तेज गेंदबाज कगिसो रबाडा पसलियों के खिंचाव के चलते भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच और व्हाइट बॉल सीरीज से बाहर हो गए हैं। सीमर लुंगी एनगिडी को चोटिल रबाडा के कवर के तौर पर पहले ही टीम में शामिल कर लिया गया है। क्रिकेट साउथ अफ्रीका (सीएसए) ने शुक्रवार को एक बयान में कहा, 'प्रोटियाज मेडिकल टीम रबाडा की निगरानी कर रही है। चोट वाले स्थान पर लगातार तकलीफ के कारण, रबाडा को बाकी टूर से हटा दिया गया है। वह दूसरे टेस्ट के खत्म होने पर साउथ अफ्रीका लौटने से पहले प्रोटियाज मेडिकल टीम के साथ अपने चार हफ्तों के रिहैबिलिटेशन प्रोग्राम के शुरुआती फेज को जारी रखेंगे। कगिसो रबाडा चोटिल होने की वजह से कोलकाता के ईडन गार्डन्स स्टेडियम में भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज के पहले मैच में भी नहीं खेल सके थे। टेस्ट सीरीज से बाहर होने के बाद संभवत: साउथ अफ्रीकी टीम गुवाहाटी में होने वाले दूसरे और निर्णायक मैच में बिना किसी बदलाव के उतर सकती है। साइमन हार्मर ने कोलकाता टेस्ट में शानदार बल्लेबाजी की थी। उन्होंने मुकाबले में कुल 8 विकेट के साथ 'प्लेयर ऑफ द मैच' खिताब अपने नाम किया था।

# सुपरओवर में भारत को हराकर फाइनल में पहुंची बांग्लादेश




■ बांग्लादेश ए ने भारत ए को जीत के लिए 195 रन का लक्ष्य दिया था

**दोहा,** 21 नवम्बर (एजेंसियां)। एशिया कप पुरुष राइजिंग स्टार्स में शुक्रवार को भारत और बांग्लादेश के बीच पहला सेमीफाइनल मुकाबला खेला गया। बेहद रोमांचक रहे इस मुकाबले में बांग्लादेश ने सुपरओवर में भारत को हराकर फाइनल में जगह बनाई।

भारतीय टीम ने सुपरओवर में पहले बल्लेबाजी की और पहली दो गेंदों पर ही लगातार जितेश शर्मा और आशुतोष शर्मा के विकेट खो दिए। नियम के मुताबिक 2 विकेट गिरते ही पारी समाप्त हो जाती है। ऐसे में बांग्लादेश को जीत के लिए सिर्फ 1 रन की जरूरत थी। बांग्लादेश ने भी सुयश शर्मा की पहली गेंद पर अपनी पहली विकेट खो दी। लेकिन इसके बाद जरूरी 1 रन बनाकर बांग्लादेश ने फाइनल में जगह बना ली। दोहा के वेस्ट एंड पार्क अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में बांग्लादेश ए ने भारत ए को जीत के लिए 195 रन का लक्ष्य दिया था। भारतीय टीम भी 20 ओवर में 6 विकेट पर 194 रन बना सकी थी और मैच टाई हो गया था। आखिरी ओवर में भारतीय टीम को जीत के लिए 16 रन बनाने थे और आखिरी 2 गेंदों पर 4 रन बनाने थे। आखिरी ओवर की पांचवीं गेंद पर आशुतोष शर्मा को रकीबुल हसन ने बोल्ड कर दिया। इसके बाद नए बल्लेबाज हर्ष दुबे को आखिरी गेंद पर 4 रन बनाने थे, लेकिन तीन रन ही बन सके और मैच टाई हो गया।

भारतीय टीम के सलामी बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी और प्रियांश आर्या ने तूफानी शुरुआत दी थी और पहले विकेट के लिए 3.4 ओवर में 53 रन जोड़े। वैभव ने मात्र 15 गेंद पर 4 छक्के और 2 चौके लगाते हुए 38 रन की पारी खेली। वैभव का विकेट गिरने के बाद रन गति में गिरावट आई। प्रियांश आर्या तीसरे विकेट के रूप में 23 गेंद पर 3 छक्के और 4 चौकों की मदद से 44 रन बनाकर आउट हुए। प्रियांश का विकेट गिरने के समय टीम का स्कोर 9.3 ओवर में 98 रन था। कप्तान जितेश शर्मा ने 23 गेंद पर 33 रन बनाए। नेहाल वढेरा 29 गेंद पर 32 रन बनाकर नाबाद रहे। आशुतोष शर्मा ने 6 गेंद पर 13 रन बनाए। इससे पहले, भारतीय टीम के कप्तान जितेश शर्मा ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला किया था। पहले बल्लेबाजी करते हुए बांग्लादेश ने 6 विकेट पर 194 रन बनाए। बांग्लादेश के लिए सलामी बल्लेबाज हबीबउर रहमान सोहन ने 46 गेंद पर 5 छक्के और 3 चौके लगाते हुए 65 रन की पारी खेली।

## शौर्य सैनी ने डेफलंपिक्स में 50मी राइफल 3 पोजीशन में सिल्वर जीता

**टोक्यो,** 21 नवम्बर (एजेंसियां)। भारत के शौर्य सैनी ने टोक्यो में चल रहे 25वें समर डेफलंपिक्स में पुरुषों के 50मी राइफल 3 पोजीशन इवेंट में सिल्वर मेडल जीता, जिससे यह शूटिंग में देश का 13वां मेडल बन गया। शौर्य, जो अभी वर्ल्ड चैंपियन हैं, ने अपना ही वर्ल्ड डेफ क्वालिफिकेशन रिकॉर्ड तोड़ा और फाइनल में पहुंचने से पहले एक नया डेफलंपिक्स वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया।

शौर्य ने फाइनल में 450.6 का स्कोर किया, लेकिन जर्मनी के एरिक मैथियास हेस के गोल्ड मेडल जीतने से 9.2 कम रहे, उन्होंने डेफ वर्ल्ड फाइनल्स रिकॉर्ड और डेफलंपिक्स रिकॉर्ड तोड़ा। यूक्रेन के दिमित्रो पेट्रेंको ने ब्रॉन्ज मेडल जीता। फाइनल में, शौर्य ने 15 शॉट्स की नीलिंग सीरीज में 151.0 और प्रोन सीरीज में 151.1 का स्कोर किया। फिर उन्होंने स्टैंडिंग सीरीज के पहले 10 शॉट्स में 99.3 का स्कोर किया।

# नीदरलैंड अपने पहले जू पुरुष हॉकी विश्व कप खिताब की तलाश में चेन्नई पहुंची

## कोच जैसी बोले, कोशिश बढ़िया आगाज करने की




> 'मैं नीदरलैंड की सीनियर हॉकी टीम पहले भी कई बार भारत आ चुका हूं और मैं भारत से मैं खूब वाकिफ हूं : जेसी माहियू

**नई दिल्ली,** 21 नवम्बर (देशबन्धु)। दो बार की उपविजेता और दो बार तीसरे स्थान पर रहने वाली अपने खिताब की बाट जोह रही नीदरलैंड की जूनियर टीम 28 नवंबर से 10 दिसंबर तक चेन्नै और मदुरै में होने वाले एफआईएच जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप में शिरकत करने के लिए बृहस्पतिवार रात चेन्नै पहुंच गई। इस बार के संस्करण में इसके इतिहास में सबसे ज्यादा 24 टीमें शिरकत करेंगी और इन्हें चार चार टीमों को छह पूल में बांटा गया है। जर्मनी की टीम अब तक सबसे ज्यादा सात बार और मेजबान भारत व अर्जेंटीना ने दो दो बार, ऑस्ट्रेलिया और पाकिस्तान ने एक एक बार खिताब जीता है। नीदरलैंड की टीम ने अब तक हुए इसके सभी 13 संस्करणों में शिरकत की और वह लगातार 14 वीं बार इसमें शिरकत करेगी। मौजूदा चैंपियन अर्जेंटीना और बांग्लादेश की जूनियर टीमें सबसे पहले इसमें शिरकत करने के लिए चेन्नै पहुंची जबकि मेजबान भारतीय जूनियर हॉकी टीम भी पहले यहां पहुंच चुकी है। नीदरलैंड की जूनियर टीम पूल ई में ऑस्ट्रिया, इंग्लैंड और मलयेशिया के साथ पूल ई में है और हम अपना अभियान टूर्नामेंट के दूसरे दिन इंग्लैंड के खिलाफ मदुरै में मैच खेल कर करेगी। नीदरलैंड की कोशिश अपने पहले जूनियर पुरुष हॉकी खिताब जीतने की होगी और उसकी निगाह मजबूत आगाज पर लगी हैं। नीदरलैंड की जूनियर टीम के चेन्नै पहुंचने पर उसके कोच जेसी माहियू ने कहा, 'मैं नीदरलैंड की सीनियर हॉकी टीम पहले भी कई बार भारत आ चुका हूं और मैं भारत से मैं खूब वाकिफ हूं। भारत में हमारा हर बार गर्मजोशी से स्वागत हुआ है। हमारी नीदरलैंड की जूनियर टीम में कई खिलाड़ी पहली बार यूरोप स बाहर खेलने आए है और ऐसे में उनका यह भारत दौरा उनके खासा यादगार रहने वाला है। जहां तक जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप की बात है यह खासा संघर्षपूर्ण रहने वाला और इस बार इसमें नए फॉर्मेट के साथ 24 टीमें शिरकत करेंगी और हमारे सामने कई मजबूत टीमें होंगी।

## सूर्यकुमार मुंबई की सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी टीम में शामिल

**मुंबई,** 21 नवम्बर (एजेंसियां)। भारत के टी-20 कप्तान सूर्यकुमार यादव को मुंबई की सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी टीम में शामिल किया गया है। सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफ़ी 26 नवंबर से शुरू हो रही है। ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर 17 सदस्यीय टीम की अगुआई करेंगे। स्क्वॉड में शिवम दुबे, सरफराज ख़ान, अजिंक्य रहाणे और आयुष म्हात्रे भी शामिल हैं। भारत की दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ नौ दिसंबर से शुरू होने वाली टी-20 सीरीज से पहले सूर्यकुमार की मुंबई टीम में वापसी हुई है। मुंबई इंडियंस के लिए इस आईपीएल में 717 रन बनाने और 167.91 की स्ट्राइक रेट के बावजूद वह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में रन नहीं बना पाए हैं। 2025 में उन्होंने 15 पारियों में सिर्फ़ 184 रन निकले हैं। इस दौरान उनका औसत 15.33 और स्ट्राइक रेट 127.77 का रहा है। भारत इस विंडो में 10 टी-20 खेलेगा। पांच मैच दक्षिण अफ्रीका से और पांच न्यूजीलैंड से हैं। इसके बाद फरवरी और मार्च 2026 में श्रीलंका के साथ मिलकर टी-20 विश्व कप की मेजबानी करेगा। सूर्यकुमार की तरह दुबे भी मैच प्रैक्टिस की तलाश में रहेंगे। एशिया कप और ऑस्ट्रेलिया सीरीज में उन्हें 11 टी-20 में से सिर्फ़ छह बार बल्लेबाज़ी करने का मौक़ा मिला।

# जिम्बाब्वे की श्रीलंका पर चौंकाने वाली जीत



**रावलपिंडी,** 21 नवम्बर (एजेंसियां)। ज़िम्बाब्वे ने यादगार ऑल-राउंड प्रदर्शन करते हुए रावलपिंडी में श्रीलंका को 67 रन से हराया, ट्राई-सीरीज के दूसरे मैच में 162 रन के मामूली स्कोर का बचाव किया और फिर मेजबान टीम को सिर्फ़ 95 रन पर आउट कर दिया। मैच की शुरुआत ब्रायन बेनेट (49) और सिकंदर रजा (47) के टॉप-ऑर्डर के अच्छे योगदान से हुई, जिसके बाद रिचर्ड नगारवा और ब्रैड इवांस ने पांच विकेट लिए। यह ज़िम्बाब्वे की श्रीलंका पर तीसरी टी20 जीत थी और इस फॉर्मेट में किसी फुल-मेंबर टीम के खिलाफ उनकी अब तक की सबसे बड़ी जीत भी थी। श्रीलंका के पहले बॉलिंग करने के फ़ैसले के बाद, वानिंदु हसरंगा (3/32) और ईशान मलिंगा (2/27) ने ज़िम्बाब्वे की पारी में सबसे ज़्यादा नुकसान किया, जरूरी पार्टनरशिप तोड़ी और यह पक्का किया कि टोटल कभी भी पार स्कोर से आगे न बढ़े। शुरुआत में कुछ विकेट गिरने के बाद, बेनेट और रजा ने तीसरे विकेट के लिए 61 रन की पार्टनरशिप की, जिससे टीम 40/2 से ऊपर उठ गई और टोटल को 180 की ओर ले जाने की कोशिश की, लेकिन हसरंगा ने 13वें ओवर में बेनेट को आउट किया।

# एशेज : इंग्लैंड पहली पारी में सिर्फ 172 रन पर ढेर

■ मिचेल स्टार्क ने 7 विकेट लेकर मेहमान टीम को घुटनों पर ला दिया



**पर्थ,** 21 नवम्बर (एजेंसियां)। इंग्लैंड की टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पर्थ स्टेडियम में जारी एशेज सीरीज के पहले मैच की पहली पारी में सिर्फ 172 रन पर सिमट गई। मेजबान टीम के तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क ने 7 विकेट लेकर मेहमान टीम को घुटनों पर ला दिया। इस बीच इंग्लैंड की टीम 'बैजबॉल' अंदाज में खेलते नजर आई, जिसने उसकी लुटिया डुबो दी। इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी चुनी। इंग्लैंड की टीम ने मुकाबले की छठी गेंद पर सलामी बल्लेबाज जैक क्रॉली का विकेट गंवा दिया। उस समय तक इंग्लैंड का खाता नहीं खुला था। यहां से ओली पोप ने बेन डकेट के साथ 34 गेंदों में 33 रन की साझेदारी की, लेकिन टेस्ट में टी20 अंदाज की बल्लेबाजी इस टीम को भारी पड़ी। बेन डकेट 20 गेंदों में 21 रन बनाकर आउट हो गए। कुछ देर बाद जो रूट (0) भी चलते बने। इंग्लैंड की टीम 39 के स्कोर तक अपने 3 विकेट गंवा चुकी थी। ये तीनों ही विकेट मिचेल स्टार्क ने अपने नाम किए थे। यहां से ओली पोप ने हैरी ब्रूक के साथ चौथे विकेट के लिए 67 गेंदों में 55 रन की साझेदारी की। ओली पोप 58 गेंदों में 4 चौकों के साथ 46 रन बनाकर पवेलियन लौट गए।यहां से बेन स्टोक्स ने हैरी ब्रूक के साथ पांचवें विकेट के लिए 21 रन जोड़े, जबकि जैमी स्मिथ ने ब्रूक के साथ 30 गेंदों में 45 रन की साझेदारी की, लेकिन टीम को सम्मानजनक स्कोर तक नहीं पहुंचा सके।

## बेन स्टोक्स ने घातक गेंदबाजी से 43 साल पहले का इतिहास दोहराया



**पर्थ।** ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच 5 टेस्ट मैचों की एशेज सीरीज की शुरुआत पर्थ में हो चुकी है। शुक्रवार का पहला दिन गेंदबाजों का रहा। पहले बल्लेबाजी करते हुए इंग्लैंड जहां 172 पर सिमट गई, वहीं ऑस्ट्रेलिया ने भी 123 पर 9 विकेट गंवा दिए। ऑस्ट्रेलियाई पारी मे 5 विकेट लेने वाले बेन स्टोक्स ने 43 साल पहले का इतिहास दोहराया। इंग्लैंड ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फसला किया था। पहले बल्लेबाजी करते हुए इंग्लैंड मात्र 172 रन पर सिमट गई। कप्तान बेन स्टोक्स सिर्फ 6 रन बना सके। 172 का स्कोर ऑस्ट्रेलिया में ऑस्ट्रेलिया के लिए ज्यादा नहीं था।

# आयुष शेट्टी को हराकर सेमीफाइनल में पहुंचे लक्ष्य

## सेमीफाइनल में लक्ष्य का सामना चीनी ताइपे के दूसरे सीड चाउ टिएन चेन से होगा




**नई दिल्ली,** 21 नवम्बर (एजेंसियां)। भारत के स्टार शटलर लक्ष्य सेन ने ऑस्ट्रेलियन ओपन सुपर 500 के पुरुष सिंगल्स सेमीफाइनल में जगह बना ली है। लक्ष्य सेन ने शुक्रवार को हमवतन आयुष शेट्टी के खिलाफ सीधे गेम में 23-21, 21-11 से जीत दर्ज की। सेमीफाइनल में सातवें सीड वाले लक्ष्य का सामना चीनी ताइपे के दूसरे सीड चाउ टिएन चेन से होगा। मेंस सिंगल्स में प्रणय और किदांबी श्रीकांत के जल्दी बाहर होने के बाद सेन अब भारत की इकलौती उम्मीद हैं। सिडनी ओलंपिक पार्क में 53 मिनट तक चले इस मुकाबले में लक्ष्य सेन को शुरुआती गेम में आयुष शेट्टी से कड़ी टक्कर मिली। सेन 6-9 से पीछे चल रहे रहे थे, लेकिन उन्होंने 9-10 से चार प्वाइंट्स बनाकर 13-10 की बढ़त हासिल कर ली।

शेट्टी उतार-चढ़ाव भरे शुरुआती गेम में वापसी करते रहे, उन्होंने 21-21 से बराबरी की और 23-21 से गेम अपने नाम कर लिया। दूसरा गेम लक्ष्य सेन के लिए बेहद आसान रहा। सेन ने 6-1 से बढ़त बना ली थी।

# पीटी उषा फिक्की लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित



**नई दिल्ली,** 21 नवम्बर (एजेंसियां)। पूर्व स्प्रिंट क्वीन और भारतीय ओलम्पिक संघ (आईओए) की मौजूदा अध्यक्ष पी.टी. उषा को भारतीय खेलों में उनके असाधारण योगदान और एथलीटों की पीढ़ियों को प्रेरित करने के लिए शुक्रवार को फिक्की लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। उषा, जिन्हें 'पय्योली एक्सप्रेस' के नाम से भी जाना जाता है, को यह सम्मान फिक्की टर्फ 2025 - 15वें ग्लोबल स्पोर्ट्स समिट में दिया गया। अवार्ड लेते हुए उषा ने कहा, 'भारतीय खेल तभी आगे बढ़ता है जब हम सब मिलकर आगे बढ़ते हैं। टैलेंट देश के हर कोने में मौजूद है, लेकिन मौका हर बच्चे तक पहुंचना चाहिए। हमारा फोकस एथलीट पर होना चाहिए: साफ रास्ते, मजबूत सिस्टम, सही चुनाव और साइंस, न्यूट्रिशन और मेंटल स्ट्रेंथ पर आधारित सपोर्ट।' उन्होंने कहा, 'भारत सपने देखने वाले युवाओं से भरा है, और यह हमारी ज़िम्मेदारी है कि हम पक्का करें।

## सार संक्षेप

### इंडियन नेवी और रेलवे स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड सेमीफाइनल में

**नई दिल्ली।** पवन राजभर और प्रताप लाकड़ा के दो-दो गोल की मदद से इंडियन नेवी और रेलवे स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड एसएनबीपी 61वें नेहरू सीनियर्स मेन्स हॉकी टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंच गए। इंडियन नेवी ने हर क्वार्टर में एक-एक गोल करके रेल कोच फैक्ट्री, कपूरथला को 4-1 से हराया, जिसमें राजभर ने दूसरे और चौथे सेशन में दो बार गोल किया। कोलकाता में हाल ही में हुए बेटन कप की विनर आर्मी XI को आरएसपीबी के हाथों लगातार दूसरी हार का सामना करना पड़ा, जिसमें प्रताप आरएसपीबी के हीरो रहे। दोनों मैच पूल सी में थे। पूल डी में, एयर फोर्स, सीएजी XI और पेट्रोलियम स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड मुकाबले में हैं। कल के मैच उनकी किस्मत का फैसला करेंगे। नेवी टीम के दबदबे पर कभी सवाल नहीं उठा। वे पहले सेशन के बीच में आगे बढ़ गए, सनी मलिक ने एक तेज एंगल से गोल किया। पवन राजभर के दूसरे और चौथे सेशन में दो गोल करने से पहले, बाविन ने तीसरे सेशन के आखिर में नेवी को तीन गोल से आगे कर दिया।

### संधू ने जीता इंडियनऑयल सर्वो मास्टर्स खिताब

**डिगबोई (असम)।** युवराज संधू ने लगातार दो प्लेऑफ हार के बाद शानदार वापसी की और शुक्रवार को डिगबोई गोल्फ लिंक्स में खेले गए मशहूर इंडियनऑयल सर्वो मास्टर्स, जो 1 करोड़ रुपए का इवेंट है, में सात-स्ट्रोक की जबरदस्त खिताबी जीत हासिल की। युवराज (65-69-66-69), जिन्होंने तीसरे राउंड के बाद छह-स्ट्रोक की शानदार बढ़त हासिल की थी, ने इंडियनऑयल सर्वो मास्टर्स के ऐतिहासिक 25वें एडिशन में चौथे राउंड में तीन-अंडर 69 का शानदार स्कोर बनाया और इस हफ़्ते का कुल स्कोर 19-अंडर 269 कर लिया। नतीजतन, चंडीगढ़ के 28 साल के इस खिलाड़ी ने इस सीजन की अपनी पांचवीं जीत हासिल की और पीजीटीआई ऑर्डर ऑफ मेरिट में अपनी बढ़त और बढ़ा ली। लगातार चैंपियन रहे युवराज ने 15 लाख रुपये का विनिंग चेक हासिल किया, जिससे उनकी सीजन की कमाई 1,21,67,100 रुपये हो गई। संधू अब पीजीटीआई रैंकिंग में 29 लाख रुपये से ज़्यादा की बढ़त बनाए हुए हैं।

### मीरपुर में भूकंप से खेल कुछ देर के लिए रुका

**ढाका।** बंगलादेश और आयरलैंड के बीच दूसरे टेस्ट के तीसरे दिन शेर-ए-बांग्ला स्टेडियम में खेल कुछ देर के लिए रुका, जब रिक्टर स्केल पर 5.7 की तीव्रता वाले भूकंप ने ढाका और बंगलादेश की राजधानी के आस-पास के इलाकों को हिला दिया। यह घटना आयरलैंड की पहली पारी के 56वें ओवर की दूसरी गेंद पर हुई। इसके कारण लगभग तीन से चार मिनट के लिए खेल तुरंत रुक गया क्योंकि खिलाड़ी बाउंड्री लाइन की ओर भागे, जबकि स्टेडियम में दर्शकों के चेहरे पर घबराहट साफ़ दिख रही थी। उस रुकावट के बाद खेल फिर से शुरू हुआ। खबर छपने के समय, आयरलैंड 78 ओवर में 233/7 पर पहुंच गया था और बंगलादेश के 476 रन से 243 रन पीछे था।

# अर्थ जगत

## बैंकों का एनपीए दूसरी तिमाही में घटकर 2.1 प्रतिशत

नई दिल्ली। देश के बैंकिंग सेक्टर की वित्तीय सेहत और मजबूत होती दिख रही है। केयरएज रेटिंग्स की ताजा रिपोर्ट के अनुसार, चालू वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही में बैंकों के गैर-निष्पादित परिसंपत्तियों (एनपीए) में लगातार गिरावट दर्ज की गई है। रिपोर्ट के मुताबिक, अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों (एससीबी) का सकल एनपीए अनुपात घटकर 2.1 प्रतिशत पर आ गया है। यह पिछले वर्ष इसी अवधि में 2.6 प्रतिशत था। इसमें बताया गया है कि बैंकों का सकल एनपीए 11.1 प्रतिशत सालाना गिरावट के साथ ?4.05 लाख करोड़ पर पहुंच गया है।



# क्रिप्टो मार्केट में हाहाकार! 24 घंटे में 17 लाख करोड़ स्वाहा



ताश के पत्तों की तरह ढहा बिटकॉइन

*नई दिल्ली। दुनिया की सबसे उतार-चढ़ाव वाली क्रिप्टोकरेंसी मार्केट ने पिछले 24 घंटे में निवेशकों को जबरदस्त झटका दिया है। अचानक हुई भारी बिकवाली से पूरा ग्लोबल क्रिप्टो मार्केट हिल गया। कई लोगों के निवेश देखते ही देखते ताश के पत्तों की तरह ढह गए। सिर्फ एक दिन में मार्केट से 17 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा गायब हो गए। यह गिरावट साफ दिखाती है कि क्रिप्टो दुनिया जितनी चमकदार दिखती है, उतनी ही जोखिम भरी भी है।*

पिछले कई दिनों से क्रिप्टो में गिरावट जारी थी, लेकिन इस बार का धक्का अब तक का सबसे बड़ा साबित हुआ। कॉइनमार्केटकैप के अनुसार, गुरुवार सुबह 9:30 बजे क्रिप्टोकरेंसी मार्केट कैप 3.14 लाख करोड़ डॉलर था, जो शुक्रवार सुबह तक गिरकर 2.95 लाख करोड़ डॉलर रह गया। यानी 24 घंटे में 6 प्रतिशत से ज्यादा की गिरावट और इसी के साथ निवेशकों के 0.19 लाख करोड़ डॉलर यानी करीब 17 लाख करोड़ रुपये स्वाहा हो गए। मार्केट में डर का माहौल इतना गहरा है कि फियर एंड ग्रीड इंडेक्स गिरकर 11 पर आ गया, जो बताता है कि निवेशक बड़े पैमाने पर सेलिंग कर रहे हैं। क्रिप्टो मार्केट का सबसे बड़ा नाम बिटकॉइन भी इस भारी गिरावट से बच नहीं पाया। बीते 24 घंटों में बिटकॉइन 7 प्रतिशत से ज्यादा टूटकर 86 हजार के नीच आ गया है। शुक्रवार सुबह 9:30 बजे यह 85,750 पर ट्रेड कर रहा था। सिर्फ एक दिन में ही नहीं, बिटकॉइन पिछले 7 दिनों में 13 प्रतिशत से ज्यादा लुढ़क चुका है।

**एथेरियम, रिपल, सोलाना ने भी गंवाया रंग-** एथेरियम, रिपल, सोलाना, कार्डानो जैसी अन्य प्रमुख क्रिप्टोकरेंसी भी बुरी तरह ध्वस्त हुई हैं। **इथेरियम** - 7.53 प्रतिशत गिरकर 2799 डॉलर। रिपल (एक्सआरपी) - 7 प्रतिशत गिरकर 1.97 डॉलर। **सोलाना** - 7.28 प्रतिशत गिरकर 132 डॉलर। **कार्डानो** - 7.87 प्रतिशत गिरकर 0.42 डॉलर। कॉइनमार्केटकैप के मुताबिक टॉप 100 क्रिप्टो सभी लाल निशान में हैं। कई टोकन्स 10-20 प्रतिशत की गिरावट तक दर्ज कर चुके हैं। इन सभी मैक्रोइकोनॉमिक फैक्टर्स ने हाई-वोलैटिलिटी एसेट्स को भारी नुकसान पहुंचाया।

## शेयर बाजार भी धड़ाम, निवेशकों के डूबे 3.5 लाख करोड़



भारतीय शेयर बाजारों में शुक्रवार को एक बार फिर बड़ी गिरावट देखने को मिली। लगातार दो दिनों की तेजी के बाद बाजार कमजोर ग्लोबल संकेतों और बढ़ती अनिश्चितताओं के चलते फिसल गया। शुरुआती कारोबार से ही बिकवाली हावी रही। यह गिरावट ऐसे समय आई है, जब सिर्फ एक दिन पहले बाजार ने अपने एक साल का उच्चतम स्तर छुआ था। सेंसेक्स 400.76 अंक टूटकर 85,231.92 पर पहुंच गया। निफ्टी भी 124.00 अंक गिरकर 26,068.15 पर बंद हुआ। निफ्टी के टॉप लूजर्स में हिंडाल्को, टाटा स्टील और अडानी पोर्ट शामिल रहे, जिनमें सबसे ज्यादा कमजोरी दर्ज की गई। एशियाई बाजारों में भारी गिरावट रही। कोरिया का कोस्पी 3 प्रतिशत से ज्यादा टूटा, जापान का निक्केई 2 प्रतिशत गिरा, जबकि शंघाई और हांगकांग बाजार भी नीचे रहे। अमेरिकी बाजारों में भी मंदी दिखी - नैस्डेक 2.15 प्रतिशत, एसएंडपी 500 1.56 प्रतिशत और डॉव 0.84 प्रतिशत गिरा। डॉलर की मजबूती और येन की कमजोरी ने भी ग्लोबल सेंटीमेंट को कमजोर किया। अमेरिका के मजबूत रोजगार आंकड़ों ने फेड की संभावित रेट-कट की उम्मीदों को कमजोर कर दिया। फेड गवर्नर लीजा कुक ने भी रेट-कट का कोई संकेत नहीं दिया, बल्कि प्राइवेट क्रेडिट और हेज फंड रिस्क पर बात की। इससे उभरते बाजारों (इमर्जिंग मार्केट्स) में निवेशकों का भरोसा कमजोर पड़ा। अमेरिकी टेक शेयरों की जबरदस्त गिरावट का असर भारतीय आईटी कंपनियों पर भी पड़ा। एनवीडिया के अच्छे नतीजों के बावजूद अमेरिकी टेक सेक्टर में भारी सेलिंग हुई, जिससे घरेलू आईटी शेयर भी दबाव में आ गए।

# डॉलर के मुकाबले रुपया पहली बार 89.48 के निचले स्तर पर



82 पैसे तक टूटा

*नई दिल्ली। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया शुक्रवार को पहली बार 89 के स्तर से नीचे आ गया और कारोबार के दौरान यह 78 पैसे टूटकर 89.46 पर था। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपए में आई यह गिरावट तीन महीने में सबसे बड़ी है। घरेलू और वैश्विक शेयर बाजारों से मिले नकारात्मक संकेतों के चलते रुपया कमजोर हुआ।*

अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 88.67 पर खुला और कारोबार के दौरान यह 82 पैसे टूटकर अपने अब तक के सबसे निचले स्तर 89.50 पर आ गया। खबर लिखे जाने तक रुपया 89.40 पर था। रुपया गुरुवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 20 पैसे गिरकर 88.68 पर बंद हुआ था। इससे पहले 30 सितंबर को रुपए ने कारोबार के दौरान 88.85 का अपना रिकॉर्ड निचला स्तर बनाया था।

बंद भाव की बात करें तो रुपया 14 अक्टूबर को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 88.81 के रिकॉर्ड निचले स्तर पर था। इससे पहले 30 जुलाई को भारतीय मुद्रा में एक दिन की सबसे बड़ी गिरावट देखी गई थी, जब यह डॉलर के मुकाबले 89 पैसे टूट गई थी। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.04 प्रतिशत बढ़कर 100.05 पर था।

## ट्रम्प ने ब्राजील से आने वाली कॉफी, फलों पर शुल्क में दी ढील



*नई दिल्ली। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अपने देशवासियों के लिए उपभोक्ता लागत कम करने के प्रयास के तहत ब्राजील के उत्पादों पर लगाए गए शुल्क में और ढील दी है। इस फैसले का असर कॉफी, फलों और 'बीफ' (गोवंश के पशुओं का मांस) सहित कई अन्य वस्तुओं पर पड़ेगा।*

अमेरिका के राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय 'व्हाइट हाउस' ने पिछले सप्ताह कहा था कि ट्रम्प अप्रैल में घोषित कुछ शुल्क को वापस ले रहे हैं। ब्राजील का हालांकि कहना है कि इससे उन शुल्क पर कोई असर नहीं पड़ा है, जिन्हें ट्रम्प ने जुलाई में अपने राजनीतिक सहयोगी, पूर्व राष्ट्रपति जायर बोल्सोनारो के खिलाफ की गई कानूनी कार्रवाई के जवाब में दंडस्वरूप लगाया था। ट्रम्प और ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा व्यापार को लेकर बातचीत कर रहे हैं, जिससे शुल्कों में और कमी आने की संभावना है।

## विदेशी मुद्रा भंडार 5.5 अरब डॉलर बढ़कर 692.5 अरब पर

*नई दिल्ली। भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 14 नवंबर को समाप्त सप्ताह के दौरान 5.543 अरब डॉलर बढ़कर 692.576 अरब डॉलर रह गया। पिछले रिपोर्टिंग सप्ताह में समग्र भंडार 2.699 अरब डॉलर घटकर 687.034 अरब डॉलर हो गया था। नवीनतम आंकड़ों के अनुसार विदेशी मुद्रा भंडार का एक प्रमुख घटक, विदेशी मुद्रा आस्तियां 152 मिलियन डॉलर बढ़कर 562.29 अरब डॉलर रह गईं। विदेशी मुद्रा आस्तियों में डॉलर के मुकाबले यूरो, पाउंड और येन जैसी अन्य मुद्राओं के उतार-चढ़ाव का भी असर शामिल होता है।*

**स्वर्ण भंडार बढ़कर 106.857 अरब डॉलर** - आरबीआई ने कहा कि सप्ताह के दौरान स्वर्ण भंडार का मूल्य 5.327 अरब डॉलर बढ़कर 106.857 अरब डॉलर हो गया। शीर्ष बैंक ने कहा कि स्पेशल ड्रॉइंग राइट्स (एसडीआर) 56 मिलियन डॉलर बढ़कर 18.65 अरब डॉलर हो गए। इसके अलावा अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) में भारत की आरक्षित स्थिति 80 लाख डॉलर बढ़कर 4.779 अरब डॉलर रह गई।

## जल्द बैंक अकाउंट डिटेल नहीं दी...तो सस्पेंड हो जाएगा जीएसटी रजिस्ट्रेशन



*नई दिल्ली। जीएसटीएन ने नई एडवाइजरी जारी करते हुए साफ कर दिया है कि जीएसटी पोर्टल पर रूल 10 से जुड़े बदलाव अब जल्द लागू होने वाले हैं। इन बदलावों का सीधा असर उन हजारों कारोबारियों पर पड़ेगा, जिन्होंने अभी तक अपने बैंक अकाउंट की जानकारी पोर्टल पर अपडेट नहीं की है। नया सिस्टम एक्टिव होने के बाद जिन करदाताओं की बैंक डिटेल अपडेट नहीं होगी, उनका जीएसटी रजिस्ट्रेशन अपने-आप सस्पेंड हो जाएगा। रजिस्ट्रेशन सस्पेंड होने पर इनवॉइस बनाना और टैक्स फाइल करना दोनों रुक जाएंगे, जिससे व्यापार ठप पड़ सकता है।*

**क्या है नया नियम?-** रूल 10 के अनुसार, जीएसटी रजिस्ट्रेशन मिलने के 30 दिनों के भीतर हर करदाता को अपनी बैंक अकाउंट डिटेल्स पोर्टल पर दर्ज करनी होती है। अगर कोई करदाता ऐसा नहीं करता या जीएसटीआर-1/आईएफएफ फाइलिंग से पहले यह प्रक्रिया पूरी नहीं करता है तो सिस्टम उसके रजिस्ट्रेशन को सस्पेंशन की स्थिति में डाल देगा। यह नियम टीडीएस, टीसीएस और उन मामलों पर लागू नहीं होता, जहां अधिकारी खुद रजिस्ट्रेशन जारी करते हैं।

जीएसटीएन ने सभी कारोबारियों से आग्रह किया है कि वे जल्द से जल्द पोर्टल पर नॉन-कोर अमेंडमेंट के जरिए अपनी बैंक डिटेल्स अपडेट कर लें। ऐसा न करने पर नए सिस्टम के लागू होते ही व्यवसाय से जुड़ी कई जरूरी प्रक्रियाएं बाधित हो सकती हैं।

## खाद्यान्न उत्पादन 2024-25 में 8 प्रतिशत बढ़कर 35.77 करोड़ टन पर : सरकारी आंकड़ा



*नई दिल्ली। देश में खाद्यान्न उत्पादन फसल वर्ष 2024-25 में 8 प्रतिशत बढ़कर रिकॉर्ड 35.77 करोड़ टन हो गया। गुरुवार को जारी सरकारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। फसल वर्ष 2023-24 (जुलाई-जून) में खाद्यान्न उत्पादन 33.23 करोड़ टन रहा था। फसल वर्ष 2024-25 के लिए खाद्यान्न उत्पादन के अंतिम अनुमान जारी करते हुए केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि रिकॉर्ड खाद्यान्न उत्पादन किसानों के प्रयासों और उच्च न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) और खरीद सहित सरकारी नीतियों का नतीजा है।*

अंतिम अनुमान के अनुसार, 2024-25 में गेहूं का उत्पादन रिकॉर्ड 11.79 करोड़ टन रहा, जबकि पिछले वर्ष यह 11.33 करोड़ टन था। चावल का उत्पादन 2024-25 में बढ़कर रिकॉर्ड 15.02 करोड़ टन हो गया। एक साल पहले 2023-24 में यह 13.78 करोड़ टन था। मोटे अनाज का उत्पादन भी 5.69 करोड़ टन से बढ़कर 6.39 करोड़ टन हो गया। दालों का उत्पादन बढ़कर 2.57 करोड़ टन हो गया जो 2023-24 में 2.42 करोड़ टन था। गैर-खाद्यान्न श्रेणी में, तिलहनों का उत्पादन 3.97 करोड़ टन से बढ़कर 4.30 करोड़ टन हो गया।

नकदी फसलों में, गन्ने का उत्पादन 45.46 करोड़ टन रहा, जो एक साल पहले 2023-24 में 45.31 करोड़ टन था। हालांकि, कपास का उत्पादन फसल वर्ष 2024-25 में घटकर 2.97 करोड़ गांठ (एक गांठ बराबर 170 किलोग्राम) रहा, जबकि पिछले वर्ष यह 3.25 करोड़ गांठ था। चौहान ने कहा कि पिछले दस वर्षों में देश का खाद्यान्न उत्पादन बढ़कर 2024-25 में 35.77 करोड़ टन हो गया, जो 2015-16 में 25.15 करोड़ टन था। मंत्री ने अंतिम अनुमान जारी करने के बाद, भविष्य की रणनीतियों पर वरिष्ठ अधिकारियों के साथ विचार-विमर्श किया।

## अनाज भंडारण सेक्टर में बड़े मौके, 2030 तक होगी 690 लाख टन वेयर हाउसिंग की कमी

*नई दिल्ली। भारत में कृषि वेयरहाउसिंग में उद्योग के लिए काफी संभावनाएं नजर आ रही हैं, क्योंकि इस क्षेत्र में भंडारण क्षमता में काफी कमी है। अगले कुछ सालों में अनाज उत्पादन भी बढ़ने का अनुमान है। ऐसे में यह कमी और बढ़ सकती है। ऐसे में भंडारण क्षमता बढ़ाने के लिए उद्योग को बड़े निवेश की जरूरत है। वर्ष 2024-25 में रिकॉर्ड 35.4 करोड़ टन अनाज उत्पादन हुआ। इसके 2030-31 तक बढ़कर लगभग 36.8 करोड़ टन होने का अनुमान है।*

**अगले 5 साल में कितनी होगी भंडारण क्षमता में कमी?-** उद्योग संगठन पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्री (पीएचडीसीसीआई) ने गुरुवार को एग्रीकल्चर वेयरहाउस मार्केट इन इंडिया 2025-2030 विषय पर एक पैनल चर्चा कर रिपोर्ट जारी की। इस रिपोर्ट में बताया गया है कि भारत में तेजी से बढ़ते अनाज उत्पादन ने 2030 तक भंडारण में 690 लाख टन की कमी पैदा कर दी है, जिसके लिए तुरंत राष्ट्रीय स्तर पर निवेश की जरूरत है। हालांकि इस क्षेत्र में निजी उद्यमी गारंटी (पीईजी), कृषि अवसंरचना कोष (एआईएफ) और पीपीपी साइलो प्रोजेक्ट्स जैसी सरकारी स्कीमों ने नीतिगत माहौल को मजबूत किया है, लेकिन अनुबंधों, भूमि उपलब्धता और वित्तपोषण में आगे के सुधार से निजी निवेश के नए द्वार खुलेंगे। नीति आयोग के सदस्य प्रो. रमेश चंद ने बताया कि पीएचडीसीसी की रिपोर्ट में वेयरहाउस की क्वांटिटी और क्वालिटी के मुद्दों को ठीक से बताया गया है और कृषि वेयर हाउसिंग के सभी पहलुओं में एक कॉमन बात रखी गई है।

उन्होंने पीएचडीसीसीआई से कहा कि वह भारत की कृषि के वेयरहाउसिंग पहलुओं को पूरा करने के लिए कोल्ड स्टोरेज पर एक और विश्लेषणात्मक रिपोर्ट बनाए और इस सेक्टर के मुद्दों पर विस्तार से चर्चा करने और सरकार के संबंधित मंत्रालय के साथ सिफारिशें साझा करने के लिए नीति आयोग भारत सरकार के साथ मिलकर एक कार्यशाला आयोजित करे।

# सोने की कीमत दबाव में, क्या और टूटेगा?



**नई दिल्ली।** इस समय सोने की कीमत दबाव में है और इसकी सबसे बड़ी वजह यह है कि अब लोगों को भरोसा नहीं रहा कि अमेरिका दिसंबर में ब्याज दरें कम करेगा। पहले उम्मीद थी कि दरें घटेंगी, जिससे सोने को फायदा मिलता, लेकिन अब यह उम्मीद कम हो गई है और इसका सीधा असर सोने पर पड़ रहा है। 20 नवंबर को सोना 4038 से 4110 के बीच ऊपर-नीचे होता रहा। भारत में भी सोना सस्ता हुआ और एमसीएक्स पर दिसंबर वायदा 1,22,292 पर था, जो लगभग 0.62 प्रतिशत नीचे था। मजे की बात यह है कि इससे एक हफ्ता पहले, 14 नवंबर तक, सोने में 2 प्रतिशत की बढ़त हुई थी, क्योंकि उससे पहले तीन हफ्ते लगातार गिरावट आई थी। लेकिन अब अमेरिका से आए नए आर्थिक आंकड़ों ने सोने को फिर से नीचे धकेल दिया है और इसलिए सोने की कीमत फिलहाल दबाव में चल रही है।

**अमेरिका के मजबूत रोजगार आंकड़ों का सोने पर क्या असर पड़ा?-** अमेरिका के नए आर्थिक आंकड़ों ने बाजारों को चौंका दिया है। सितंबर के नॉन-फार्म पे-रोल आंकड़े बताते हैं कि अमेरिका में 1,19,000 नई नौकरियां जोड़ीं, जबकि अनुमान सिर्फ 50 हजार का था। प्राइवेट सेक्टर में भी हालत अच्छी रही और 97 हजार नौकरियां बढ़ीं। लेकिन मैन्युफैक्चरिंग में लगातार पांचवें महीने 6 हजार नौकरियां कम हो गईं। बेरोजगारी दर भी बढ़कर 4.44 प्रतिशत हो गई, जबकि लेबर पार्टिसिपेशन रेट 62.4 प्रतिशत तक बढ़ा। लोगों की कमाई भी बहुत ज्यादा नहीं बढ़ी, महीने में सिर्फ 0.2 प्रतिशत और साल में 3.8 प्रतिशत बढ़ी। इन सारे आंकड़ों से साफ लगता है कि अमेरिका की अर्थव्यवस्था अभी भी मजबूत है, जिससे यह उम्मीद कमजोर हुई है कि फेडरल रिजर्व जल्द दरें घटाएगा। यही बात सोने को नीचे धकेल रही है।

### दिसंबर में फेड रेट कट की उम्मीदें क्यों घट गईं?

दिसंबर में ब्याज दरों में कटौती की संभावना अब सिर्फ 34 प्रतिशत रह गई है, जबकि 29 अक्टूबर की एफओएमसी बैठक से पहले यह संभावना 90 प्रतिशत तक थी। एफओएमसी मिनट्स भी दिखाते हैं कि नीति-निर्माता दिसंबर कट को लेकर सहमत नहीं हैं। कई फेड अधिकारी साफतौर पर कह चुके हैं कि महंगाई दर अभी भी ऊंची है और उसे देखते हुए दरें घटाना जल्दबाजी होगी। यह स्थिति सोने पर निकट अवधि के लिए दबाव बनाए रख सकती है।


### मुद्रा बाजार

**रुपया के मुकाबले अन्य मुद्राएं**

| मुद्रा | रुपया |
| --- | --- |
| एक अमेरिकी डॉलर | 89. 48 |
| एक यूरो | 102. 85 |
| एक ब्रिटिश पाउंड | 117. 73 |
| एक आस्ट्रेलियन डॉलर | 57. 26 |
| एक जापानी येन | 0· 57 |

**परफेक्ट हैचरीज एंड पोल्ट्री प्रोडेक्ट इंडिया प्रा. लि.**

864 मारुति शोरूम के सामने
फोन- 2412223,9329428085
जिंदा बायलर्स बड़ा- फार्म रेट 120 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स मीडियम- फार्म रेट 130 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स छोटा- फार्म रेट-140 नेट प्रति किलो
जिंदा मुर्गी लेयर कल्स -74 नेट प्रति किलो
जिंदा काकरेल-मुर्गा- 180 रु. प्रति किलो

### सराफा बाजार

**दुल्हन श्री आभूषण**
कमानिया गेट, सराफा बाजार-
मो. 9425860998,9826307100
सोना बुलियन (प्रति 10 ग्राम) फाइन भाव-125100 चांदी -157650

**सोहन लाल एण्ड संस**
रसल चौक फोन- 9425156095
सोना बुलियन (प्रति 10 ग्राम) फाइन भाव-125100 चांदी -157650

### दाल- चावल भाव

**महावर ट्रेडिंग कंपनी, गांधीगंज**
फोन- 4067270, 9826035338

**प्रति क्विंटल-** राहर दाल एवरेज 8500-9000, मीडियम बोल्ड 10000-10500, फाइन 110000-11500, एकस्ट्रा बोल्ड 11800-12000, चना दाल एवरेज 6900-7100 चना दाल मार्का 7200-7500, मसूर दाल एवरेज 7400-7600, मसूर दाल फाइन 7800-8000, उड़द छिलका 8000-8500, फाइन 8500-9000, उड़द धुली 9500-10000, फाइन 10500-11000, मूंग दाल छिलका 9500-10000, मूंग दाल फाइन 10000-10500, मूंगदाल धुली 10000- 10500, फाइन 10500-11000। चावल - पुराना चावल सरना चालू 3200-3400, बेस्ट 3400-3600, बीपीटी चालू 3800-4200,फाइन 4500-4800,एचएमटी-4800-5200 फाइन-5500-5600 दुबराज भाटापारा 4800-5000, जेजेएल चालू 4500-5000, फाइन 5500-5800, बासमती कनकी चालू 3000-3200, बासमती कनकी मीडियम 3600-3800, बेस्ट 4000-4200, मोगरा- 4500-5000, दुबार- 5000-5500, तिबार- 6000-7000, बासमती 6500-7500, बेस्ट 10000-11000 पोहा- 4200-4500, फाइन 4800-5000, मुरमुरा- 5800-6000, फाइन- 8000-8500 रु., लाई-6300-6500 रु.।

### लोहा भाव

**अग्रवाल आयरन ट्रेडर्स**
शास्त्री-ब्रिज 4004070, 2402070
भाव प्रति क्विं.- 6 एम एम 5800, 8 एम एम 5580, 10 एम एम 54 60,12 एम एम, 5400 एवं 16 एम 54 00 रु.। तार- 75 रु. किलो।

**देशबन्धु**
ग्राहक सेवा

**नशा मुक्त भारत अभियान**

'रॉक बॉटम'

वह स्थिति होती है जब कोई व्यक्ति अपनी लत (शराब, नशा, जुआ, खाना आदि) में अपने जीवन के सबसे निचले स्तर पर पहुँच जाता है। यह स्थिति किसी जीवन-परिवर्तन कारी घटना के कारण हो सकती है — जैसे कि बच्चे की कस्टडी खो देना, जेल जाना, या कोई ऐसा अनुभव जो व्यक्ति को झकझोर दे।

रवीन्द्र अवस्थी
मोबा. 9589534550

100 प्रतिशत गारन्टेड इलाज
क्या आपको गुप्त रोग है। अंडकोष, बवासीर, सेक्स से संबंधित रोगों के स्थायी इलाज के लिए मिलें
बिना ऑपरेशन
डॉ. विश्वास
राइट टाउन, प्रेम मंदिर, होटल पंकज पेलेश के पीछे
मो: 9827042596

नोट- पाठकों को सूचना दी जाती है कि किसी भी विज्ञापन पर कार्यवाही जैसे पैसा भेजना, कोई खर्च करना या प्रकाशित विज्ञापन के विश्वास पर किसी प्रकार संबंध बनाना आदि करने से पूर्व आवश्यक/संपूर्ण जानकारी कर लेवें। देशबन्धु यह भी घोषित करता है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले किसी भी राजनैतिक, सामाजिक अथवा अन्य प्रकार के विज्ञापनों से देशबन्धु का कोई सरोकार नहीं है। अतः विज्ञापनदाता द्वारा जारी किये गये किसी भी प्रकार के दावे/ प्रस्तुतिकरण के लिये जिम्मेदार नहीं हैं।


प्रकाशक-गिरिराज चाचा, मुद्रक-मोहन सुरजन द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लिमि. के लिये देशबन्धु कॉम्पलेक्स नौदराब्रिज जबलपुर से प्रकाशित एवं श्रीजी प्रिंटर्स से मुद्रित, सम्पादक-अशोक मिश्रा, * ( * पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार)
फोन संपादकीय-4006577 व्यवस्था - 4085031, 4085679, 2626244 आर.एन.आई. पंजी. क्रमांक 38276/71 डाक पंजीयन क्रमांक-एसएसपी जबलपुर /04/2020-2022 E mail- Jabdesh1@yahoo.com

# कृषि उपज मंडी लूट कांड : दो सगे भाईयों ने लूटे थे 19 लाख

## पिता, दादी का इलाज और कर्ज चुकाने दिया वारदात को अंजाम

**जबलपुर, देशबन्धु।** विजय नगर थाना अंतर्गत बुधवार को अनाज कारोबारी सतीश केसरवानी के मुनिम विकास साहू को सिर में रॉड मारते हुये उससे 19 लाख रूपये लूटने वाले एक्सिस सवार लुटेरों को पुलिस और क्राइम ब्रांच ने पकड़ लिया है। बताया जा रहा है कि दोनों ही आरोपी सगे भाई हैं।

पुलिस की प्राथमिक पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि आर्थिक तंगी, कर्ज, पिता-दादी की बीमारी और बहन की शादी के लिए योजनाबद्ध तरीके से लूट की वारदात को अंजाम दिया है।

**वारदात का कारण सुन पुलिस भी हैरान**- विजय नगर पुलिस ने बताया कि ग्रीन सिटी गोल्डन टाउन के समीप रहने वाला राहुल मनवानी 23 साल अपने छोटे भाई सहित दादी जो मानसिक रूप से कमजोर हैं, पिता हार्ट पेशेंट, बीमार मां और बहन के साथ रहता है।

बताया गया है कि 5-6 साल पहले पूरा परिवार सिंगरौली से जबलपुर आया है। राहुल मनवानी का कहना है कि सिंगरौली में उसके करीबी ने उनकी जमीन पर कब्जा कर लिया था। जबलपुर आने के बाद रजिस्टर मैन्यूफैक्चिरिंग का काम चालू किया, जिसमें घाटा हुआ और कर्ज हो गया। आर्थिक तंगी होने से दादी, माता-पिता की दवाई कराने, दूध का बिल देने और छोटे भाई की फीस देने के लिए तक रुपए नहीं थे। सिर पर बहुत ज्यादा कर्ज हो गया था, बहन की शादी भी करनी थी। राहुल ने पुलिस को बताया कि कुछ दिन पहले ही छोटे भाई की फीस न देने के कारण उसे भी कॉलेज से निकाल दिया गया था।



### बैंक में रचा लूट का षडयंत्र

बताया जाता है कि कुछ दिन पहले आरोपी राहुल मनवानी किसी कार्य से बैंक गया था। राहुल ने वहां मुनीम विकास साहू को देखा और उसके दिमाग में लूट की बात उपजी। राहुल ने रेकी करने के बाद मुनीम को लूटने की पूरी रूपरेखा तैयार किया और वारदात में सहयोग के लिए अपने छोटे भाई को शामिल कर लिया। राहुल की प्लानिंग कारगर रही और उसने 19 लाख रूपए लूट लिए।

### आरोपियों से 8 लाख रुपए बरामद

पुलिस ने पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से 8 लाख रुपए नगद जप्त किए हैं। राहुल ने बताया कि उसने वारदात को अंजाम देने के बाद ही तय किया था कि शहर छोड़कर कहीं नहीं जाएंगे। राहुल ने लूट की रकम में से बहन की शादी के लिए 3 लाख 50 हजार रूपए के जेवर सराफा से खरीदे हैं। दूध वाले का पूरा बिल चुकाया, दवाईयों का बकाया बिल और किराना सहित अन्य उधारी चुका दी।

### यह है पूरा मामला

कृषि उपज मंडी के समीप स्कूटी सवार 2 नकाबपोश लुटेरों ने अनाज व्यापारी सतीश केसरवानी की कृषि उपज मंडी में दुकान है। बुधवार दोपहर उनका मुनीम विकास साहू बैंक से 19 लाख रुपए निकालने के बाद बाइक में सवार होकर दुकान लौट रहा था। कृषि उपज मंडी के गेट नंबर 1 के समीप पहुंचने पर एक नकाबपोश युवक ने उसके सिर पर रॉड से हमला कर दिया और रुपए से भरा बैग लेकर साथी के साथ एक्टिवा में सवार होकर फरार हो गया था। वारदात की जानकारी मिलने पर एएसपी आयुष गुप्ता विजय नगर थाना पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे थे।

# 'हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट' नहीं तो घर पहुंचेगा चालान, जनवरी से लागू होगा नियम

## परिवहन विभाग, टोल प्लाजा में लगे सीसीटीवी कैमरों को पोर्टल से कर रहा लिंक

**जबलपुर, देशबन्धु।** जबलपुर जिले से गुजरने वाले नेशनल हाईवे पर भी हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट (एचएसआरपी) न होने पर सीधे ई-चालान जारी किया जाएगा। परिवहन विभाग टोल प्लाजा में लगे सीसीटीवी कैमरों को अपने पोर्टल से लिंक कर रहा है। नई व्यवस्था जनवरी से लागू होने की संभावना है। इसका उद्देश्य है कि सभी वाहनों में एचएसआरपी अनिवार्य रूप से लगाई जाए।

जानकारी के अनुसार सभी टोल प्लाजा पर 24 घंटे सीसीटीवी चल रहे हैं। इन्हें पोर्टल से जोड़ने पर वाहन का नंबर प्लेट सीधे स्कैन होगा। यदि नंबर प्लेट मानक के अनुरूप नहीं है या वाहन पर एचएसआरपी नहीं लगी है, तो सिस्टम तुरंत ही गाड़ी मालिक को ई-चालान भेज देगा।

अप्रैल 2019 से नए बिकने वाले सभी वाहनों पर हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाना अनिवार्य है। पुराने (2019 से पहले रजिस्टर्ड) वाहनों के लिए भी एचएसआरपी लगवाना जरूरी किया गया है। इसके बावजूद इसकी गति धीमी है।




### नंबर प्लेट लगान दिसंबर तक का समय

परिवहन विभाग ने वाहन मालिकों को दिसंबर तक का समय दिया है। इसके बाद बिना एचएसआरपी वाले वाहनों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी और चालान की राशि भी बढ़ाई जाएगी।

### पोर्टल पर तत्काल खुलेगा वाहन का डेटा

टोल प्लाजा के सीसीटीवी कैमरे परिवहन विभाग के पोर्टल से जुड़े। गाड़ियों के गुजरने के समय हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट को तुरंत स्कैन किया जाएगा। जिसमें पोर्टल पर तुरंत पूरा रिकॉर्ड खुलकर आ जाएगा। एचएसआरपी न होने या अन्य कमियों पर तत्काल ई-चालान जारी कर दिया जाएगा।

# दुधवा खारा स्टेशन पर बन रहा सब-वे, पमरे की कई ट्रेनें प्रभावित

**जबलपुर, देशबन्धु।** उत्तर पश्चिम रेलवे के दुधवा खारा स्टेशन पर अधोसंरचनात्मक कार्य के अन्तर्गत सबवे का कार्य प्रगति पर है। जिसके अंतर्गत बीकानेर मंडल के चूरू-सादुलपुर रेलखण्ड में दुधवाखारा स्टेशन पर ट्रैफिक कम पॉवर ब्लॉक के कारण जिसके चलते रेल यातायात प्रभावित रहेगा।

इस कार्य के चलते पश्चिम मध्य रेल की गाड़ी संख्या 19813 कोटा-सिरसा एक्सप्रेस 4 , 6 और 8 दिसंबर को कोटा स्टेशन से चलने वाली ट्रेन अपने निर्धारित मार्ग के बजाय परिवर्तित मार्ग वाया सिकर-लुहारू-सादुलपुर होकर संचालित होगी। परिवर्तित मार्ग में इस रेलसेवा को नवलगढ़, डूंडलोड मुकुंदगढ़, झुंझुनू, चिड़ावा, सूरजगढ़ और लुहारू स्टेशनों पर ठहराव दिए जाएंगे।

# इंदौर-नागपुर वंदेभारत में बढ़े आठ कोच



**जबलपुर, देशबन्धु।** पश्चिम मध्य रेल से गुजरने वाली इंदौर-नागपुर (वाया भोपाल) वन्दे भारत ट्रेन में 8 कार रैक स्थायी रूप से वृद्धि करने का निर्णय लिया गया है। पमरे प्रशासन के आधिकारिक सूत्रों के अनुसार कि इन कोचों की वृद्धि के बाद इस ट्रेन में अब कुल 16 कार रैक स्थाई कोच हो गये है। इंदौर स्टेशन से प्रारम्भ होने वाली ट्रेन में 24 नवम्बर से और नागपुर से प्रारम्भ होने वाली ट्रेन में 24 नवम्बर से इस सुविधा का लाभ मिलेगा।

20911 इंदौर-नागपुर वन्दे भारत ट्रेन सुबह 6:10 बजे इंदौर से प्रस्थान कर भोपाल स्टेशन पर 9:10 बजे, नर्मदापुरम 10:22 बजे, इटारसी 10:45 बजे पहुंचकर और उसी दिन दोपहर 14:35 बजे नागपुर स्टेशन पर पहुंचती है।

20912 नागपुर-इंदौर वन्दे भारत ट्रेन दोपहर 15:20 बजे नागपुर से प्रस्थान कर इटारसी 19 बजे, नर्मदापुरम 19:22 बजे, भोपाल स्टेशन पर 20:38 बजे पहुंचकर और उसी दिन रात्रि 23:50 बजे इंदौर स्टेशन पर पहुंचती है।

# जबलपुर का पारा बढ़ा, पचमढ़ी में 5.8 डिग्री पहुंचा

## प्रदेश के कई जिलों में चल रही शीतलहर



**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रदेश में सर्दी लगातार तीखी होती जा रही है। गुरुवार-शुक्रवार की दरमियानी रात प्रदेश के एकमात्र हिल स्टेशन पचमढ़ी में तापमान गिरकर 5.8 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जो इस सीजन का अब तक का सबसे कम पारा है। नर्मदापुरम में घना कोहरा छाया रहा और दृश्यता 500 से 1000 मीटर के बीच दर्ज की गई। भोपाल और इंदौर में भी रात का तापमान 10 डिग्री से नीचे बना हुआ है। मौसम विज्ञानियों के अनुसार, रात में भोपाल में तापमान 9.6 डिग्री, इंदौर में 8.4 डिग्री, ग्वालियर में 12.8 डिग्री, उज्जैन में 11.5 डिग्री और जबलपुर में 11.1 डिग्री सेल्सियस रहा। इसके अलावा नौगांव में 8.5 डिग्री, खरगोन में 8.8 डिग्री, नरसिंहपुर में 9 डिग्री और खंडवा में 9.4 डिग्री तापमान दर्ज किया गया। ज्यादातर जिलों में ठंड का असर और बढ़ गया है।

**दस दिनों से शीतलहर की स्थिति बनी**- 6 नवंबर से ही प्रदेश में तेज ठंड का दौर शुरू हो गया था। खासकर मालवा-निमाड़ क्षेत्र में तापमान लगातार नीचे जा रहा है। राजधानी भोपाल में पिछले दस दिनों से शीतलहर की स्थिति बनी हुई है और अगले दो दिन भी हालात ऐसे ही रहने की उम्मीद है। मौसम विज्ञान विभाग ने शुक्रवार के लिए इंदौर, भोपाल, राजगढ़, सीहोर और शाजापुर में शीतलहर की चेतावनी जारी की है।

### नवंबर की शुरुआत से ही ठंड ने पकड़ा जोर

आमतौर पर नवंबर के दूसरे सप्ताह में सर्दी तेज होती है, लेकिन इस बार पहली ही तारीखों से पारा लगातार लुढ़क रहा है। भोपाल में नवंबर की ठंड ने 84 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया है, जबकि इंदौर में 25 साल बाद इतनी ठंडी रातें दर्ज की जा रही हैं। अगले दो दिन तक प्रदेश में शीतलहर का असर रहेगा, उसके बाद थोड़ी राहत की संभावना है।

### आज से सक्रिय होगा लो प्रेशर एरिया

22 नवंबर को दक्षिण-पूर्वी बंगाल की खाड़ी में एक निम्न दबाव तंत्र बनने की संभावना है। इससे पहले अगले 48 घंटों तक प्रदेश को कड़ी ठंड का सामना करना पड़ेगा। पिछले एक दशक में नवंबर में ठंड के साथ बरसात का ट्रेंड बना हुआ है।

## भूमि अधिग्रहण नियम में बड़ा बदलाव...

# खेतों से हाईटेंशन लाइन गुजरने पर किसानों को मिलेगा 200 प्रतिशत मुआवजा




**जबलपुर, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश सरकार ने किसानों के लिए एक महत्वपूर्ण फैसला लिया है। सरकार ने किसानों को बड़ी राहत देते हुए बिजली टावर स्थापना के बदले मिलने वाले मुआवजे को बढ़ाकर 200 प्रतिशत कर दिया गया है। बिजली की हाईटेंशन लाइनों और ट्रांसमिशन टावरों के कारण होने वाले भूमि अधिग्रहण विवादों को कम करने के उद्देश्य से सरकार ने मुआवजा दरों में बड़ा संशोधन किया है।

नई नीति के आते ही किसानों में संतोष देखने को मिल रहा है, क्योंकि अब उन्हें उनकी भूमि का वास्तविक और न्यायसंगत मूल्य मिलेगा। इससे किसानों को भूमि का उचित मूल्य मिलेगा और सरकारी परियोजनाओं में सहमति प्रक्रिया आसान होगी।

सरकार ने किसानों के हित में भूमि अधिग्रहण संबंधी नियमों में बड़ा बदलाव किया है। अब राज्य में 66 केवी या उससे अधिक क्षमता की हाईटेंशन लाइन खेतों के ऊपर से गुजरने पर किसानों को कलेक्टर गाइडलाइन के आधार पर 200 प्रतिशत क्षतिपूर्ति दी जाएगी। पहले यह मुआवजा सिर्फ 85 प्रतिशत था। सरकार का कहना है कि यह निर्णय बिजली आपूर्ति व्यवस्था को मजबूत करने, ट्रांसमिशन लाइन विस्तार में आने वाली रुकावटें दूर करने और किसानों को भूमि उपयोग का वास्तविक प्रतिफल देने के लिए लिया गया है।

### टावर स्थापना पर भी मिलेगा पूरा मुआवजा

राजस्व विभाग ने स्पष्ट किया है कि जहां-जहां ट्रांसमिशन टावर लगाए जाएंगे, वहां टावर के चारों लेग और अतिरिक्त एक-एक मीटर क्षेत्र का पूर्ण मुआवजा दिया जाएगा। हालांकि जमीन किसान के कब्जे में ही रहेगी। टावर लगने के बावजूद किसान उस खेत का उपयोग कर सकता है।

### ट्रांसमिशन लाइन के नीचे 30 प्रतिशत मुआवजा

आदेश के अनुसार, हाईटेंशन लाइन की रो (राइट ऑफ वे) के तहत आने वाले हिस्से के लिए कलेक्टर गाइडलाइन के 30 प्रतिशत के बराबर क्षतिपूर्ति दी जाएगी। इस क्षेत्र में कोई नया निर्माण करने की अनुमति नहीं होगी, ताकि सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित हो सके। जिला कलेक्टर भूमि के बाजार मूल्य और गाइडलाइन के आधार पर मुआवजा निर्धारित करेंगे।

# विवाह सीजन और कम आवक के चलते फूलों के भाव तीन गुना बढ़े

**जबलपुर, देशबन्धु।** एक तरफ उपभोक्ताओं को सब्जियों के ऊंचे दाम डरा रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ अब फूलों के दाम भी आसमान छू रहे हैं। फुटकर में फूलों के दाम तीन गुने तक बढ़ चुके हैं। व्यापारिक सूत्रों के मुताबिक, गेंदा के दाम, जो पिछले हफ्ते 30-40 रुपए किलो तक थे, वह अब बढ़कर 130-140 रुपए किलो की ऊंचाई पर पहुंच चुके हैं। इसी तरह, गुलाब के दाम 150 रुपए से बढ़कर 400 रुपए किलो पहुंच हो चुके हैं। इसके अलावा, रजनीगंधा की कीमतों में 100 रुपए किलो तक की तेजी आ चुकी है। वहीं, जासौन की कीमत भी 50 रुपए पैकेट बढ़ चुकी है। जानकारों का कहना है कि लग्नसरा सीजन के चलते फूलों की मांग अधिक है, जबकि उत्पादक क्षेत्रों से फूलों की आवक इन दिनों कमजोर है। दरअसल, पिछले दिनों हुई बेमौसम की बारिश से सब्जियों के साथ-साथ फूलों की फसल को भी नुकसान पहुंचा है। विशेषकर, फूलों की गुणवत्ता पर भी असर पड़ा है। वर्तमान में खासकर हल्की क्वालिटी यानी दागी गेंदा की आवक अधिक हो रही है, जिससे फुटकर कारोबारियों को फूल और माला बेचने में दिक्कतें आ रही हैं। फूलों के कारोबारियों का कहना है कि दिसंबर तक शादी-विवाह के चलते फूलों की कीमतों में नरमी की संभावना कम दिख रही है, लेकिन जनवरी माह में पूष माह के चलते फूलों की कीमतों में गिरावट देखने को मिल सकती है।



# 6 आयुर्वेदिक औषधियों के क्रय-विक्रय पर जबलपुर में प्रतिबंध

**जबलपुर, देशबन्धु।** जबलपुर कार्यालय जिला आयुष अधिकारी ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए 6 आयुर्वेदिक औषधियों के क्रय, विक्रय और उपयोग पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगा दिया गया है। ये औषधियां राज्य स्तरीय आयुर्वेद औषधि प्रयोगशाला, ग्वालियर की जांच में अमानक पायी गई हैं। संचालनालय आयुष भोपाल के निर्देशन में यह कार्यवाही की गई है। ड्रग्स एवं कॉस्मेटिक्स एक्ट, 1940 के नियम 33ईई के तहत इन औषधियों को मानव उपयोग के लिए असुरक्षित माना गया है।

जिला आयुष अधिकारी डॉ. सुलोचना सिंह चौहान ने जानकारी दी है कि प्रतिबंधित औषधियों में गिलोय सत्व और कामदुधा रस शामिल हैं। इसके अलावा, प्रवाल पिष्टी और मुक्ता शुक्ति पर भी प्रतिबंध लगाया गया है। वहीं कफ कुठार रस और लक्ष्मी विलास रस भी अमानक पाए गए हैं। साथ ही इनके क्रय-विक्रय पर रोक लगा दी गई है।

# कैबिनेट सचिव ने संविधान दिवस मनाने जारी किया पत्र

**जबलपुर, देशबन्धु।** भारत सरकार के कैबिनेट सचिव टीवी सोमनाथन ने सभी शासकीय अर्धशासकीय संस्थानों के संबधित अधिकारियों को अर्धशासकीय पत्र क्रमांक 701/2/2/ 2022-0 सीएव्ही/3/दिनांक 2 नवम्बर 2025 को पत्र लिखा है।

इस पत्र में उल्लेख किया गया है कि 26 नवम्बर को प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी संविधान दिवस मनाया जाए। इस संदर्भ में पमरे के महाप्रबंधक एवं मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय जबलपुर में संविधान दिवस 26 नवम्बर को महाप्रबंधक एवं मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय के प्रांगण में सुबह 11 बजे मनाया जाएगा।

इस अवसर पर संविधान के संबंध में रेलवे के शीर्ष अधिकारियों द्वारा जानकारी दी जाएगी। संविधान दिवस मनाने की तैयारियों को लेकर महाप्रबंधक मंडल रेल प्रबंधक कार्यालयों में तैयारियां की जा रही हैं।

# कुएं में मिला तीन दिन से लापता नाबालिग का शव

**अनूपपुर, देशबन्धु।** जिले के कोतमा थाना क्षेत्र में दो दिन से लापता 14 वर्षीय नाबालिग लड़की का शव शुक्रवार को उसके घर के पीछे बने कुएं में मिला है। लड़की 19 नवंबर से लापता थी, जिसकी गुमशुदगी की शिकायत थाने में दर्ज कराई गई थी।

पुलिस ने बताया कि शुक्रवार को सूचना मिली कि लापता 14 वर्षीय नाबालिग लड़की का शव घर के पीछे बने कुएं में मिला है। जिसके बाद शव को कुएं से बाहर निकाला कर परीक्षण उपरांत पोस्टमॉर्टम के लिए कोतमा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेज दिया गया है।

जानकारी के अनुसार, लामाटोला निवासी प्रभा द्विवेदी 19 नवंबर को अपने घर से लापता हो गई थी। परिजनों ने बताया कि मां द्वारा फोन चलाने से मना करने पर प्रभा नाराज होकर घर से चली गई थी। पुलिस ने इस मामले में मर्ग कायम कर की जांच शुरू कर दी है। लड़की की मौत के कारणों का पता पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चलेगा।

सोनू पोल्ट्री
बड़ा ब्रॉयलर - रु. 116
मीडियम ब्रॉयलर - रु. 126
छोटा ब्रॉयलर - रु. 136
मोबाइल नं. 9300692405

J.B.F.A.
जबलपुर बॉयलर फार्मस् एसोसियेशन
मुर्गा छोटा - रु. 140
मुर्गा मीडियम - रु. 130
मुर्गा बड़ा - रु. 120
मुर्गा जम्बो - रु. 120
मो.-9039925000, 9425800409

FOR PRIVATE SCREENING CALL +917999968989
FOR ONLINE BOOKING & OFFER BOOK FROM BOOKMYSHOW
CALL BOOKING 0761-4069888, 4069889
समदड़िया सिनेमा
BOOK YOUR TICKET & FOOD NO WhatsApp SAMDREEYACINEMA+917999968989
MASTIII 4
09:30AM 11:00AM 12:30PM 02:00PM 03:15PM 04:35PM 05:45PM 08:30PM 10:15PM 11:15PM
120 BAHADUR
09:30AM 11:15AM 01:45PM 04:15PM 05:15PM 07:20PM 08:45PM 10:30PM
DE DE PYAAR DE 2
09:15AM 02:30PM 04:30PM 07:55PM 11:15PM
SISU Road to Revenge
09:30AM 12:00PM 07:00PM
THAMMA
12:00PM

प्रवेश प्रारंभ
एम.जी.एम. स्कूल/कॉलेज ऑफ नर्सिंग, कटनी (म.प्र.)
फोरेस्टर प्लेग्राउंड के सामने, कटनी (म.प्र.) फोन: 07622- 405074, मो: 7771001902
Email- mgmnursingkte@gmail.com, Web: www.mgmhospitalkatni.com, Mob.: 7771001902
मान्यता प्राप्त- • मध्य प्रदेश नर्सेस रजिस्ट्रेशन काउंसिल, भोपाल (म.प्र.) • इंडियन नर्सिंग काउंसिल, नई दिल्ली • उच्च शिक्षा विभाग भोपाल से मान्यता प्राप्त
SC/ST/OBC छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति शासन द्वारा नियमानुसार प्रदान की जाती है।

| क्र. | पाठ्यक्रम | अवधि | शैक्षणिक अर्हता |
|---|---|---|---|
| 1 | जी.एन.एम. | 3 वर्ष | 12 वीं (सभी विषय) सीधे प्रवेश |

विशेषताएं एवं सुविधा
• छात्रावास एवं मेस (भोजन की सुविधा)
• अत्याधुनिक शिक्षा के माध्यम से स्मार्ट क्लासेस सर्व सुविधायुक्त लाइब्रेरी एवं प्रयोगशालाएँ कम्प्यूटर लैब सुविधा
• एम.जी.एम. अस्पताल एवं जिला अस्पताल, कटनी एवं मनोरोग चिकित्सालय इंदौर में प्रशिक्षण
• सी.सी.टीवी कैमरा युक्त कॉलेज परिसर